संसेक्स 72,790.13 ▼ -352.66
डॉलर 82.878 ▼ -0.004

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 26.0 |
| धनबाद | 30.0 | 19.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 20.0 | 30.0 |
| पलामू | 30.0 | 18.0 | 27.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 रांची, मंगलवार, 27 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-28, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय परीक्षाओं का मौसम है, पढ़ने के साथ ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
'लीकेज-घोटालों को रोकने से रेलवे के ... 12 देश-विदेश

### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,300

चांदी (1 किलो) 76,400

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# हंगामे व बायकाट के बीच अनुपूरक बजट पास

### आज सदन में पेश किया जाएगा सरकार का अंतिम फुल बजट

### सदन में गूंजा सीजीएल पेपर लीक का मामला सीबीआई जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास हो गया। इस दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। वहीं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मंगलवार को वर्तमान सरकार का अंतिम फुल बजट पेश करेंगे। अनुपूरक बजट पास होने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई । इसके पूर्व झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई । सत्र शुरू होते ही सदन में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंज उठा। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जोरदार हंगामा करने लगे और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करने लगे। इस बीच प्रश्नकाल में भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला उठाया। भाजपा विधायक ने कहा कि 25 से 30 लाख रुपये में पेपर बेचा गया। आयोग के अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया। यह पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली घटना है। आखिर इस मामले का किंग पिन कौन है, राज्य की जनता यह जानना चाहती है। सरकार इस मामले की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कर्ज व सूद के बोझ से जनता को निकालने का हर प्रयास कर रही राज्य सरकार



वित्त मंत्री वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने तृतीय अनुपूरक बजट पर बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों में जनता पर कर्ज का बोझ लाद दिया गया था, लेकिन मौजूदा सरकार इसे लगातार कम करने में लगी है। सरकार फिजूल खर्ची कम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने 11 से 12 प्रतिशत तक ब्याज पर कर्ज लिया था। लेकिन हमने बैंकों से प्री-रिपेमेंट के आधार पर लोन लिया। हम सूद का बोझ खत्म करना चाहते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि बार-बार कहा जा रहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की बजट राशि उम्मीद के मुताबिक खर्च नहीं हुई है लेकिन यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2024 तक बजट राशि में से 75 हजार 684 करोड़ रु. खर्च हो चुके हैं। राज्य सरकार सिर्फ राजस्व वसूली और खर्च ही नहीं कर रही बल्कि बुरे समय के लिए बचत भी कर रही है, सरकार ने अब तक 1600 करोड आरबीआई में जमा कर रखा है। जिसे जब चाहे निकल सकती है। वित्त मंत्री ने माना कि पूर्व में हुई गलतियों की वजह से करीब 10 हजार करोड़ का हिसाब नहीं मिल पा रहा है। उसपर सरकार का ध्यान है। इसी वजह से वर्तमान सरकार ने खर्च का ऑडिट कराना शुरू किया है ताकि यह पता चल सके कि वाकई प्लान पर खर्च हो रहा है या नहीं।

### विस में झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड की जीएसडीपी राष्ट्रीय लेखा के आधार पर 2011-12 में लगभग एक लाख 50 हजार करोड़ रुपये का था, जो 2018-19 में बढ़कर दो लाख 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और वर्तमान में 3 लाख 05 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। कोविड काल में ये आंकड़े गिर गया था। हालांकि, तब से राज्य की जीएसडीपी में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तमंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बताया कि वर्ष 2020-21 में झारखंड का देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत का योगदान था, जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 1.63 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2022-23 में इसमें मामूली गिरावट आई और यह आंकड़ा 1.62 प्रतिशत पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति के संदर्भ में झारखंड देश के सबसे कम प्रति व्यक्ति वाले राज्यों में से एक है। वर्ष 2000-01 में अस्तित्व में आने के साथ ही यह 28 राज्यों की सूची में 26वें स्थान पर था। केवल पड़ोसी राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश ही इससे नीचे था। विगत दो दशकों में भी स्थिति में व्यापक परिवर्तन नहीं आया। वर्ष 2021-22 में भी एक स्थान के मामूली सुधार के साथ झारखंड इस सूची में 25वें स्थान पर था। केवल बिहार, उत्तर प्रदेश और मणिपुर ही झारखंड से पीछे थे। इससे पहले झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को 11 बजकर 06 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

## एक नजर

### कुडू में उग्रवादियों ने की फायरिंग, जेसीबी ऑपरेटर को लगी गोली

**लोहरदगा।** कुडू में सोमवार को उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए जेसीबी के ऑपरेटर को गोली लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कुडू प्रखंड के ब्लॉक मोड़ में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क रोजगार योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार को वहां हथियार से लैस तीन उग्रवादी पहुंचे और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इस फायरिंग में जेसीबी ऑपरेटर धीरज कुमार सिंह के बाएं हाथ में गोली लगी है। जिसके बाद उसे लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि सड़क निर्माण के काम का ठेका चरण महादेव कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि तीन उग्रवादी पैदल निर्माण स्थल पर पहुंचे और जेसीबी को रुकवा कर फायरिंग की। जिससे ऑपरेटर धीरज कुमार सिंह के बाएं हाथ में गोली लग गई। इसके बाद वह जेसीबी स्टार्ट कर भागने लगे।

### धनबाद : सीआईएसएफ जवान ने की खुदकुशी

**धनबाद।** जिले के कोयला नगर में कार्यरत सीआईएसएफ जवान ने सोमवार को अपने आवास में फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना सरायढेला थाना क्षेत्र का है। मृत जवान डीके सरकार धनबाद के नूतनडीह, कृष्णा नगर में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। बताया जा रहा है कि डीके सरकार पिछले कुछ दिनों से मानसिक अवसाद से ग्रसित थे। घटना की सूचना पाकर सीआईएसएफ के कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज मामले की छानबीन में जुटी है।

## चाईबासा से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चाईबासा से कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। बाबूलाल मरांडी ने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति करती है। सबको साथ लेकर चलने की बात करने वाली पार्टी में केवल एक परिवार का कब्जा है। उन्होंने कहा कि वे वहां असहज हो रही थीं। उन्होंने कहा कि वे पीएम की कार्यशैली से प्रभावित हैं। भाजपा के नेतृत्व में ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। साथ ही कहा कि भाजपा से जुड़कर जनहित के काम करती रहूंगी। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत का संकल्प पूरा होता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं का सम्मान नहीं करती।

*(विस्तृत खबर पेज चार पर)*

# झारखंड के 27 स्टेशनों का होगा तेजी से पुनर्विकास

■ राज्य के 20 स्टेशनों पर आयोजित किए गए कार्यक्रम ■ नामकुम स्टेशन पर मौजूद रहे डीआरएम व सांसद

**आरएनएम। रांची/नई दिल्ली**

शहर के रेलवे स्टेशनों के दोनों किनारों को एक साथ मिलाकर 'शहर के केंद्र' के रूप में विकसित करने की महत्वकांक्षी योजना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रेलवे इंफ्रस्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने के एक बड़े अभियान की शुरूआत की। इसके तहत प्रधानमंत्री ने 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास किया जाएगा। इस दौरान रांची रेल मंडल की 27 परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। इसके लिए रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद संजय सेठ, सांसद महुआ मांझी, मंत्री दीपक बिरूवा, डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा समेत कई रेलवे अधिकारी मौजूद थे। पुनर्विकास के बाद स्टेशनों पर सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट समेत आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होगी।






### इन स्टेशनों के पुनर्विकास का हुआ है ऑनलाइन शिलान्यास

टाटानगर, चाईबासा, चक्रधरपुर, गम्हरिया, गोड्डा, जामताड़ा, दुमका, देवघर, डंगवापोसी, लोहरदगा, सीनी, विद्यासागर, बासुकिनाथ, बड़ाजामदा जंक्शन, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ कैंट, मूरी जंक्शन, सिल्ली, टाटीसिल्वे, नामकुम, ओरगा, गोविंदपुर रोड और शंकरपुर।

### इन स्टेशनों पर कार्यक्रम का आयोजन

महुआबुआंग, बानो, लोहरदगा, झालदा, तुलिन, मुरी, नामकुम, टाटीसिल्वे, सिल्ली, गंगाघाट, ओरगा, इटकी, अरगोड़ा, बालसिरिंग, लोधमा, रामगढ़, गोविंदपुर रोड, सुइसा, बकरकुदी, बकसपुर।

### पुनर्विकास के बाद मिलेंगी ये सुविधाएं

- वेटिंग रूम, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं मिलेंगी।
- स्टेशन सिटी सेंटर के रूप में विकसित होंगे।
- स्टेशनों पर रूफ प्लाजा बनेगा।
- लिफ्ट, एस्कलेटर, लाउंज की बेहतर व्यवस्था होगी।
- स्टेशन में फूड कोर्ट की सुविधा होगी।
- स्टेशन पर शॉपिंग जोन की व्यवस्था होगी।
- बच्चों के लिए खेलने की सुविधा भी होगी।
- प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग होंगे।
- बहुस्तरीय पार्किंग व्यवस्था बनेगी।

## हेमंत के सत्र में शामिल होने मामले में हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मामले में सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी कोर्ट की ओर से बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दिए जाने को हेमंत सोरेन की ओर से हाई कोर्ट में चुनौती दी गयी है। इससे पहले सोमवार को मामले में ईडी की ओर से जवाब दायर किया गया। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअल मोड में पक्ष रखते हुए कहा कि हेमंत सोरेन चार्जशीटेड नहीं हैं। वे चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं और झारखंड के पूर्व सीएम रह चुके हैं। सिब्बल ने कहा कि विधानसभा सत्र में भाग लेना उनका संवैधानिक अधिकार है। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में प्रतिदिन हरेक विभाग का मनी बिल पास होता है। इसलिए हेमंत सोरेन का सदन में रहना जरूरी है। यह बजट सत्र काफी छोटा है। वर्चुअल मोड में सुनवाई में भाग लेते हुए ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। इससे पहले ईडी की विशेष अदालत ने 22 फरवरी को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी थी और हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ हेमंत सोरेन की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी गई है। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद है। इससे पहले हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सदन की कार्यवाही में शामिल होने की एक दिन अनुमति ईडी की विशेष अदालत से मिली थी।

### भाकपा माओवादियों का पश्चिमी सिंहभूम में दो नक्सली कैंप ध्वस्त

**प.सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने भाकपा माओवादियों के दो नक्सली कैंप का ध्वस्त कर दिया। पुलिस सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ टोन्टो और जेटेया थाना क्षेत्र के झिरझोर एवं पोखरिया के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक कैंप को ध्वस्त किया गया। इस कैंप में लगभग 70 लोगों की रुकने की व्यवस्था थी तथा इसी क्षेत्र से एक पुराने अस्थायी नक्सली कैम्प में लगभग 30 लोगों की रुकने की व्यवस्था थी, जिसे सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त किया गया। साथ ही दोनों नक्सली कैम्प से दैनिक उपयोग एवं अन्य सामग्री बरामद की गयी है। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

## पद्मश्री से सम्मानित मशहूर गजल गायक पंकज उधास का निधन




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अपनी जादुई आवाज से लोगों का दिल जीतने वाले गायक पंकज उधास का निधन सोमवार को हो गया। वे 72 साल के थे। यह जानकारी उनके बेटी ने दी है। उन्होंने मुंबई के ब्रीचकैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। पंकज उधास के निधन से संगीत जगत में शोक छा गया है। फिल्म नाम में 'चिठ्ठी आई है...'गाना से पंकज उदास चर्चा में आए थे। "चांदी जैसा रंग हो तेरा सोने जैसा बाल.." गजल गाने वाले पंकज उधास की आवाज हमेशा के लिए शांत हो गई है।

पंकज की बेटी नायब उधास ने अपनी एक पोस्ट में लिखा कि हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि पद्मश्री पंकज उधास का निधन हो गया है। पिछले दस दिन से उनका इलाज चल रहा था। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। सरकार ने उन्हें 2006 में पद्मश्री से सम्मानित किया था। पंकज उधास के निधन के बाद गायक शंकर महादेवन और अन्य मशहूर हस्तियों ने भी दुख व्यक्त किया है। उनका जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मशहूर गजल गायक पंकज उधास के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी गजलें सीधे आत्मा से बात करती थीं। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर अपने शोक संवेदना में लिखा है हम पंकज उधास के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, जिनकी गायकी कई तरह की भावनाओं को व्यक्त करती थी और जिनकी गजलें सीधे आत्मा से बात करती थीं। वह भारतीय संगीत के एक प्रकाश स्तंभ थे, जिनकी धुनें पीढ़ियों से चली आ रही थीं।

## इंडिया

## खुशी का राज और भ्रष्टाचार का कारण



सुनील बादल

***दुनिया*** का सबसे खुशमिजाज, खुशहाल देश कौन सा है। ऐसा देश जहां कभी कोई मायूस नहीं नजर आता है। हर कोई मस्ती में अपनी जिंदगी जीता रहता है। गत मार्च में जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, दुनिया के 146 देशों में से हर देश के एक हजार नागरिकों को सर्वे में शामिल कर 0 से 10 के रेटिंग स्केल पर उनकी लाइफ क्वालिटी, सोशल स्पोर्ट सिस्टम, भरोसा, करप्शन, पर्सनल लाइफ जैसे फैक्टर्स पर खुशी का अनुमान लगाया गया।जिसमें फिनलैंड सबसे टॉप पोजिशन पर पाया गया।आइए देखते हैं बाकी देशों का क्या हाल है और अपना आकलन करें। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में पहला नंबर फिनलैंड का है। जो सबसे हैप्पी कंट्री है। इस देश के लोग आपस में प्रेम पूर्वक रहते हैं। उनके रिश्ते काफी मजबूत हैं। यहां आजादी के साथ लोग लाइफ जीना पसंद करते हैं। लोवर इनकम इनिक्वालिटी, हाई सोशल सपोर्ट, फैसले लेने की आजादी और न के बराबर करप्शन के आधार पर इस देश को सबसे खुशहाल देश माना गया है फिनलैंड के बाद उसके ही पास बसा डेनमार्क दुनिया का दूसरा सबसे खुशहाल देश है। डेनमार्क में फ्री मेडिकल केयर, शैक्षिक विशेषाधिकार, बच्चों की देखभाल के लिए सब्सिडी और पैरेंट्स की छुट्टी जैसे कई आधार उसे खुशमिजाज देशों की श्रेणी में लाता है। दुनिया का तीसरा सबसे खुशहाल देश आइसलैंड है आग और बर्फ की भूमि के नाम से मशहूर यह देश खुशियां बांटने के साथ ही सुरक्षा और लैंगिक समानता के तौर पर काम करता है।यहां के लोग काफी मस्ती से लाइफ एंजॉय करते हैं। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों की लिस्ट में चौथा नंबर नीदरलैंड का है। जहां स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और पर्सनल लिबर्टी पर सबसे ज्यादा फोकस दिया जाता है। यहां की सांस्कृतिक विविधता परंपराओं को आपस में जोड़कर इस देश के लोगों को खुशहाल बनाने का काम करती है। दुनिया के खुशहाल देशों में स्कैंडिनेवियाई स्वीडन का भी नाम है। यहां के लोग कम तनाव लेना पसंद करते हैं। लाइफ के प्रति इनका नजरियां भी बिल्कुल अलग होता है। इनके जीवन जीने की कला ही इनकी खुशी का राज माना जाता है। अब हमारा ध्यान अपने देश की ओर जाता है जहां की रेटिंग थोड़ी सुधारी अवश्य है पर अभी भी हम भ्रष्ट और बेचैन राष्ट्र हैं जहां के बारे में कहा जाता था कि यह सोने की चिड़िया थी जिसके आकर्षण में हजारों मील दूर से आक्रमणकारी और लुटेरे बार बार यहां आते रहे। तब की मौखिक कथाओं और प्राचीन ग्रंथों में जिस सुखी भारत देश की चर्चा है वह बेचैन तो बिल्कुल ही नहीं था जिस कारण लोग सुखी थे। आज क्या है कि हम भ्रष्ट भी हैं और बेचैन भी? कहा जाता है कि भूखे इंसान का कोई धर्म या जात या सिद्धांत नहीं होता ।सदियों की गुलामी ने हमें लाचार ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से कमजोर बना दिया है और हमारे अंदर एक असुरक्षा की भावना भर गई है जो ऊपर वर्णित सबसे सुखी देशों में नहीं है। अपने देश के सभी लोग भ्रष्ट हैं ऐसा भी नहीं है पर आज भ्रष्टाचार शिष्टाचार का रूप ले चुका है यह भी सच है। सत्ता की शक्ति और संगठन की ताकत जिसके पास आई उसमें से बहुत से नए लोग उसे संभाल नहीं पाते और उनके अंदर एक हवस एक अतृप्ति रहती है जो किसी भी रास्ते कितना भी धन आ जाए उनकी इच्छाएं नहीं मरती ये लोग स्वेच्छा से यानी करप्ट बाई चॉइस हैं। दूसरे प्रकार के भ्रष्ट वे मामूली लोग हैं जो मजबूरी में भ्रष्ट हैं। इन्हें समाज की दुत्कार से बचने के लिए या भ्रष्ट तंत्र से अपना काम निकालने के लिए भ्रष्ट तरीके अपनाने पड़ते हैं ये करप्ट बाई फोर्स हैं। अन्य सामान्य लोग हैं जो समाज को दिखाने और झूठी शान के लिए महंगी शादियां कराने या रहने के लिए घर बनाने के लिए भ्रष्ट तरीके अपनाने को मजबूर हैं। ऑनलाइन से भ्रष्टाचार कम तो हुआ पर अभी भी भारत को बहुत सुधार करना है। सादा जीवन उच्च विचार सबसे उत्तम जीवन शैली है और इसमें आवश्यकताएं सीमित हो जाती हैं जिससे मन दिखावे की ओर नहीं जाता और शांति अपने आप आ जाती है। यदि हम किसी किसी साधारण वस्त्र और रखरखाव वाले ईमानदार व्यक्ति को बढ़ावा और सम्मान देते हैं तो हम अच्छाई को बढ़ाने की मुहिम में योगदान दे रहे होते हैं।



### ज्ञानवापी केस मामला

## मुस्लिम पक्ष को झटका व्यासजी तहखाने में जारी रहेगी पूजा



**एजेंसी। प्रयागराज**

ज्ञानवापी केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी। मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज होने से व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना जारी रहेगी। मुस्लिम पक्ष ने तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा का अधिकार दिए जाने को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट द्वारा मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज होने के बाद व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना जारी रहेगी। हाईकोर्ट ने वाराणसी जिला जज के 31 जनवरी के पूजा शुरू कराए जाने के आदेश को सही करार दिया। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज वाराणसी के पूजा शुरू कराए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने 15 फरवरी को दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले में हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट सीएस वैद्यनाथन व विष्णु शंकर जैन ने बहस की थी। जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट सैयद फरमान अहमद नकवी व यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने पक्ष रखा था।

## एक नजर

### कोडरमा में महिला से 50 हजार की हुई छिनतई

**कोडरमा।** समाहरणालय के समीप सोमवार को कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र सुंदर नगर भैया जी तालाब के समीप सुरेंद्र डोम की पत्नी जो 50 हजार बैंक से निकाल कर अपने घर लौट रही थी, उससे अज्ञात बाइक सवार बदमाश महिला के हाथ से थैला छीन कर भाग निकले। महिला के अनुसार स्टेट बैंक से पैसे निकाल कर अपने पति के साथ घर आ रही थी, जिसमें महीने भर का वेतन था। बाइक सवार दो लोग अचानक आए और हाथ से थैला छीनकर फरार हो गए। बाइक सवार कोडरमा थाना की तरफ फरार हो गए। बहरहाल, पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए छानबीन में जुटी है।

### भगत सिंह की प्रतिमा क्यों नहीं लगने देना चाहती है सरकार : उत्तम

**रांची।** भगत सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए राष्ट्रीय युवा शक्ति ने विगत रविवार को हजारों युवाओं के साथ आक्रोश मार्च निकाला था, जो पहाड़ी मंदिर से चलकर राजभवन पहुंचा और अनिश्चितकालीन धरने में तब्दील हो गया था। धरने के दूसरे दिन सोमवार को सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की भूमि रही है और भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर शहीदे आजम भगत सिंह को दो गज जमीन न मिल पाना दुःखद है। सरकार आखिर प्रतिमा क्यों नहीं लगने देना चाहती है, यह सब समझ से परे है। आज युवाओं का इस तरीके से सड़कों पर उतरना यह दिखाता है कि झारखंड के युवाओं में भगत सिंह के प्रति कितना सम्मान है और वे चाहते हैं कि हर हाल में भगत सिंह की प्रतिमा लगे धरनास्थल पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि मंगलवार से सीनियर सिटीजन भी धरने पर बैठेंगे। यदि यथाशीघ्र इस विषय पर उचित निर्णय लेते हुए प्रतिमा को सम्मानपूर्वक स्थापित नहीं किया गया, तो समस्त राजधानीवासी भी हमारे आंदोलन से जुड़ेंगे।

---

बेड़ो में प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का हुआ आयोजन

# समाजिक अंकेक्षण का दर्पण है मनरेगा : पुष्पलता जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
प्रखंड सभागार में सोमवार को समाजिक अंकेक्षण के दिखा न स्तरीय जन सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान विभिन्न पंचायतों में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आए मुद्दों पर चर्चा की गई। मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल की मौजूदगी में जूरी मेंबरों ने मुद्दे पर गंभीरता से विचार करते हुए कार्य किया गया। जन सुनवाई में कई मुद्दों को जहां एक ओर तत्कालीन निष्पादित किया गया वहीं कई मुद्दों को जिला अग्रसारित कर दिया गया। मोके पर मनरेगा लोकपाल ने कहा कि समाजिक अंकेक्षण वह दर्पण है जहां मनरेगा की सच्चाई नजर आती है। ऑडिट के द्वारा सही दिशा दे सकती हैं मनरेगा के तहत योजनाओं का सही क्रियांवयन जहां एक ओर किसानों और ग्रामीणों को लाभ देता है वही दूसरी ओर योजना के सहारे गांव के विकास की गाथा लिखी जा सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि योजनाओं का सही क्रियांवयन सूचित किया जाए ताकि विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि समाजिक अंकेक्षण बिना जन सहयोग के अपनी उद्देश तक नहीं पहुंच सकता। इसलिए यह लाजमी है जी कर्मियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों व समाज के जिम्मेदार लोगों को सहयोग की भावना से आगे आना होगा तभी लक्ष की प्राप्ति संभव है। मौके पर समाजिक अंकेक्षण दल के नेल्सन तोपनों, राजेंद्र गुड़िया, अनिल कुजुर, सतीश कुमार राम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रो. कर्मा उरांव, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम अंसारी, दुर्गा टाना भगत, सुरेश लिंडा, पंचायत सेवक रोजगार सेवक सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

---

मरटू मुंडा की मौत दुःखद घटना

# प्रखंड प्रशासन मृतक के आश्रितों के साथ हमेशा खड़ा है : संग्राम मुर्मू



**नवीन मेल संवाददाता। बेडो**
बेड़ो थाना क्षेत्र के हरहंजी खुरहाटोली गांव में शनिवार की रात जंगली हाथी के द्वारा मारे गये मरतू मुंडा के परिजनों से प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने भेंट कर भुक्तभोगी परिवार को ढांढस बंधाया और अनाज व आर्थिक सहायता किया। उन्होंने कहा कि घटना अत्यंत दुःखद, इस दुःख की घड़ी में पूरा प्रखंड प्रशासन मृतक के आश्रितों के साथ खड़ा है। उल्लेखनीय है कि शनिवार की रात 55 वर्षीय मरतू मुंडा को जंगली हाथी कुचलकर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बीडीओ ने मृतक के परिजनों को ढांढस बांधा। मृतक के पुत्र रामफल मुंडा को एक क्विंटल चावल, पांच कम्बल और पांच हजार रूपैये नगद का सहयोग किये। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप पंचायत समिति सदस्य राखी भगत, मुखिया लक्ष्मी कोया, सहायक अभियंता पुरूषोतम भाई पटेल, सुरेन्द्र पासवान व प्रेम कुमार सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### पूर्वी सिंहभूम के डीडीसी ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया, मृतक के परिजनों से मिले



**बेडो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत हरांजी खुरहा टोली में विगत दिन 55 वर्षीय मरटू मुंडा को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला। खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मृतक के परिजन से मिले एवं परिजनों को ढांढस दिया। ज्ञात हो की स्व मरटू मुंडा की पुत्री का आज मड़वा था। डॉ परमेश्वर भगत ने आस पास के गांव के लोगो से मिले और कई तरह के समस्याओं जैसे जलमिनार, अबूवा आवास, तालाब, हाथियों का आतंक से अवगत हुए जिसमें सबसे मुख्य समस्या हाथियों का आतंक है, पिछले 3 महीनों से हाथियों का 3-4 झुंड हरिहरपुर जामटोली, हरहंजी, खुरहा टोली, बहेरा टोली, पंडरा, हुटार एव सरसा के आस पास घूमते रहते हैं और कई तरह के फसलों एवं घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे ग्रामीणों में भय बना हुआ है। तत्पश्चात श्री भगत ने तत्काल उच्च अधिकारियों से बात की जिसमे विशेष कर मृतक के परिजनों को आपदा से संबधित लाभ, विधवा पेंशन, परिवारिक लाभ एव हाथियों के भगाने के लिए जरुरी उपकरण उपलब्ध कराते हुए शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य नेहा मुंडा, भीमा मुंडा, रामफल मुंडा, महादेव गोप, मरतू मुंडा, सुषमा मुंडा, रिंकी मुंडा, सोहराई मुंडा, गोयंदा मुंडा, मांगरा मुंडा, बुधवा मुंडा एवं कई लोग मौके पर मौजूद थे।

### मांडर अंजुमन कमेटी का पुनर्गठन



**मांडर।** मांडर के मलती अंजुमन कमिटी का चुनाव मलती मस्जिद परिसर में शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गया। इस चुनाव में सदर के लिए 92 मत पाकर सगीर अंसारी विजयी रहे वहीं रफीक अंसारी सेकेट्री के लिए 82तथा खजाँची के लिए अमानत अंसारी 106 मत प्राप्त कर विजयी हुए। मौके पर प्रखंड कमिटी के सदर नुरुल्लाह हबीब नदबी, सेकेट्री अफरोज हुसैन ,नायब सेकेट्री अमानत अंसारी, जमील अंसारी,सफीक अन्सारी साजिद अन्सारी, जलील अन्सारी,हसन अंसारी,मनवर अंसारी,इसराफिल अंसारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### हेमंत सोरेन की रिहाई के निकाला न्याय मार्च




**चान्हो।** सोमवार को चान्हों प्रखंड के कोको रघुनाथपुर में पूर्व मुख्यमन्त्री हेमन्त सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रखंड अधयक्ष मकेशवर महली की अध्यक्षता में रघुनाथपुर से लेकर चान्हों मुख्य पथ तक 'न्याय यात्रा' मार्च निकाला गया । साथ ही कोको रघुनाथपुर में हेमन्त सोरेन की रिहाई हेतु 'कोको बुढ़िया' पूजा - स्थल में पूजा अर्चना किया गया । न्याय- मार्च में मुख्य रूप से प्रदीप उरांव , दीपक इंदवार, जयवंत तिग्गा , धर्मराज महतो , देवेन्द्र महली , शनिचरवा उरांव, पंचु उरांव, इदरीश अंसारी, सत्यभामा देवी , रंजू देवी , पाहन सुखदेव उरांव, सहदेव उरांव, घमु उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को 'गूगल रीड अलोंग' एप्लीकेशन की जानकारी दी गई



**मांडर।** प्रखण्ड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुजाता कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को मांडर प्रखण्ड बालविकास परियोजना विभाग के सभागार में 'गूगल रीड अलोंग' एप्लीकेशन के बारे में आगनवाड़ी सेविकाओं को उन्मुखीकरण किया गया। पिरामल फाऊंडेशन के एस्पिरेशनल भारत कोलेब्रोटिव टीम के द्वारा इस ऐप के फीचर्स को बताते हुए २१वी सदी में बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग गेम्स, विडियोज, रील दिखने के लिए कर रहे है। जिससे की समाज में नकारात्मक प्रभाव देखने मिल रहा है। परंतु अगर गूगल रीड अलोंग एप का इस्तमाल करते है तो बच्चों के अंदर पढ़ने की क्षमता में वृद्धि आती है। तथा इस एप से बुनियादी शिक्षा, निपुण भारत, सर्व शिक्षा अभियान को मजबूती मिलेगी साथ ही साथ बच्चों को पढ़ाना और समझना और भी आसान हो जायेगा इस एप में दिया नाम की असिस्टेंट रहेगी। वह बच्चों को पढ़ने में सहयोग करते रहेगी। यह ऐप बिना इंटरनेट के चलता है। पिरामल फाऊंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक मोहसिन हाशमी, प्रोग्राम लीडर शफीकूर रहमान, गांधी फेलो निखिल सिंह और सत्यम तिवारी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### रामगढ़ में एनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ अधिकारियों ने की बैठक

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में एनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों, उत्पाद छापामारी दलों आदि में प्रतिनियुक्त होने वाले विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। **उड़नदस्ता दलों के लिए जारी हुआ निर्देश :** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों आदि के लिए जारी दिशा-निदेर्शों, उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों, विभिन्न प्रकार के प्रतिवेदनों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी अधिकारियों को अपने द्वारा किए जाने वाले कार्यों की गंभीरता को समझते हुए सभी दिशा निर्देशों को अच्छी तरह से समझने एवं किसी भी दुविधा को त्वरित रूप से दूर करने का निर्देश दिया गया।

---

# जुआ, नशाखोरी व छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : देव प्रताप धान



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
नरकोपी थाना में थाना प्रभारी देव प्रताप धान (प्रधान) की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी ने शांति समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नरकोपी थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना एवं क्षेत्र में शांति और सदभावना रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों का परिचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने वाहन मालिकों को 10 मार्च तक का अल्टिमेटम दिया कहा कि उक्त तिथि तक सभी अपने-अपने वाहनों में रजिस्ट्रेशन नंबर अवश्य लिखवा लें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी बाइक चालकों और बाइक सवारों को हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जुआ, नशाखोरी और क्षेत्र में किसी तरह का छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह के आपराधिक गतिविधि करने वाले को बक्शा नहीं जाएगा और उन्हें जेल भेजा जाएगा। एनएसए के धाराओं के तहत भी कार्रवाई होगी।

---

# मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के मुरी आगमन पर गर्मजोशी से हुआ स्वागत



### कांग्रेस पदाधिकारियों को मुरी के कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
नव वर्ष के उपरांत पहली बार रेलवे मेंस कांग्रेस मुरी ब्रांच में रांची हटिया और मुरी के प्रतिनिधि का आपसी शिष्टाचार भेंट हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेंस कांग्रेस के मंडल समन्वयक नित्यालाल कुमार, हटिया शाखा सचिव मनोज कुमार राय और सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व स्टेशन प्रबंधक मोहम्मद शाहनवाज खान सम्मिलित रहे। ज्ञात रहे की यह बैठक कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनसे स्वयं मिलने का एक कार्यक्रम था मेंस कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश गर्मजोशी से रांची से आए हुए मेंस कांग्रेस के पदाधिकारी का स्वागत किया और उन्हें साल और बुके देकर अपनी खुशी का इजहार किया तथा मुरी के कर्मचारियों की समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया मुख्य रूप से क्वार्टर की बाउंड्री कुछ क्वार्टर में टाइल्स और मार्बल लगे हुए हैं लेकिन बहुत सारे क्वार्टर्स में बिना मेंटेनेंस और बिना टाइल्स लगे कर्मचारी रह रहे हैं।बार-बार पानी की हो रही समस्याओं का भी उन्हें अवगत कराया गया कुछ कर्मचारियों के क्वार्टर नहीं मिले हुए हैं फिर भी उनको हाउस रेंट अलाउंस नहीं मिल रहा है इस पर भी उन्हें अवगत कराया गया है। मंडल समन्वयक ने इस पर प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं का पहुंचाने का आश्वासन दिया तथा इस पर हर संभव तरीके से मुरी तथा रोड साइड स्टेशन के कर्मचारियों की समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया गया है इस मौके बहुत सारे लोग सम्मिलित हुए जिसमे कुंदन कुमार ,करीम अख्तर ,नीतीश कुमार ,शिव शंकर कुमार, नवनीत कुमार अरविंद शर्मा, राजीव रंजन, अशोक कुमार, एन के महतो गौतम कुमार अब्दुल रऊफ आदि लोग उपस्थित रहें।

---

# प्रधानमंत्री के रूप में हमें नरेंद्र मोदी को ही लाना है : कोचे मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
कर्रा प्रखंड के गोविंदपुर रोड स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा के विधायक कोचे मुंडा और विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता और ब्रजेंद्र हेमरोम उपस्थित थे। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल तक देश का नेतृत्व किया और भारत को पूरी दुनिया में अलग पहचान दिलाई। प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। प्रधानमंत्री सभी रेलवे स्टेशनों क आधुनिकीकरण करने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने 24 वंदे भारत एक्सप्रेस पूरे देश में चलाया और इतनी ही संख्या में अमृत भारत एक्सप्रेस भी मोदी का ही देन है। विधायक ने कहा कि इस बार भी हमें प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को ही लाना है, ताकि विकास की गति और तेज हो सके। प्रधानमंत्री मोदी का कथन है आप एक कदम चलें, मैं दो कदम चलूंगा।

### बोरिंग धंस जाने से पेयजल की घोर किल्लत

हजारीबाग। कटकमसांडी प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत आराभुसाई के हरिजन मुहल्ले में स्थित एकमात्र जलमीनार के चापानल धंस जाने से एक माह से पेयजल की घोर किल्लत हो गई है। लोगों को पानी के लिए दूसरे मुहल्ले तक जना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में हरिजन मुहल्लेवासियों ने बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव को पत्र लिखकर पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की।
पत्र में कहा गया कि पीएचईडी द्वारा लगाए गए चापानल में पंचायत द्वारा जलमीनार निर्माण कर 18 घरों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई लेकिन यह चापानल एसआर हो गया। बोरिंग एसआर होने से जल संकट उत्पन्न हो गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अब गर्मी शुरू होने वाली है। गर्मी शुरू होने से पहले बोरिंग की व्यवस्था नही होने लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

---

# एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन में हासिल किया 100 मिलियन मीट्रिक टन का लक्ष्य




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एनटीपीसी लिमिटेड, अपनी कोयला खनन सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के माध्यम से भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता में 25 फरवरी को 100 एमएमटी कोयला उत्पादन के एक उल्लेखनीय मील के पत्थर को पार करके एक और उपलब्धि हासिल की है। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने 1 जनवरी 2017 को अपनी पहली कोयला खदान, पकरी बरवाडीह में कोयला उत्पादन शुरू होने के बाद से 100.04 एमएमटी कोयले का उत्पादन कर के 25 फरवरी 2024 को कोयला उत्पादन में 100 एमएमटी का आंकड़ा पार कर लिया। यह उल्लेखनीय है कि कोयला उत्पादन में पहला 50 एमएमटी 1995 दिनों में 19 जून 2022 को हासिल किया गया था, लेकिन अगला 50 एमएमटी कोयला उत्पादन केवल 617 दिनों में हासिल किया गया है। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए, एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है। इनमें कड़े सुरक्षा उपायों को अपनाना, बेहतर खान योजना, उपकरण स्वचालन, कार्यबल प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी और विश्लेषण प्रणालियों का कार्यान्वयन शामिल है। वर्तमान में, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पास पांच परिचालन कैप्टिव कोयला खदानें हैं, यानी झारखंड में पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातु और केरंडारी कोयला खदानें, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की ईंधन सुरक्षा में योगदान देने वाली अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रति एनटीपीसी माइनिंग की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

ग्लोब और वैष्णवी स्टील का डीड रद्द करने को वन विभाग ने भेजा प्रतिवेदन

# दस्तावेजों को रद्द करने के लिए व्यवहार न्यायालय में वाद दायर करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिले के रउता वन क्षेत्र में जंगल की जमीन पर स्थापित हुई इंडस्ट्रीज जल्द ही बंद हो जाएगी। डीसी चंदन कुमार के द्वारा ग्लोब स्टील फैक्ट्री एंड अलायंस प्राइवेट लिमिटेड और वैष्णवी फेरोटेक की जमीन की जमाबंदी रद्द किए जाने के बाद अब वन विभाग भी बड़ी मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहा है। इन दोनों प्लांट की जमाबंदी जिस रजिस्ट्री डीड पर कायम थी, उस रजिस्ट्री डीड को भी रद्द करने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। वन विभाग ने व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (पीपी) को एक प्रतिवेदन लिखा है। उस प्रतिवेदन में इन दोनों प्लाटों के पूरे दस्तावेज शामिल किए गए हैं। उन दस्तावेजों को रद्द करने के लिए व्यवहार न्यायालय में वाद दायर करने का निर्देश दिया गया है। इस मामले में डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि डीसी के आदेश के आधार पर ग्लोब स्टील की दो एकड़ जमीन की डीड और वैष्णवी फेरोटेक के 2.85 एकड़ जमीन की डीड को रद्द करने के लिए यह वाद दायर होगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्लांट को खाली करने के लिए भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### 9 प्लांट की जमाबंदी रद्द करने के लिए चल रही सुनवाई

रउता वन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों ने 11 प्लांट के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले के तहत जंगल की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए अवैध तरीके से कायम की गई जमाबंदी को रद्द किया जाना आवश्यक था। रउता वन क्षेत्र में दो प्लांट की जमाबंदी रद्द हो गई है। 9 अन्य प्लांट की जमाबंदी रद्द करने के लिए अंचल और डीसी के स्तर पर सुनवाई चल रही है। जल्द ही इस पर फैसला आने की उम्मीद है। इस फैसले के बाद वन विभाग पूरी तैयारी के साथ वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराएगा।

**11 औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने अवैध तरीके से कराई थी जमाबंदी**

11 औद्योगिक प्रतिष्ठानों के मालिकों द्वारा अवैध जमाबंदी भूमि को अपने नाम पर दाखिल खारिज कराया गया था। साथ ही उस भूमि पर औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित कर दिया गया था। इनमें कोलकाता कार्बाइड, स्वास्तिक स्टील, श्रीराम सीमेंट फैक्ट्री, मैहर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रजरप्पा इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रामगढ़ कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, श्रीबालाजी सेरेमिक्स, राज स्टील, श्रीवैष्णवी फेरोटेक प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णा फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, कोहिनूर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोब स्टील प्राइवेट लिमिटेड एवं शारदा सीमेंट प्लांट को चिन्हित किया गया था।

---

# सीसीएल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने बोलेरो वाहन की खरीद के लिए भारत सेवाश्रम संघ को वित्तीय सहायता प्रदान करके सामुदायिक स्वास्थ्य के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह वाहन सीसीएल की सीएसआर पहल के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के रूप में काम करेगा। लगभग 12 लाख रुपये की लागत वाली इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण स्तर पर चिकित्सा सेवाओं का पहुंच बढ़ाना है। इसके अलावा, यह गंभीर मामलों में मरीजों को गांवों से ब्लॉक या जिला-स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं में स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करके समय पर चिकित्सीय देखभाल सुनिश्चित करेगा। यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति सीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सीसीएल की वित्तीय सहायता से समर्थित मोबाइल मेडिकल यूनिट, रांची के बुंडू उप-मंडल में स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूर्ति में सहायक होगा। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने इस वाहन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि सीसीएल हितधारकों एवं ग्रामीणों के समावेशी विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। यह वाहन रांची के बुंडू क्षेत्र के लोगो के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीएसआर) एसएस लाल एवं विभाग के अन्य कर्मी उपास्थित थे।

# राष्ट्रपति का रांची आगमन कल, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## छह आईपीएस सहित दो हजार जवान रहेंगे तैनात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह में बुधवार (28 फरवरी) को शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची जिला और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। राष्ट्रपति का कारकेड जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी।



राष्ट्रपति की सुरक्षा में छह आईपीएस के अलावा 10 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा सहित लगभग दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही, राष्ट्रपति की सुरक्षा में बम निरोधक दस्ते के अलावा जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को तैनात किया गया है।

रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर एयरपोर्ट से लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तैनात सभी पुलिस अफसरों और कर्मियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, सभी थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाएं। खास तौर पर राष्ट्रपति का जिस इलाके कार्यक्रम है, उन जगहों पर थानेदार को लगातार गश्त करने को कहा गया है। इसके अलावा, होटल और लॉज पहुंचकर ठहरे लोगों का भी सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रपति का कारकेड जिन-जिन मार्गों से गुजरेगा, वहां पर ऊंची भवनों को चिह्नित किया गया है। राष्ट्रपति के आगमन से पहले उन भवनों की छतों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसे देखते हुए पूरे रांची शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी।

# सामान्य उपभोक्ता को नहीं मिल रहा पानी

## अवैध कनेक्शन की मार : निगम का धावा दस्ता भी पता लगाने में फेल

**अमित कुमार। रांची**

मार्च महीने से भूमिगत जल स्तर नीचे जाना शुरू हो जाएगा। फिर सभी चापानलों में पानी सूखने लगेगा। इसके बाद सभी वार्डों में पानी की समस्या शुरू हो जाएगी। परेशानी से बचने के लिए कई वार्ड में लोगों ने अवैध कनेक्शेन करवा लिया है। किसी भी वार्ड में पानी को लेकर परेशानी न हो, इसके लिए रांची नगर निगम की ओर से पाइपलाइन के जरिए पानी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 25,000 घरों में वैध रूप से कनेक्शन दिया गया है। बता दें कि जुडको और अन्य कई कंपनियों द्वारा 50,000 घरों के लिए बिछाई गई पाइपलाइन से इस वर्ष पानी नहीं दिया जा सकेगा। ऐसे में राजधानी के लोगों को गर्मी में एक बार फिर से पानी को लेकर हाहाकार से गुजरना होगा। इधर, रांची नगर निगम क्षेत्र में कई अवैध कनेक्शन का दौर शुरू है। राजधानी के कई वार्ड में लोगों ने अवैध कनेक्शन ले लिया है, जिसका ना तो मीटर है और ना ही उन्हें पानी का बिल भरना है। नगर निगम ने सभी लोगों को घरों में वैध वाटर कनेक्शन लेने का निर्देश दिया है। बावजूद इसके, निगम के पास इसका कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं कि कितना अवैध कनेक्शन है। ऐसे में वैध कनेक्शन वाले उपभोक्ता को इससे काफी परेशानी हो रही है। इससे उनके घर होने वाले वाटर सप्लाई में पानी का प्रेशर काफी कम हो जा रहा है, या उनके यहां पानी का सप्लाइ ही नहीं हो रहा है। निगम ने 53 वार्ड को चार जोन में बांट कर इसकी जिम्मेवारी जेई की दी है। लेकिन, निगम के धावा दस्ता अवैध कनेक्शन का पता लगाने में असमर्थ है।



### बिना मीटर के 20 हजार मकानों में है पानी का कनेक्शन

निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स दे रहे 20 हजार मकान ऐसे हैं, जिन्होंने निगम से वैध वाटर कनेक्शन तो लिया है, लेकिन उनके घर पर वाटर मीटर नहीं लगा है। ऐसे लोग एवरेज बिलिंग के नाम पर हर माह पानी के बिल का भुगतान कर रहे हैं। इस वजह से रांची नगर निगम को पता लगाने में कठिनाई होती है कि आखिर इन लाभुकों द्वारा कितने पानी की खपत हर महीने की जाती है।

### क्या कहते है परेशान उपभोक्ता

**राजेंद्र राम, इंद्रपुरी निवासी**



पानी की समस्या पहले से बनी हुई है। बावजूद इसके, कई लोगों ने मेरे मुहल्ले में अवैध रूप से कनेक्शन ले लिया है। निगम को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

**प्रभात कुमार, करमटोली**



पिछले साल तक सप्लाई पानी काफी प्रेशर के साथ आता था। लेकिन, कई लोगों द्वारा चोरी छुपे कनेक्शन लेने के बाद अब पानी ही नहीं आ रहा है।

**शहर में कितने कनेक्शन चोरी छुपे हुए हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। अवैध कनेक्शन की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाती है। पकड़े जाने पर जुर्माना लगाने के बाद उस कनेक्शन को वैध करने के लिए समय दिया जाता है।**

अमित कुमार, नगर प्रशासक, रांची नगर निगम।

## एक नजर

### श्री सर्वेश्वरी समूह रांची शाखा के वरिष्ठ सदस्य लालू जी का निधन

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची के वरिष्ठ सदस्य लालू जी (लाल भुवनेश्वर नाथ शाहदेव) का सोमवार को उनके रांची स्थित आवास पर निधन हो गया। वे अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी, चार पुत्र, पुत्रवधू एवं एक पौत्री को छोड़ कर शिवलोक गमन कर गए। लालू जी के पार्थिव शरीर को रांची आश्रम भी ले जाया गया था। उनका अंतिम संस्कार अघोरेश्वर घाट, पड़ाव, वाराणसी (उप्र) में मंगलवार को होगा।

### सीसीएल के जनसंपर्क विभाग का नाम होगा निगमित संचार एवं जनसंपर्क

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने कंपनी के जनसंपर्क विभाग का नया नामकरण किया है। जनसंपर्क विभाग द्वारा दिए गए प्रस्ताव की अनुशंसा करते हुए विभाग का नया नाम निगमित संचार एवं जनसंपर्क विभाग कर दिया गया है। बैठक में सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (यो./परि.) बी साईराम उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विभाग के समग्र कार्य क्षेत्र के विस्तार एवं बदलते परिवेश में विभाग के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था।

### स्मार्ट फोन के अधिक प्रयोग से मानसिक समस्या पर कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कांके एवं केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) कांके रांची के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को 'एक्सेसिव यूज ऑफ स्मार्ट फोन क्रिएट्स मेंटल इश्यूज' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ ओम प्रकाश के संयोजन में किया गया। महाविद्यालय की ओर से सभी आगत अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न देकर किया गया।

# जनता के विश्वास और उम्मीद को जीतना हमारा लक्ष्य : जितेंद्र सिंह

**जितेंद्र सिंह को आजसू रांची महानगर समिति ने किया सम्मानित**

**रांची महानगर ने किया बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हम रांची महानगर के समस्त साथी मिलकर सभी वार्ड और शहरी क्षेत्र में आजसू पार्टी के विचारों और सिद्धांतों को पहुंचाने का कार्य करेंगे। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जो जिम्मेदारी मेरे कंधों पर दी है, उस जिम्मेदारी का निर्वहन मैं पूरी निष्ठा के साथ करूंगा। हमारा सबसे पहला काम संगठन विस्तार कर उसे मजबूती प्रदान करना है। रांची महानगर समिति 24 घंटे रांची और रांचीवासियों की सेवा में उपलब्ध रहेगी। लोगों के विश्वास और उम्मीद को जीतना ही हमारा लक्ष्य है। ये बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित महानगर की बैठक सह सम्मान समारोह में कही। इस दौरान रांची महानगर समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह का स्वागत और सम्मान किया। बैठक से पूर्व संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित रविदास समाज के अध्यक्ष टिंकू राम और सचिव संदीप राम ने रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र सिंह ने संत रविदास के मंदिर निर्माण करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में रविदास का एक भी मंदिर नहीं है। समाज मंदिर के लिए जमीन चिह्नित करे, मेरी टीम मंदिर निर्माण करेगी। मंदिर निर्माण में यदि कोई अड़चन आती है, हम उसे दूर करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संजय महतो, महिला जिला अध्यक्ष बीना देवी, महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, महानगर महिला अध्यक्ष सीमा सिंह, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, सुनील यादव, ओम वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# सेल ने 'स्वीकार्य उपकरणों एवं आपूर्तिकर्ताओं की सूची' जारी की




**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के एमटीआई, रांची में सोमवार को एके सिंह, निदेशक (तकनीकी, परियोजना एवं कच्चा माल) ने सेल की वृहत परियिजनाओं के लिए 'स्वीकार्य उपकरणों एवं आपूर्तिकर्ताओं की सूची' पुस्तिका का विमोचन किया। मौके पर अनिर्बान दासगुप्ता, निदेशक प्रभारी (भिलाई स्टील प्लांट), अतनु भौमिक, निदेशक प्रभारी (राउरकेला और बोकारो स्टील प्लांट), बीपी सिंह, निदेशक प्रभारी (बर्नपुर और दुगार्पुर स्टील प्लांट)), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक), एसके वर्मा, कार्यपालक निदेशक (सीईटी) और सेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसका अनावरण सेल के एमटीआई में चल रही वार्षिक बिजनेस प्लान बैठक के दौरान किया गया। यह पुस्तक भारतीय सेल की एक प्रमुख इकाई, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी), रांची द्वारा तैयार की गई है। 'स्वीकार्य उपकरणों एवं आपूर्तिकर्ताओं की सूची' का उद्देश्य सेल इस्पात के परियोजनाओं में निष्पादन के दौरान गुणवत्ता के मानकीकरण के लिए उपकरण और आपूर्ति से संबंधित कठिनाइयों को कम करना है। वर्तमान बाजार परिदृश्य को देखते हुए सूची नियमित रूप से अपडेट की जाती है और यह कंपनियों के विलय और अधिग्रहण का भी ध्यान रखती है।

### नारायण उरांव बने केंद्रीय सरना समिति भारत के अध्यक्ष

**समिति का हुआ पुनर्गठन, राजू मुंडा बने महासचिव**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति भारत का पुनर्गठन हेरिटेज बैंक्वेट हॉल, चापुटोली, अरगोड़ा रांची में किया गया। पुनर्गठन के लिए मुख्य संरक्षक माधो कच्छप के नेतृत्व में कोर कमिटी बनाई गई। इसमें डॉ जगरनाथ उरांव, प्रो रामचंद्र उरांव, देवसहाय मुंडा, हरिश्चंद्र उरांव, सुकरा तिर्की, संजय कुजूर, मोहन उरांव, हौड़ा उरांव, सुशील उरांव, बिजय शंकर तिर्की, बुधवा उरांव शामिल थे। निश्चित समय तक किसी के नाम का प्रस्ताव नहीं आने पर कोर कमेटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नारायण उरांव को समिति का अध्यक्ष बनाया। पुनर्गठन समिति में महासचिव राजू मुंडा, कोषाध्यक्ष संदीप तिर्की, वरीय उपाध्यक्ष वंथना टोप्पो, उपाध्यक्ष हेमंत गाड़ी, सचिव नन्हे कक्ष, संयुक्त सचिव पंकज टोप्पो एवं सोनू मुंडा को बनाया गया है। इसके अलावा विधिक सलाहकार के रूप में अजीत भुटकुमार और कमल किशोर लकड़ा को शामिल किया गया है। झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष लाली कच्छप को, खूंटी जिला अध्यक्ष सुमन मुंडा को और लापुंग, बेड़ो तथा इटकी प्रखंड के प्रभारी संजू उरांव को बनाया गया।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन




**रांची।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची ने सोमवार को मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक विवेक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पटना अंचल के आंचलिक प्रमुख धर्मपाल खुराना भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 102 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। मौके पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक विवेक कुमार ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक के पास जमा, ऋण एवं अनुषंगी सेवाओं से संबंधित विभिन्न उत्पादों की लंबी श्रृंखला है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आप सभी न केवल हमारे उत्पादों का लाभ उठाएं, बल्कि सेंट्रल बैंक के ब्रांड अंबेसडर बन अन्य लोगों को भी इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें।

### कांके मैराथन 10 मार्च को

**रांची।** कांके मैराथन का आयोजन 10 मार्च (रविवार) को किया जाएगा। मैराथन प्रातः 6:30 बजे से शुरू होगा। रजिस्ट्रेशन शुल्क 101 रुपये है और रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 2 मार्च है। बताया गया गया कि कुल पुरस्कार राशि 2.01 लाख रुपये है। आयोजन समिति ने बताया कि पुरुष 10 किलोमीटर दौड़ में भाग लेंगे। पुरुषों के लिए मैराथन पिठोरिया, किसान विद्यालय से शुरू होगी और यह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय मैदान में समाप्त होगी। महिलाएं 3.5 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी। महिलाओं के लिए मैराथन पिठोरिया किसान विद्यालय से शुरू होगी और बाढ़ू में समाप्त होगी। बताया गया कि कांके मैराथन में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रतिभागी अपने गांव के आजसू पिलर मेंबर से संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए हेल्प लाइन नंबर 9835114732 (डॉ अशोक कुमार नाग), 9835913657 (अमन शहदेव, कांके प्रखंड), 8340230983 (सत्यनारायण मुंडा, बुढ़मू प्रखंड) और 8083437576 (विकास कुमार, खलारी प्रखंड) है। आयोजन समिति ने बताया कि कांके मैराथन में सिर्फ कांके विधानसभा क्षेत्र के महिला और पुरुष अपने फोटो पहचान पत्र की कॉपी रजिस्ट्रेशन फार्म के साथ संलग्न कर भाग ले सकते है। हर प्रतिभागी को चेस्ट नंबर, टी शर्ट, ग्लूकोज और पानी मुफ्त दिया जाएगा।

# पीवीआर न्यूक्लियस मॉल में 'कुसुम का बियाह' की स्क्रीनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फिल्म 'कुसुम का बियाह' की स्पेशल स्क्रीनिंग पीवीआर न्यूक्लियस मॉल में की गई। यह फिल्म 1 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। शुभेंदु राज घोष द्वारा निर्देशित 'कुसुम का बियाह' एक बहुत ही उत्कृष्ट फिल्म है, जो आम लोगों के जीवन को अनोखी परिस्थितियों में दिखाती है। प्रदीप चोपड़ा ने अपने अभिनय से सबको हैरान कर दिया है। ऐसा लगता ही नहीं है कि अभिनय में उनका पदार्पण आकस्मिक था। उन्होंने अपनी भूमिका को बहुत ही खूबसूरती से निभाया है। उनका अभिनय इतना शानदार है कि उन्हें मुंबई में एक बड़े फिल्म पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार और श्रीनगर के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। फिल्म की तारीफ इसकी उत्कृष्टता का प्रमाण है। इसे बेतिया अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और श्रीनगर के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सामाजिक उद्देश्य के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब हासिल किया। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान एक वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित 'कुसुम का बियाह' एक जोड़े की अस्तव्यस्त शादी की कहानी है, जो महामारी की सामाजिक चुनौतियों पर ध्यान देती है। यह फिल्म सांस्कृतिक विरासत को समर्पित है और संथाली जनजाति की परंपराओं को विस्तार से दर्शाती है। इसका संस्करण कई भाषाओं में उपलब्ध है और इसकी आकर्षक संगीत स्कोर ने दर्शकों को मोहित कर दिया है। इस फिल्म की संगीत ने जी म्यूजिक पर भी अच्छा प्रभाव डाला है।



# रांची उपायुक्त ने दी शस्त्र अधिनियम की धारा में अभियोजन की स्वीकृति

## कोतवाली, कांके, अरगोड़ा एवं बुंडू थाने से संबंधित हैं मामले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को कोतवाली, कांके, अरगोड़ा एवं बुंडू थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। कांके थाना कांड संख्या-337/23, कोतवाली थाना कांड संख्या- 09/2024, अरगोड़ा थाना कांड संख्या 438/2023 एवं बुंडू थाना कांड संख्या- 68/23 के प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरांत शस्त्र अधिनियम की धारा अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। कांके थाना कांड संख्या-337/23 में सोमा उरांव, पिता-फगुआ उरांव, पता-मुड़ामू, थाना-बेड़ो के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम 25(1-बी)ए/26/35 के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गयी है। कोतवाली थाना कांड संख्या-09/2024 में गुलाम याजदानी, पिता-गुलाम जिलानी, पता-बेलदार मुहल्ला, डोरण्डा, रांची के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी)ए/26/35 के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति की गई है। अरगोड़ा थाना कांड संख्या 438/2023 में ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह उर्फ बबलू सिंह, पे0-शिवनाथ प्रसाद सिंह, स्थायी पता-ग्राम-गुरहा, थाना-रेहला, जिला-पलामू एवं वर्तमान पता-3 के टू, हरमू हाउसिंह कॉलोनी, आवास बोर्ड कार्यालय के पास, थाना-अरगोड़ा, जिला-रांची एवं रवीन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, पिता-स्व जगदीश सिंह, स्थायी पता- जंडोली, थाना-महिपालपुर, जिला-होशियारपुर (पंजाब), वर्तमान पता-7/7, जनता फ्लैट, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना-अरगोड़ा, जिला-रांची के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25(1-बी) ए/26/27/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। बुंडू थाना कांड संख्या- 68/23 में निशान हन्नीपूर्ति, पे-तिन्तुस पूर्ति, सा-ईदीपिड़ी, थाना-मुरहू, जिला-खूंटी, सुधीर बोदरा, पे-प्रेम अलबिनुस बोदरा, सा-माटागड़ा, थाना-बंदगांव, जिला-चाईबासा एवं डहारु प्रधान, पे-बंधा प्रधान, पता-बुरजू टोला, उलीडीह, थाना-सायको, जिला-खूंटी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25(1-बी) ए/26/27/35 के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।



### गौशाला न्यास समिति के चुनाव का होगा बहिष्कार : पूर्व सचिव



**रांची।** रांची गौशाला न्यास समिति रांची के पूर्व सचिव ज्योति बजाज एवं ललित कुमार पोद्दार ने सोमवार को संयुक्त रूप से बताया कि गौशाला न्यास समिति के 28 फरवरी को होने वाले चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा अपने न्याय एवं हक के लिए रांची व्यवहार न्यायालय के शरण में जाने का निर्णय लिया गया है। न्यायालय मे वाद पत्र दाखिल किया जा रहा है। गौशाला न्यास समिति रांची की सबसे पुरानी संस्था है। यह गौ वंश के संवर्धन का कार्य कर रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से संस्था में राजनीति हो रही है। इससे सेवा की भावना में कमी आई है एवं अपने स्वार्थपूर्ण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे बड़े-बुजुर्गों ने पूरे समाज को एक परिवार के रूप में जोड़ते हुए कई संस्थाओं का बीजारोपण किया। इसे एक बट वृक्ष के रूप में स्थापित किया और समाज के हर वर्ग को इसमें जोड़ने की कोशिश की गई। इसीलिए समाज के विभिन्न वर्गों के लोग तन मन धन से सेवा की भावना रखते हुए इस संस्था से जुड़ना चाहते हैं, किंतु ट्रस्ट के कुछ लोगों ने इसे अपनी जागीर समझ लिया है। वे इस पर अपना आधिपत्य जमाए रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 के दौरान तत्कालीन सचिव के पास लगभग 135 लोगों ने आजीवन सदस्यता के लिए आवेदन शुल्क के साथ आवेदन फॉर्म जमा किया था।

### रांची में हास्य कवि सम्मेलन 23 मार्च को

**रांची।** होली के अवसर पर 23 मार्च को मारवाड़ी भवन में कवि सम्मेलन होगा। समिति के अध्यक्ष अशोक नरसरिया ने सोमवार को कहा कि कवि सम्मेलन में दिल्ली के सुरेंद्र शर्मा, लखनऊ के अनिल अग्रवाल और साक्षी तिवारी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी सहित अन्य प्रख्यात कवियों को आमंत्रित किया गया है। अशोक नरसरिया ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार श्रोताओं के बैठने के लिए बेहतर प्रबंध किए जा रहे हैं। इस बार श्रोताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों को सुनने का मौका मिलेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

## 'शब्दकार' की गोष्ठी में साहित्य की कई विधाओं की हुई प्रस्तुति

# रश्मि शर्मा की लघुकथा 'सम्मोहन' में खो गए श्रोता

**लघुकथा, कविता, गजल, संस्मरण का हुआ पाठ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्दकार के तत्वाधान में 'सिटी पैलेस' लालपुर में साहित्यिक गोष्ठी संपन्न हुई। इसमें साहित्य की अनेक विधा, कविता, लघुकथा, गजल और संस्मरण सुनाया गया और उन सभी रचनाओं पर अध्यक्षीय उद्बोधन में साहित्यकार अनिता रश्मि एवं मंचस्थ 'शब्दकार' की रश्मि शर्मा और रीता गुप्ता ने भी टिप्पणी की।

कार्यक्रम की शुरुआत सुनीता अग्रवाल ने सरस्वती वंदना से की। फिर राजश्री राज ने 'धूप छांव बंधी हैं दोनों एक ही डोर' कविता प्रस्तुत कर जहां सबको मोहित किया, वहीं रश्मि सिंह ने 'कभी बनकर यशोधरा देखना' कविता में यशोधरा का दर्द बयान किया। सीमा चंद्रिका तिवारी ने 'दूर रहके पास का एहसास हो रहा' गीत सुनाया। मनोज कुमार झा 'मनु' का मुक्तक 'गुड्डू अनिल के दोहे, स्मिता की सुहानी कविता, मीरा सिंह की सरकारी स्कूल पर कविता, सुषमा झा की 'बेटी ' कविता ने सबका ध्यान आकृष्ट किया। रश्मि शर्मा की लघुकथा 'सम्मोहन' में श्रोता बंध गए।




अंशुमिता की कविता 'सादे पन्नों पर आज कुछ लिखना था' और राजीव थेपड़ा का गीत 'भूल जाओ उसे एक पल के लिए, फिर जनम के लिए' सुनकर सबने खूब तालियां बजाईं। निहाल सरायवी ने गजल सुनाकर समां बांध दिया। इधर, बिम्मी प्रसाद की कहानी, 'बेड पार्टनर', कविता रानी सिंह ने दो लघुकथाएं 'दायरा एवं विकास बनाम परदा' सुनीता कुमारी की 'संघर्ष और प्यार', अर्पणा सिंह की लघुकथा 'समर्पण', सत्या शर्मा कीर्ति की 'हैपिनेस ऑफ डेथ', संगीता कुजारा टाक की लव स्टोरी साकेत मॉल समेत रीता गुप्ता का संस्मरण 'जाना था जापान पहुंच गए चीन' सबने बहुत पसंद किया। कार्यक्रम का संचालन संगीता कुजारा टॉक ने और धन्यवाद ज्ञापन राजीव थेपड़ा ने किया।

# सरला बिरला स्कूल में खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल का हुआ फाइनल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल लीग के फाईनल मैच की मेजबानी की। इस अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव श्री गुलाम रब्बानी, भारतीय खेल प्राधिकरण की कोच सुश्री साक्षी और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्री शिवेंद्र दूबे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय फुटबॉल टीम के अंडर-19 के खिलाड़ी भी उपस्थित थे। फाइनल मैच तीन श्रेणियों में खेला गया। अंडर-13 का फाइनल महिला लीग जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी और ऑल झारखंड बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स एकेडमी, अंडर-15 का फाइनल महिला लीग तरुण घोष फुटबॉल क्लब और युवा फुटबॉल क्लब के बीच तथा अंडर-17 का फाइनल महिला लीग जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी और स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। अंडर-13 वर्ग में जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी ने तीन गोल से मैच जीता। अंडर-15 वर्ग में युवा फुटबॉल क्लब ने तीन गोल से जीत हासिल की और अंडर-17 वर्ग में स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब ने दो गोल से मैच जीता।

## कोल्हान में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका

# कोड़ा दंपति के भाजपा में आने से सिंहभूम सीट पर जीत तय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा और उनकी धर्मपत्नी सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में दोनों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। लोकसभा चुनाव से पहले गीता कोड़ा और मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होना कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका है। गीता कोड़ा झारखण्ड में कांग्रेस की एकमात्र सांसद थी। कोड़ा दंपति का कोल्हान में बेहद मजबूत पकड़ है, अपना कैडर है, आदिवासियों के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय नेता है। जिसके बदौलत ही 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद भाजपा को हराने में सफल रहे।

झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम और समीकरण को देखे तो गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने से भाजपा की जीत में अब कोई किन्तु परन्तु नहीं बचा है, वहीं कांग्रेस को एकमात्र सीट से भी हाथ धोना पड़ जायेगा। मालूम हो कि कुछ महीने पहले से ही यह अटकलें लग रही थी की जिस तरह से इंडिया गठबंधन झारखंड में कोड़ा दाम्पती को उपेक्षा किया जा रहा है और जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सोनाराम सिंकु को झारखंड सरकार के मंत्रालय में मंत्री पद नहीं देना यह भी एक बड़ा कारण है। चाईबासा में बाबूलाल के साथ गीता कोड़ा और मधु कोड़ा की सीक्रेट मीटिंग हुई पूर्व में हो चुकी थी। खैर मामला कुछ भी लेकिन कोल्हान की राजनीति में बड़ा बदलाव होने वाला है।

ज्ञात हो कि महागठबंधन की सरकार में लगातार कोड़ा दंपति के राजनीतिक कद को छोटा करने का प्रयास किया जा रहा था। सरकार गीता कोड़ा के अनुशंसा पर ध्यान नहीं दे रही थी। सबसे बड़ी बात यह भी सामने आ रही है कि मधु कोड़ा के चहेते विधायक सोना राम को कांग्रेस ने मंत्री पद नहीं दिया। इससे मधु कोड़ा काफी नाराज हो गए। इस बार सिंहभूम लोकसभा में आर पार की लड़ाई देखने को मिलेगी। जहां जेएमएम का सभी विधायक,मंत्री के साथ साथ मुख्य मंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। वही भाजपा से कोड़ा दंपति का विजय रथ पर सवार होकर लोकसभा में जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा का नैया पार लगाने के लिए गीता कोड़ा को अंतः भाजपा के शीर्ष नेताओं के सहमति के बाद शामिल होना पड़ा। कोड़ा दंपति के आने के बाद जिला में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। अचानक से जिला के राजनीतिक वातावरण बदल गया है। अब देखना है कि जगन्नाथपुर विधायक का रुख किया होगा।

### भाजपा की वाशिंग मशीन में धुल जायेंगे मधु कोड़ा : बन्ना गुप्ता



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गीता कोड़ा और मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते खा कि मधु कोड़ा के ऊपर कई तरह के मामले कई सालों से चल रहे हैं, जिससे कोड़ा दंपति परेशान थे, अब भाजपा के वाशिंग मशीन में जाने से मधु कोड़ा साफ सुथरा हो जायेंगे। मंत्री ने कहा कि कोड़ा दंपति के जाने से कांग्रेस को ना तो कोल्हान में कोई नुकसान होगा और ना ही राज्य में किसी को रस्सी से बांध कर नहीं रखा जा सकता है।

### महागठबंधन को कोई नुकसान नहीं : सीता सोरेन



झामुमो विधायक सीता सोरेन ने कहा कि गीता कोड़ा के भाजपा में जाने से महागठबंधन को कोई नुकसान नहीं होगा। सीता सोरेन ने कहा कि गीता कोड़ा के भाजपा में जाने के बाद अब सिंहभूम सीट पर झामुमो दावा करेगी।

### मैं कांग्रेस में ही रहूंगा : सोनाराम सिंकू



जगनाथपुर के कांग्रेस विधायक और मधु कोड़ा के करीबी रिश्तेदार सोनाराम सिंकू ने कहा कि उन्हें गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने की जानकारी नहीं है। मधु कोड़ा और गीता कोड़ा के भाजपा में जाने का उन पर कोई असर नहीं होगा हालांकि यह जरुर स्वीकार किया कि कोड़ा दंपति के कांग्रेस छोड़ने से कोल्हान में पार्टी कमजोर होगी, उनकी खाली जगह को भरना आसान नहीं होगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि वे फिलहाल कांग्रेस में ही बने रहेंगे और कोल्हान में कांग्रेस को मजबूत करेंगे।

## सरयू राय ने उठाया जमशेदपुर की 86 बस्तियों का मामला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से जमशेदपुर की बस्तियों को मालिकाना हक देने का मामला उठाया। जिस पर प्रभारी मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने ध्यानाकर्षण का उत्तर देते हुए स्वीकार किया कि टाटा लीज नवीकरण समझौता के शिड्यूल-5 में अवैध 86 बस्तियों को लीज भूमि से अलग किया है। तदनुसार 86 बस्तियों का सर्वेक्षण हुआ। सर्वेक्षण में आया कि 14,167 प्लाटों में निहित लगभग 1800 एकड़ भूमि लीज बाहर की गई है। इसमें 17,986 मकान बने हुए हैं, जिसका क्षेत्रफल करीब 1100 एकड़ है।

उन्होंने कहा कि रघुवर दास की सरकार ने एक निर्णय ले लिया कि 10 डिसमिल तक भूमि की बंदोबस्ती लीज पर की जायेगी, जो पूरे झारखण्ड के लिए है और जमशेदपुर में भी लागू है। सरयू राय ने पूरक प्रश्न में कहा कि सरकार मेरे ध्यानाकर्षण का सही उत्तर नहीं दे रही हैं। एक तो सरकार यह नहीं बता रही है कि क्षितिज चन्द्र बोस बनाम आयुक्त, राँची के मुकदमा में राँची नगर निगम की भूमि पर सर्वोच्च न्यायालय ने उनके प्रतिकुल कब्जा को मान्यता दिया है, क्योंकि यह प्रतिकुल कब्जा साबित हो गया है। उसी तरह जब 2005 में टाटा लीज नवीकरण समझौता के समय सर्वे हुआ और साबित हो गया कि करीब 1100 एकड़ भूमि पर 17986 मकान बसे हुए हैं यानी कि अपने मकानों पर आवासितों का प्रतिकुल कब्जा साबित हो गया तो सर्वोच्च न्यायालय के उपर्युक्त निर्णय के अनुसार इस भूमि पर आवासितों को मालिकाना उन्हें दे देना चाहिए।

## कांग्रेस में कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों की नहीं सुनी जाती है बात : गीता कोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** कांग्रेस पार्टी से सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने सोमवार को बीजेपी का दामन थामने के बाद कांग्रेस पार्टी पर जमकर बरसीं। बाबूलाल मरांडी के सामने सदस्यता ग्रहण करने के बाद सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि आज देश का विकास पीएम मोदी के साथ ही किया जा सकता है। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की संस्कृति और सभ्यता को विश्व पटल पर स्थापित कर रहे हैं वह काबिल-ए-तारीफ है। आज उनके नेतृत्व में पूरा भारत तरक्की कर रहा है। जिसका लोहा पूरा विश्व मान रहा है इसलिए प्रधानमंत्री के कार्यों से प्रभावित होकर आज उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस पार्टी के अंदर हो रहे विवादों पर कहा कि पिछले कुछ दिनों से जिस तरह से कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है उससे कहीं ना कहीं झारखंड के मूलवासियों और आदिवासियों को नुकसान हो रहा था। कांग्रेस पार्टी के इस व्यवहार को देखते हुए प्रदेश स्तर के कई नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व को लिखित एवं मौखिक रूप से जानकारी एवं शिकायत भी की, लेकिन इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी में जब कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनी जाए तो फिर निश्चित रूप से पार्टी में रहना मुश्किल हो जाता है। इन सभी परेशानियों को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़कर बीजेपी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि किसी भी शर्त के साथ वह पार्टी में नहीं आई हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी की तरफ से जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे ईमानदारी से निभाने का काम करेंगी।

वहीं, सिंहभूम से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी निर्णय लेगी। उसका वह स्वागत करेंगी। वहीं गीता कोड़ा के भाजपा पार्टी में शामिल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने भी उनके फैसले का स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोक कल्याणकारी कार्यों और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर चाईबासा की कर्मठ सांसद गीता कोड़ा जी ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा परिवार में आपका स्वागत एवं अभिनंदन है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष संजू पांडेय और पार्टी नेता संदीप वर्मा भी उपस्थित थे।

बता दें कि गीता कोड़ा सिंहभूम से सांसद हैं। वर्ष 2019 में वह कांग्रेस पार्टी से लोकसभा का चुनाव इस सीट से जीतीं थीं। वह पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी भी हैं। इसीलिए गीता कोड़ा का भारतीय जनता पार्टी में आना कहीं ना कहीं यह माना जा रहा है कि कोल्हान की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का पलड़ा और भी मजबूत हो गया है।

## झारखंड विधानसभा में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक का मामला गूंज उठा। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जोरदार हंगामा करने लगे और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। प्रश्नकाल में बिरंची नारायण ने भी जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक का मामला उठाया। भाजपा विधायक ने कहा कि 25 से 30 लाख रुपये में पेपर बेचा गया। आयोग के अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया। यह पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली घटना है। आखिर इस मामले का किंग पिन कौन है, राज्य की जनता यह जानना चाहती है। सरकार इस मामले की सीबीआई जांच कराये। इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नौजवानों की जिंदगी से कोई खिलवाड़ नहीं होगा। एसआईटी का गठन किया गया है। यदि एसआईटी जांच सफल नहीं होती है तो आगे की कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद सदन में भाजपा विधायकों के हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति बनाए सरकार : लंबोदर महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनाने और विभाग की ओर से प्रश्न पत्र लीक मामले में अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज केस को वापस लेने और इस मामले की सीबीआई जांच करने की मांग की है।

उन्होंने यह मांग सोमवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन शून्य काल में की। महतो ने सदन में राज्य सरकार का ध्यान इस बात की और आकृष्ट कराया कि झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्ति को लेकर गत 28 जनवरी को इसकी परीक्षा ली गई और परीक्षा के मात्र चार घंटे में प्रश्न पत्र लीक हो गया। जब इसका विरोध किया गया तो 15 नामजद एवं तीन से चार हजार अज्ञात अभ्यर्थियों के ऊपर केस कर दिया गया।

ऐसा होने से राज्य के अभ्यर्थियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में 3.59 लाख से ज्यादा नियमित सरकारी पदों की रिक्तियां हैं। उन्होंने राज्य सरकार से अभ्यर्थियों पर किए गए केस को वापस लेने और लीक प्रश्न पत्र की जांच सीबीआई से करने की वकालत की। उन्होंने इस विषय को लेकर सदन में कार्य स्थगन का प्रस्ताव भी लाया।

## उर्वशी पांडे ने रांची जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में पदभार संभाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उर्वशी पांडे ने आज जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रांची के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ प्रभात शंकर ने उन्हें पदभार सौंपा एवं भविष्य की शुभकामनाएं दी। उर्वशी पांडे झारखंड प्रशासनिक सेवा की चतुर्थ बैच की अधिकारी हैं। इससे पहले वे धनबाद में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने कहा कि जिला में पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान जिला जनसम्पर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## लोहड़िया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करे सरकार : किशुन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड में लोहड़िया जाति की वर्तमान सामाजिक स्थिति को लेकर झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने सवाल उठाया है।उन्होंने सदन के माध्यम से राज्य सरकार से जवाब मांगा है कि झारखंड में करीब 4500 लोहरिया जाति की आबादी वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी रह रही है लेकिन राज्य सरकार ने जवाब में कहा है कि इस संबंध में कोई संपुष्ट आंकड़ा विभाग को उपलब्ध नहीं है।विधायक किशुन कुमार दास ने सरकार से जानना चाहा कि लोहड़िया जाति बिहार सरकार कल्याण विभाग के वेलफेयर मैन्युअल गजट के 1950 ई के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के सूची में दर्ज है जिसका क्रमांक 20 पर लोहडिया अंकित है जिसे सन 1956 के संशोधित मैन्युअल गजट लोहरिया के स्थान पर लोहरा/ लोहारा अंकित कर दिया गया जो टंकनीय नहीं है भूल है ।राज्य सरकार से लहरिया जाति के रहन-सहन रीति रिवाज भी अनुसूचित जनजाति में वर्णित जातियों की तरह है ।लेकिन लोहड़िया जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने के बिंदु पर डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान रांची से प्रतिवेदन की मांग की गई है लेकिन प्रतिवेदन अब तक अब अप्राप्त है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। पू सिंहभूम।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे नेटवर्क की दक्षता और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे नेटवर्क विश्व स्तर पर सबसे बड़ी और सबसे विकसित प्रणालियों में से एक है, जो देशभर में लोगों एवं वस्तुओं के आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। राज्यपाल पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झारखंड में रेलवे नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड में टाटानगर और अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास इसी दिशा में एक सार्थक कदम है। राज्यपाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी पहल विकसित भारत 2047 की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विकसित भारत के लिए अन्य योजनाओं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की है। इससे लोगों को काफी सुविधा प्राप्त हो रही है। राज्यपाल ने इस अवसर पर साउथ ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, टाटा में आयोजित 2047 का विकसित भारत विकसित रेल विषय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इस कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने अन्नामृत फॉउंडेशन में जाकर वहां की कार्यप्रणाली को देखा और पौधरोपण भी किया। अन्नामृत फॉउंडेशन के जरिए बच्चों को मिड-डे-मील उपलब्ध कराया जाता है।

### आम लोगों को सुविधा होगी : महुआ माजी

राज्यसभा सदस्य महुआ माजी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेलवे के अभूतपूर्व कार्यों के लिए सराहना करते हुए कहा कि अब आम लोगों को इससे काफी सुविधा मिलेगी। क्योंकि एयरलाइंस का जब से मोदी सरकार ने प्राइवेटाइजेशन किया है तब से हवाई जहाज की टिकटें काफी महंगे हो गए। रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि पीएम मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने उन स्टेशनों पर भी ध्यान दिया है जहां पर यात्रियों की संख्या काफी कम होती है। मेरी जितनी भी मांगें हैं, वह सभी पूरी हुई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सामान्य वर्ग के अभियंताओं को लाभ पहुंचाने को नियम किया दरकिनार : किशुन दास

**रांची।** झारखंड विधानसभा में झारखंड विधानसभा में विधायक किशुन कुमार दास ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कनीय अभियंता से सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति में नियमों की अनदेखी का मामला उठाया है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि वरीयता सह पात्रता के प्रावधान के अंतर्गत प्रोन्नति प्रदान करने अथवा विचार करते समय मूल कोटि की वरीयता सूची में वरीयता क्रम में सामान्य वर्ग से ऊपर आने वाले अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सरकारी सेवकों को अनुरक्षित अनारक्षित रोस्टर बिंदु पर प्रोन्नति अनुमान्य होगी। लेकिन इस पत्र को दरकिनार कर सामान्य वर्ग के अभियंताओं को लाभ पहुंचाने हेतु विभाग में प्रोन्नति से संबंधित संचिका का आदेश उप स्थापित की गई है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सरकारी सेवकों को अनारक्षित रोस्टर क्लियर कर प्रोन्नति कब तक किया जायेगा।

### अरवा राजकमल बने सीएम के प्रभारी सचिव

रांची : राज्य सरकार ने आईएएस अरवा राजकमल को अपने पद से स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्यमंत्री के प्रभारी सचिव के पद पर पदस्थापित किया है। इसके अलावा, अरवा राजकमल नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग और उत्पाद एवं मध निषेध विभाग, जुड़को, ग्रेटर रांची विकास एजेंसी अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे।

### पेपर लीक मामले में चलाया जाएगा डिजिटल कैंपेन



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से संचालित होने वाले जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। प्रश्न पत्र के लिक होने के 26 दिन से भी अधिक बित जाने के बाद भी अब तक प्रश्न पत्र गिरोह के मुख्य सरगना का खुलासा नहीं हो सका है। सरकार की ओर से जांच की वस्तु स्थिति की जानकारी नहीं दी जा रही है। इसके खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन की ओर से डिजिटल ट्यूटर (एक्स) कैंपेन शुरू किया गया है। देवेंद्र नाथ महतो ने मीडिया से बताया कि एक मार्च को डिजिटल ट्विटर (एक्स) कैंपियन चलाया जाएगा। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हम छात्रों का उम्र लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन सरकार हम छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है। मीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ, परशुराम मानकी, अजीत, प्रकाश, हरेंद्र आदि सैकड़ो छात्र मौजूद रहे।

### जनता ने तय किया भाजपा को उखाड़ फेंकना है



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मोरहाबादी मैदान में चल रहे उपवास कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक मंशा से जो कार्रवाई विपक्षी नेताओं पर किया जा रहा है, वह पूरे देश की जनता के सामने है। झारखंड की जनता ने अब मन बना लिया है कि हेमंत सोरेन के समर्थन में आगामी चुनावों मे भाजपा को जवाब देना है। धरना में मुख्य रूप केंद्रिय सचिव नंदकिशोर मेहता, सुशीला एक्का, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, डॉ हेमलाल मेहता, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जनक नायक, रामानंद बेदिया, अंतू तिर्की, तालकेश्वर महतो, अरुण वर्मा, बबलू राम, आदिल इमाम, जुल्फिकार खान, रामशरण तिर्की, आफताब आलम, संजय राय, अरुण वर्मा व अन्य कई कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

### कांग्रेस महासचिव से झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने की मुलाकात



**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से दिल्ली स्थित उनके आवास पर झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में संगठन और सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में विशेष चर्चा की।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मार्च को आएंगे धनबाद

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक मार्च को धनबाद आएंगे। धनबाद भाजपा की ओर से इसकी जानकारी दी गई है। दौरे को लेकर शनिवार को धनबाद में प्रदेश पदाधिकारियों की मौजूदगी में धनबाद महानगर, ग्रामीण एवं बोकारो जिले के जिलास्तर के पदाधिकारियों, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, प्रभारी, संयोजक आदि की बैठक होगी। इसमें सासंद, विधायक आदि भी रहेंगे। बैठक की सूचना महानगर अध्यक्ष एवं अन्य जिलाध्यक्षों को दी गई है। प्रदेश से महामंत्री प्रदीप वर्मा बैठक में शामिल होंगे। महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि बैठक की सूचना सभी को प्रदेश की ओर से दी गई है। इससे पहले प्रधानमंत्री के धनबाद दौरे की तीन तिथि तय हुई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से दौरा टल गया। अब झारखंड भाजपा को दिल्ली से एक मार्च को पीएम के दौरे की तिथि तय होने की सूचना दी गई है। बताया गया कि प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही सिंदरी फर्टिलाइजर का उद्घाटन भी करेंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 10:30 बजे हर्ल का उद्घाटन करेंगे एवं 12 बजे बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर जनसभा होगी।एक मार्च को पीएम के दौरे की तिथि तय होने की सूचना के बाद भाजपाई सक्रिय हो गए हैं। अंदरखाने सूचना है कि 25 फरवरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनबाद आएंगे। उसी दिन धनबाद में लोकसभा चुनाव कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।

### झारखंड हाई कोर्ट ने मंजूनाथ भजंत्री का मामला सक्षम बेंच को ट्रांसफर करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने ईसीआई के इस दलील को नहीं माना कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) में होनी चाहिए। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर बहस हुई। कोर्ट ने कहा कि यह मामला रिट पिटीशन सर्विस (डब्ल्यूपीएस) का नहीं है। क्योंकि, सर्विस मैटर में एंप्लॉय एवं एंपलॉयर का संबंध रहता है। यह मामला रिट पिटीशन सिविल (डब्ल्यूपीसी) का है। इस मैटर को डब्ल्यूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए हाई कोर्ट में सुने जाने का निर्देश देते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### बीईईओ ने विभिन्न विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**बरही।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरही - 3 किशोर कुमार ने बरही के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति कम देखकर नाराजगी जताई. विद्यालय प्रधान को विद्यार्थियों को संख्या शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया. उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह उनका पहला निरीक्षण है, अगले निरीक्षण में उपस्थिति कम पाए जाने पर तलब किए जायेगे.

### श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह कलश यात्रा का आयोजन

**रामगढ़।** आस्था एवं भक्ति के प्रतीक विकास नगर जारा टोला स्थित श्री श्री नव दुर्गा मंदिर में श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शामिल लोग मंदिर परिसर से लक्ष्मी नारायण का जयघोष करते हुए हरहरी नदी पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा गया। इसके उपरांत कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु वापस मंदिर परिसर के लिए चले। कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां कलशों को विधि पूर्वक स्थापित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा व कलश यात्रा को लेकर श्रद्धालु उत्साहिक हैं।

### रेलीगढ़ा शिव मंदिर में यज्ञ करने को लेकर हुई बैठक

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा शिव मंदिर में यज्ञ करने को लेकर लोगों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने 9 अप्रैल से 18 अप्रैल तक नौ दिवसीय यज्ञ कराने का निर्णय लिया है। बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श की गई। साथ ही यज्ञ कमेटी का गठन किया गया। जिसमें गुंजन साव अध्यक्ष,विकाश ओझा सुभाष शर्मा, सोनू महतो, विनीत सोनी उपाध्यक्ष, सुनील कुमार सिंह, विकास सिंह, महेंद्र कुमार, दिलीप सिंह, भोला दूबे सचिव, रवि वर्मा, सुकेश दूबे, संतोष राउत कोषाध्यक्ष चुने गए।

आईसेक्ट विवि को बीसीआई से एलएलबी कोर्स की मिली मान्यता

# नामांकन प्रक्रिया की जल्द होगी शुरुआत : डॉ मनीष गोविंद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की ओर से एलएलबी कोर्स के लिए मान्यता प्रदान की गई है। ऐसे में सत्र 2024-25 से ही विश्वविद्यालय में एलएलबी (तीन वर्षीय) व एलएलएम (दो वर्षीय) कोर्स की नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मनीष गोविंद ने दी। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरूआती दिनों से ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है। एमसीए, एमबीए, डी फार्मा और इंजीनियरिंग की मान्यता मिलने के बाद एलएलबी कोर्स की मान्यता विश्वविद्यालय को मिलने से ना सिर्फ आसपास के विद्यार्थी ही लाभान्वित होंगे बल्कि हजारीबाग के साथ साथ चतरा, कोडरमा, गिरीडीह, रामगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी इससे अधिक लाभ होगा। वहीं मान्यता मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने हर्ष व्यक्त की और कहा कि विभिन्न कोर्सों के साथ साथ एलएलबी और एलएलएम के लिए भी अध्ययन अध्यापन के लिए उत्तम व्यवस्था विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

**विश्वविद्यालय में इन विषयों की होती है पढ़ाई :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम, बीलीब, एमलिब के अतिरिक्त मैनेजमेंट के क्षेत्र में बीबीए, पीजीडीआरडी, एमबीए, कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, बीएससी (आईटी) एमएससी (आईटी), कृषि के क्षेत्र में बीएससी (एग्रीकल्चर), एमएससी (एग्रीकल्चर), पत्रकारिता में बीजेएमसी, एमजे, योग में एमए इन योगा, पीजी डिप्लोमा इन योगा, डी फार्मा, अमानत, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल, सिविल, मेकेनिकल कोर्स भी चलाए जाएंगे।

डेंटल हॉस्पिटल में दस दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

# हमारी संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन सोमवार को दस दिवसीय भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। भव्य वार्षिक समारोह में सम्मानित अतिथिगण एवं गणमान्य शामिल हुए। जिसमें गायन, नृत्य और फैशन शो जैसे कार्यक्रमों सहित पारंपरिक समारोहों में कुल 730 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति एवं धार्मिक की अनूठा संगम पेश किया गया। कार्यक्रम में बहुरंगी प्रतिभा की झलक भी दिखी। मनमोहक प्रस्तुतियों के संग अतिथियों एवं दर्शकों की तालियां बटोरी। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने दस दिनों तक कुल 33 कार्यक्रम सफलतापूर्वक समापन पर सभी छात्रों को बधाई दी और उनके जीवन में सफलता की कामना की। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सा एक महान पेशा होता है। शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनों साथ-साथ चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी अमुल्य धरोहर है। हमें संजोकर रखने की आवश्यकता है।

शबरी मेले में शामिल हुए विधायक पुत्र करण जायसवाल

# माता शबरी प्रेम और भक्ति की रही हैं प्रतिमूर्ति : करण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत मोरांगी के नावाटांड़ मैदान में माता शबरी जयंती सह दो दिवसीय शबरी मेला का आयोजन हुआ। मेला के दूसरे दिन इस आयोजन में विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल और सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और माता शबरी की तस्वीर पर माथा टेककर उन्हें नमन किया। विधायक पुत्र करण जायसवाल का स्थानीय आयोजन समिति के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर, फूल माला पहनाकर और अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर करण जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की माता शबरी प्रेम और भक्ति की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए युवा आयोजनकर्ताओं को बधाई दिया।शबरी मेला के दौरान यहां खोरठा गायिका रौशनी राजधानी ने अपने भजनों और गीतों से उपस्थित लोगों को खूब झुमाया। समाज के बच्चों और कलाकारों द्वारा भी यहां कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# ऐसे आयोजन से भक्ति की भावना का होता है प्रसार : चंद्रप्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** श्री श्री नीलकंठेश्वर धाम हनुमान मंदिर कांकेबार रामगढ़ का 16वां वार्षिकोत्सव महोत्सव 25 फरवरी को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी सीताराम पंडित द्वारा धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न करवाया गया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, रात्रि में मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित भक्ति जागरण का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो, सम्मानित अतिथि अरविन्द महतो, बबलू सैनी, किट्टू भईया, झलक देव महतो, सुरेश महतो, शीतल महतो, नुनु लाल महतो, हरिदास महतो, गिरधारी महतो, धनेश्वर महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। भक्ति जागरण के दौरान अनिल राज ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की जिस क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते हैं वहां प्रभु की कृपा से खुशहाली आती है और भक्ति की भावना का प्रसार होता है। श्री चौधरी ने कहा की इस तरह के धर्मिक आयोजनों में जो भी शामिल होते हैं वे पुण्य के भागी होते हैं और उन्हें प्रभु की कृपा की प्राप्ति होती है । इसलिए ऐसे धार्मिक आयोजनों में लोगों को बढ़चढ़कर शामिल होना चाहिए । सांसद ने कहा जिस क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते हैं प्रभु की कृपा से उस क्षेत्र के लोगों के सभी संकट दूर होते हैं और क्षेत्र धान धन्य से परिपूर्ण होता है।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, निष्पादन का अधिकारियों को दिया निर्देश



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, राशन कार्ड, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### सीएचसी बरकट्ठा में 51 महिलाओं का किया गया सफल बंध्याकरण ऑपरेशन



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रत्नारानी कुंज की निगरानी में पीएचएसआई संस्था के द्वारा कुल 51 लाभुकों का लेप्रोस्कोपी महिला बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।इस निमित स्वास्थ्य प्रबंधक पंकज कुमार, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार ,वीरेंद्र कुमार बीटीटी प्रकाश पंडित, नरोत्तम कुमार एवं क्षेत्र की सहिया साथी एवं सहिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही । वही रत्न रानी कुंज ने बताया कि लेप्रोस्कोपी महिला बंध्याकरण सुरक्षित एवं सरल होती है। महिलाओं को भविष्य में इससे किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

### शिलाडीह पैक्स में चुनाव को ले नामांकन संपन्न




**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत शिलाडीह पैक्स लि. में प्रबंध कारिणी समिति का चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन दाखिला प्रक्रिया संपादित किया गया।सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, चौपारण के कारू राम सह (निर्वाचन पदाधिकारी शीलाडीह पैक्स लिमिटेड)ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निम्न प्रकार से नामांकन दाखिला किया गया है। अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार गिरी एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए क्रमशः खिरोधर महतो,असमत अली,देवलाल कुम्हार, नयूम अंसारी, कोशल्या देवी, सरस्वती देवी, रिंकी देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी, एवं इंदिरा देवी के द्वारा नामांकन दाखिला किया गया है। नामांकन दाखिला कोरम के अनुरूप है।मौके पर अवध किशोर सिंह,चंद्रशेखर सिंह, कमरू अंसारी, किशोर मंडल,गुड्डू शर्मा, मिठु पाण्डेय, जुमराती मिंया, लालविजय नाथ शाहदेव,संजय भूंईया आदि लोग मौजूद थे।

### गैड़ा में धूमधाम से मनाया गया शब-ए-बरात



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गैड़ा पंचायत के बेडोखुर्द तथा बसरामो में धूम धाम एवं भाईचारगी के साथ शब ए बारात मनाया गया।वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से गैड़ा पंचायत के उप मुखिया चन्द्रदीप पाण्डेय शामिल हुए। उन्होंने कहा इस्लाम धर्म के मान्यता के अनुसार इस्लाम के लिए शब ए बारात बहुत खास त्यौहार है ।आज के रात सभी इस्लामी फजर के अजान के बाद रोजा रखते हैं और रात भर जागकर नवाज अदा करते हैं। इस पाक रात को जो भी सच्चे दिल से अल्लाह की इबादत करता है उसकी हर गुनाह अल्लाह माफ करते हैं।आज के रात गुनाहों से तौबा करने के साथ फिर से गुनाह नहीं करने का वादा करते हैं तथा इसे तकदीर बदलने वाला रात भी कहा जाता है। इस कार्यक्रम में वार्ड सदस्य किताबून खातून शहनाज बेगम, बबून मियां, अकबर मियां, हदीस अंसारी, मकबूल अंसारी, मंसूर अंसारी, सखावत अंसारी, करीम अंसारी, असगर अंसारी, इस्लाम अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सांसद जयंत सिन्हा ने कहा, मोदी के नेतृत्व में बन रहा विकसित हजारीबाग



**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 41,000 करोड़ से अधिक की लगभग 2,000 रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 553 रेलवे स्टेशनों का 19,000 करोड़ से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत झारखंड के 18 रेलवे स्टेशनों का लगभग 579 करोड़ की लागत से पुनर्विकास एवं नवीनीकरण होगा। हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन का लगभग 17 करोड़ से पुनर्विकास किया जायेगा। सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा भुरकुंडा रेलवे स्टेशन से इस कार्यक्रम से क्षेत्रवासियों के साथ जुड़े। प्रधानमंत्री ने हजारीबाग लोकसभा को रेल संबंधी कई सौगात दीं। उन्होंने भुरकुंडा-पतरातू, पतरातू-टोकीसुद, टोकीसुद-हेन्देगीर और मुरी-बरकाकाना में रेल अंडरपास व ओबरब्रिज के निर्माण कार्य का उद्घाटन कर इन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया और रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा में रेल सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। आज का दिन हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक है। रेल अंडरपास व ओबरब्रिज के उद्घाटन से यात्रियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है।

बोधा डैम में वनभोज का किया गया आयोजन

# शामिल हुए पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** प्रखंड के बोधा डैम पर्यटक स्थल परिसर में वन भोज सह संगोष्ठी कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इब्राहिम अंसारी,जितेंद्र पासवान, के नेतृत्व में 26 फरवरी 2024 दिन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में किया गया ।मंच संचालन रामविलाश शर्मा ने किया। संगोष्ठी में झरपो, भाराजो,खैरा, मेढकुरी, कैबलाशी, इचाक गोबरबांदा , पूनाई पंचायत के कई कार्यकर्ताओं वक्ताओं ने अपने क्षेत्रीय पंचायत कि समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत करवाया। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ने अपनी विधायिकी भाषण में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ता गण मतदाता गण मुझे अपने बहुमूल्य मतदान कर भारी मतों से विजय बनाकर मुझे सेवा करने का मौका दे उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि नेता नही बल्कि क्षेत्र के बेटा बनकर कार्य करूंगा। मैं पूर्व में भी अपने कार्यकाल में कई क्षेत्र विकास हित कार्य को किया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर एक साथ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित कुल 30 सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं जिले के अन्य विद्यालयों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों के द्वारा बच्चों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही बच्चों को अपने अभिभावकों एवं आस पड़ोस के अन्य लोगों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं बिना किसी लोभ अथवा भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

### बलकुदरा में रात को हुई पूजा, शुरू हुआ कोयले का प्रोडक्शन

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** अपराधियों की धमक से कांट्रेक्टर ही नहीं सीसीएल के अधिकारी भी सहमे हुए हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण बलकुदरा खान परिसर में देखने को मिला। पूरे दिन की खामोशी के बाद प्रबंधन ने रात्रि तकरीबन साढ़े 8 बजे पूजा-पाठ कर कोयले का प्रोडक्शन व ट्रांसपोर्टिंग का काम शुरू किया। इस काम में पूरी गोपनियता बरती गई। आलम यह था कि बलकुदरा में कार्यरत कर्मियों को भी इसकी भनक नहीं लगी। रात के सन्नाटे में पीओ मनोज कुमार पाठक, मैनेजर राजकुमार वर्णमाल और जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी साइट में पहुंचे और पूजा अर्चना किया। इसके बाद प्रदीप मांझी ने विधिवत नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया। रात को यहां से मात्र दो हाईवा ट्रक ही कोयला लाद कर बाहर निकले। इससे पूर्व दिन में यहां ब्लास्ट कर कोयला उत्खनन की जमीन तैयार की गई थी। वहीं बलकुदरा से विधिवत कोयले का प्रोडेक्शन व ट्रांसपोटिंग शुरू हुआ।

एसडीओ ने बरही के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# सीसीटीवी समेत शांति व्यवस्था बहाल रखने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू ने मैट्रिक व इंटर का चल रहे परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने बरही के बरही प्लस टू उच्च विद्यालय बरही, मध्य विद्यालय बरही, इंटर कॉलेज बरही, करियातपुर उच्च विद्यालय, आरएनवाईएम कॉलेज बरही सहित अन्य परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी समेत शांति व्यवस्था बहाल रखने का निर्देश सम्बंधित केंद्राधीक्षक को दिया। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में किसी तरह की कमी ना हो इसको लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। परीक्षा कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण सम्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि छात्रा छात्राएं अच्छे माहौल में सुगमतापूर्वक अपनी परीक्षा दे सके, इसका खास ख्याल रखा जा रहा है। एसडीओ के साथ सीओ रामनारायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार मौजूद थे। मौके पर डॉ सुनील यादव, सुरेश रजक, मनोज घोष, मथुरा प्रसाद, अयोध्या प्रजापति, अरुण कुमार, उषा राम, संध्या कुमारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### सभी नए पुलिस पदाधिकारियों की हुई पदस्थापना

**रामगढ़।** रामगढ़, हमारे प्रतिनिधि। एसपी पीयूष पांडेय की ओर से पुलिस केंद्र रामगढ़ से पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न ओपी व थानों में पदस्थापित किया गया है। जिसमें पुअनि अर्जुन उरांव, मुन्ना कुमार सिंह, दिनेश कुमार, सतीश आशिष तिर्की को यातायात थाना, पुअनि प्रदीप कुमार राजक, अजित कुमार, रेणुका कुमारी दास, शिवा कच्छप, दिनेश कुमार, संतोष कुमार को पतरातू थाना, पुअनि मो नौशाद, विकास कुमार, निरंजन कुमार सिंह, अशोक कुमार, नवीन होरो को रजरप्पा थाना, पुअनि अभिषेक प्रताप, कुणाल कुमार, निर्भय कुमार गुप्ता को भुरकुंडा ओपी, पुअनि मनोज मुर्मू, सोमाय सोरेन को भदानीनगर ओपी, पुअनि संतोष उरांव को मांडू थाना, मनीष कुमार सिंह को कुज्जू ओपी, रवि कुमार, संजय बेदिया, रंजीत कुमार को वेस्ट बोकारो ओपी, पुअनि कृष्णदेव महतो को बासल थाना से पुलिस नियंत्रण कक्ष में नव प्रतिनियुक्ति किया गया है।

# सदन में विधायक ने उठाया होमगार्ड नियुक्ति का मामला



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सोमवार को शून्य काल के दौरान बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सदन में होमगार्ड नियुक्ति का मामला सदन में उठाया. अध्यक्ष को संबोधित करते हुए उन्होंने सदन से मांग किया कि 2019 में होमगार्ड नियुक्ति हेतु प्रारंभ की गई थी. परंतु 4 वर्षों के बाद भी इसे पूरा नही किया जा सका है. सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे है. इससे कई बेरोजगारो का भविष्य अधर में लटका हुआ है. विधायक ने अध्यक्ष से मामले को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की मांग किया है. विदित हो कि होमगार्ड बहाली को लेकर अभ्यर्थियों ने धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल तक भी किया था. जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला था. परंतु सरकार ने इस दिशा में अब तक कोई समाधान नहीं किया, और प्रक्रिया अब तक लंबित पड़ा हुआ है।

## एक नजर

### सिमडेगा-रांची पथ को करें फोर लेन : विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र के शून्यकाल में सिमडेगा से रांची भया कोलेबिरा, कामडारा, कर्रा, लोधमा पथ को फोर लेन करवाने की जोरदार तरीके से मांग की है। विधायक ने सत्र के माध्यम से सरकार को बताया कि सिमडेगावासी सड़क मार्ग पर आश्रित हैं। जिले के हजारों लोग प्रतिदिन रांची, ओडिसा के राउरकेला आदि क्षेत्र आना जाना करते हैं। किंतु सड़कों की चौड़ाई कम होने से लगातार जाम की समस्?या बनी रहती है। साथ ही लोगों को भी आवागमण में कई परेशानी होती है। विधायक ने कहा कि सिमडेगा से रांची भाया कोलेबिरा, कामडारा, कर्रा, लोधमा पथ की चौड़ाई भी काफी कम है। जबकि इस रास्ते से होकर रोजाना गुजरने वाले छोटे बड़े हजारो वाहनों चालकों को काफी परेशानी होती है। अतः जल्द जनहित को देखते हुए डीपीआर तैयार कर सिमडेगा-रांची पथ को फोर लेन बनाया जाय। ताकि लोगों को अवागमण में काफी सुगम हो सके।

### कांग्रेस ने नवनियुक्त थाना प्रभारी से की मुलाकात



**केरसई।** केरसई के नये थाना प्रभारी के रूप में नवीन कुमार ने अपना योगदान दिया वहीं सोमवार को अहले सुबह प्रखण्ड कांग्रेस कमिटि केरसई के पदाधिकारी, प्रखण्ड एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मौके पर थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि केरसई थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए उन्हें सबों के सहयोग की आशा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराध को नही पनपने दिया जायेगा साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति की सूचना उन्हें जरूर दें। कांग्रेसी नेताओं ने केरसई के अमन पसंद माहौल से अवगत कराते हुए क्षेत्र में सौहार्द्र, शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष जेफ्रेंन केरकेट्टा, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, जिप सदस्य केरसई प्रेमा बाड़ा, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष जॉर्ज वाल्टर सोरेंग, जिला सचिव मनोहर कुमार, जिला महासचिव शम्भू प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार,मुंस खेस्स व शशि प्रसाद,महिला प्रखण्ड अध्यक्ष मधु खलखो, संध्यारानी कुजुर, केरसई मुखिया फबियोला खेस्स,बाघडेगा मुखिया राहुल रोहित तिग्गा सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा की बी टीम के रूप में नजर आ रही है कांग्रेस पार्टी : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भाजपा के बी टीम के रूप में उभर कर सामने आ रही है कांग्रेस पार्टी कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस को वोट देने का मतलब अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को ही समर्थन देना लग रहा है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री एनोस एक्का सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस पर हमला बोला है। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा सोमवार को भाजपा में शामिल हो गई। लोकसभा में झारखंड कांग्रेस मुक्त हो गई है।इसके अलावे कांग्रेस के कई विधायक के द्वारा भाजपा के द्वारा करोड़ों रुपए लेने की बात मीडिया से लोग जान चुके हैं। उन्होंने जिले के दोनों कांग्रेस विधायक पर भी जनता की भावनाओं का ख्याल नहीं रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधायकों को जिले के विकास से और लोगों की समस्या से कोई मतलब नहीं है। जिले के जनप्रतिनिधि क्षेत्र में नफरत फैला कर प्रेम और स्नेह के वातावरण को खत्म करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधि लोगों के बीच जाकर धर्म के बारे में बेतुका और बेबुनियाद बातें कह कर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। एनोस ने कहा कि झारखंड पार्टी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी है और अलग झारखंड की लड़ाई में झारखंड पार्टी का योगदान अहम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी लोगों के आशीर्वाद, प्यार और समर्थन के दम पर झारखंड पार्टी एक बार फिर अपना परचम लहराएगी और लोगों की सेवा करेगी।

# बाइक और टेंपो में जोरदार टक्कर, दर्जनों लोग घायल



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

तेज रफ्तार बाइक और टेंपो में जोरदार भिड़ंत से दर्जनों लोग घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लचरागढ़ बरसलोया मुख्य पथ स्थितल चुटिया नदी के समीप बाइक और टेंपो में जोरदार भिड़ंत से दर्जनों लोग घायल हो गए जिसमें जिस पुसो देवी फूलमनी सुरीन कमला देवी तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं सीजंग निवासी पार्वती कुमारी कॉम्बकेरा निवासी सोनी तिर्की व आरती तिर्की को आंशिक चोटे आई वही दो स्कूली बच्चों के बेहोश होने की सूचना है जानकारी के अनुसार टेम्पो बरसलोया से लचड़ागढ़ सवारी लेकर जा रही थी वहीं तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति लचरागढ़ से बरसलोया की ओर जा रहा था जैसे ही चुटिया नाल नदी के समीप पहुंच जोरदार ठोकर दे मारी जिससे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति तो घायल हुआ है टेंपो में सवार दर्जनों यात्री घायल हो गए। तत्पश्चात स्थानीय लोगों के सहायता से प्राथमिक उपचार के लिए कुछ लोगों को लचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वही कुछ लोगों को कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है।

# तामड़ा के शिव मंदिर में हुआ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर की प्रथम वार्षिक महोत्सव के मौके पर सोमवार की सुबह कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हो गया। सर्वप्रथम तालाब से कलश में जल लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया इस मौके पर काफी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रही, वहीं इधर धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य विश्वनाथ मिश्र के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर रहे हैं तो वहीं यजमान के रूप में सुंदर साव शामिल है। वही कीर्तन शुरू हुई जहां पर आसपास के काफी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए वहीं कीर्तन में भाग लेने के लिए तामड़ा, भेलवाडीह, बीरू, सिकरियाटांड, टभाडीह, कुम्हार टोली, भींजपुर, सरलौंगा, पतरा टोली सहित कई गांव की मंडली शामिल हुई है और हरे राम हरे कृष्ण के धुन के साथ पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय में बना दिया। जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया है जहां पर काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया वहीं मंगलवार को कीर्तन समाप्ति के मौके पर हवन पूजन एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरे गांव वालों की भूमिका है।

# आदिवासी समाज को खत्म करने की साजिश है डीलिस्टिंग : रावेल लकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

प्रखंड अन्तर्गत लम्बोई में आदिवासी ईसाई महासभा की बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में लम्बोई पेरिस के मंडली के लोगों ने भाग लिया।इस बैठक में सभी मंडली के पदाधिकारियों और उपस्थित जनसमूह ने आज के केंद्र सरकार द्वारा आदिवासी समाज के विरुद्ध प्रायोजित कई प्रकार के षड्यंत्रों पर बिशेष चर्चा की।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने कहा डी लिस्टिंग के नाम पर भाजपा द्वारा किये जा साजिश को बताते हुए कहा कि भारतीय संविधान के पांचवीं अनुसूचि के तहत अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए केन्द्र सरकार ने पेसा कानून 1996 बना कर दिया । जिसमें आदिवासिंयों एवं मुलनिवासियों का संरक्षण एवं विकास करने के लिए उनके पारंपरिक आजीवीका , अस्तित्व एवं पहचान के लिए जल, जंगल, जमीन, खनीज व सम्पदा ,नौकरी में आरक्षण का अधिकार दिया है। जिसे हम सभी को एकजुट रहकर बचाने की आवश्यकता है।बैठक में प्रचार चोन्हास एक्का, नेलन सोय, बेंजामिन डांग, बेरथा तोपन, एथल टोपनो, प्यारा मुंडू, प्रफुल कीड़ो,जोहान टोपनो, जुनुल टोपनो सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ओड़गा रेलवे स्टेशन का हुआ शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

ओड़गा रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण तथा अंडरपास और रेल ओवरब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया। जिसमे विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।सर्वप्रथम स्वागत गान के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने उपास्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो ओड़गा स्टेशन का नवीनीकरण और अंडरपास तथा रेलवे ओवरब्रिज के शिलान्यास कार्यक्रम हो रहा है, इस निर्माण के लिए जनता के द्वारा बिगत 3 साल पहले विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को आवेदन दिया गया था कि ओड़गा रेलवे स्टेशन, टाटी, टोनिया सहित कई जगहों पर रेलवे अंडरपास और रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होना चाहिए क्योंकि अंडरपास और रेलवे ओवरब्रिज नही रहने की वजह से आसपास रहने वाले सभी लोगों को बहुत असुविधा होती थी तथा रेलवे लाइन पार करने में दुर्घटना होने के कारण जान जाने का डर था। जिसपर विधायक ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रांची रेल मंडल तथा केंद्र सरकार को अनुशंषा पत्र लिखकर अविलंब इस बहुप्रतीक्षित मांग को पुर्ण करने का मांग रखा था।आज 3 वर्ष बीत जाने के बाद इस मांग पर कार्य शुरू हो रहा है, उन्होंने बिधायक की तरफ से भारतीय रेल को धन्यवाद दिया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष शुशील जड़िया, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर खान, अल्पसंख्यक जिला सचिव जमीर हसन, कुटुंगिया पंचायत अध्यक्ष सुनील सुरीन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोलबा थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक, बोले

# क्षेत्र की समस्याओं को शीघ्र किया जाएगा दूर



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा थाना परिसर में नए थाना प्रभारी विकास कुमार महतो ने ग्रामीणों के साथ किया बैठक एवं क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के बारे ग्रामीणों से लिया जानकारी। मौके पर बैठक के शुरूआत में उपस्थित सभी लोगों से परिचय प्राप्त किया इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं की जानकारी लिया गया । इस मौके पर ग्रामीणों ने अवैध शराब की बिक्री को बन्द कराने एवं करवाई करने की बात कही, इसके साथ सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण, बैंक ऑफ इण्डिया बोलबा में खाताधारियों हो रही परेशानीयों को समाधान करने की माँग किया गया । थाना प्रभारी विकास कुमार महतो ने लोगों को बताया कि पुलिस की यह वर्दी किस्मत वालों कक मिलती है ।इस वर्दी को कभी भी धूमिल नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने की समस्याओं पर बात करते हुए कहा कि बैंक की समस्याओं प्रबंधक से जानकारी लेने के बाद बैंक में हो रहे समस्याओं को समाधान किया जायेगा । ठीक नही होने पर उपायुक्त सिमडेगा को आवेदन भेजा जायेगा । सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए रेड जॉन चिन्हित किया जायेगा साथ ही ब्रेकेटिंग लगाया जायेगा । इसके साथ वाहन चेकिंग किया जायेगा । वाहन की सभी कागजात सहित ड्राइविंग लाइसेंस साथ लेकर चलें अन्यथा चालान काटा जायेगा । छेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री बन्द कराया जायेगा ।

### अमृत स्टेशन के तहत बानो सहित राज्य के कई स्टेशनों को करोड़ों की सौगात

# देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी यह योजना : सुशील



नवीन मेल संवाददाता। बानो

रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के स्टेशनों के विकास के लिए 'अमृत स्टेशन योजना' शुरू की है। जिसका दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना के साथ झारखंड में करोड़ों की सौगात दी गई। इसमें इस तरह के प्रत्येक स्टेशन में जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पहुंच, सकुर्लेटिंग क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय के सुधार, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, एक स्टेशन एक उत्पाद जैसी योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंजों, व्यवसायिक सभाओं के लिए मनोनित जगहों, लैंडस्केपिंग इत्यादि जैसी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना तथा चरणबद्ध तरीके से उसका क्रियान्वयन शामिल है।इस योजना में इमारतों के सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, 'दिव्यांगजनों' के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान, बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाजा', चरणबद्धता और संभावनाओं और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेंटरों के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है। अब तक, भारतीय रेलवे में इस योजना के तहत विकास/पुनर्विकास के लिए 1318 स्टेशनों की पहचान की गई है। बानो स्टेशन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना का आज एक अंग दिख रहा है, हमारे जीवन में रेलवे का बहुत अहम स्थान है आज देश भर में 41000 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है यह देश के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा केंद्रीय मंत्री से अर्जुन मुंडा जी के प्रयास से जन भावनाओं के अनुरूप कुछ और ट्रेनों का ठहराव बानो स्टेशन में होगा आज इसी कड़ी में बानो स्टेशन के जीणोर्धार सहित रेल लाइन दोरीकरण के अंतर्गत 12.5 करोड़ का सौगात दिया गया है, मौके पर विकसित भारत पर रेलवे का योगदान क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सांसद प्रतिनिधि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# झापा ने किया वन भोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

जलडेगा के लोम्बोई में सोमवार झारखंड पार्टी की ओर से वन भोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, जिला अध्यक्ष मतीयस बागे,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का, मौजूद रहे पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी संगठित होकर वन भोज सम्मेलन समारोह का आयोजन किया है, यहीं से हम लोग लोकसभा चुनाव के तैयारी में जुड़ेंगे प्रत्येक गांव-गांव घर-घर जकार्ता लोगों को झारखंड पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराएंगे ताकि आने वाले दिनों में संगठन लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी। क्षेत्र के विधायक पर निशाना चाहते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हाथों बिके हुए हैं और इसीलिए इस क्षेत्र में खुद को ईसाइयों के मसीहा और हमदर्द के रूप में नाटक कर रहे हैं ,जबकि इस क्षेत्र की जनता से किसी प्रकार का कोई भी सरोकार नहीं है। जनता जान चुकी है कि पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी से करोड़ों रुपए लेकर इन्होंने सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया और यहां तक कि यहां की जन भावनाओं को ख्याल ना रखते हुए आज भी धर्म के नाम पर लोगों के बीच बयान देकर धर्म की राजनीति करते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बांसजोर महिला उत्थान किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की हुई पहली बैठक



बांसजोर। प्रखण्ड के जेएसएलपीएस सभागार मे बांसजोर महिला उत्थान किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड , एफपीओ की हुई पहली बैठक ।बैठक की अध्यक्षता जेएसएलपीएस बीपीएम मधुरेन्द्र निराला के द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दस बीओडी सदस्य और मुख्य पांच डायरेक्टर का चयन किया गया। साथ ही एक चेयरमैन का चयन भी किया गया। बीपीएम मधुरेन्द्र निराला के द्वारा एफपीओ के एजेंडों के आधार पर बारी बारी से चर्चा किया गया और एफपीओ से संबंधित सभी जानकारी को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला से आए डीएम लाइवस्टोक गायत्री भगत के द्वारा एफपीओ को सही से संचालित करने की जानकारी दी गयी । मौके पर सीसी मुंगेश्वर साहु, दिगपाल सिंह, रूपनारायण मुंडा, एलएचसीआरपी रीतामनी देवी , प्रवीण समद, मनु मेहर, रंजीत नायक , पंकजनी सुनानी, अल्फा लुगुन, रंजीता देवी , झरियो टोप्पो, अरूण बड़ाइक, सहित सभी बीओडी सदस्य एवं जेएसएलपीएस कर्मी उपस्थित थे।

### हाई वैल्यू क्रॉप पर किसानों को दिया गया प्रशिक्षण




**जलडेगा।** टिनगिना पंचायत सभागार में लीड्स संस्था के द्वारा दो दिवसीय हाई वेल्यु क्रॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरिन ने किसानों को उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के बारे जानकारी दिया।उन्होंने बताया कि अभी के दौर में किसानों को मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। जिससे किसान धीरे-धीरे कृषि कार्य छोड़ रहे है।ऐसे में किसान उच्च मुल्य वाली फसलों को लगाकर अपनी आय में बृद्धि कर सकते है। जैसे ब्रोकली , शिमला मिर्च, ड्रैगन फ्रूट, मुनगा, स्ट्रॉबेरी आदि। समय और बाजार मांग के हिसाब से खेती करने से किसान ज्यादा मुनाफा प्राप्त कर सकते है। साथ ही कृषि के क्षेत्र में तकनीकी पद्धति की आवश्यकता है। वहीं लीड्स के कलिंदर प्रधान ने किसानों के लिए सरकार द्वारा संचलित कल्याणकरी योजनाओं की जानकारी तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दिया। मौके पर संजय नाग, रामेस्वर नाग, अल्फोंस सुरीन , फूलचंद लोहरा सहित काफी संख्या में किसान मैजूद थे।

### सिमडेगा जिला कार्यालय में लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर हुई बैठक




**सिमडेगा।** भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद की अध्यक्षता में नगर मंडल की कार्यशाला आयोजित हुई नगर मंडल कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश से बिपिन बिहारी सिंह एवं राजधनी प्रसाद यादव उपस्थित हुए नगर कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम के लोकसभा सह संयोजक संजय ठाकुर ने अभियान की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुआ कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में लाभार्थी सम्पर्क अभियान 1 मार्च से 4 मार्च तक चलाई जाएगी प्रदेश के द्वारा सम्पर्क अभियान में मंडल स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकताओं की सूची एवं लाभार्थी की सूची प्रत्येक मंडल में उपलब्ध कराई गई है कार्यकर्ता पूरे झारखंड में लगभग 22 लाख लाभाथीयों से सीधा सम्पर्क करेंगे और लाभार्थियों के मोबाइल से 9638002024 पर मिस्ड कॉल करेंगें साथ ही देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री के पत्रक का वितरण कर मोदी जी के 10 वर्षों की कार्यकाल के अनुभव की जानकारी लेकर शोशल मीडिया एवं सरल एप्प पर साझा करेंगे कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक,पूर्व विधायक विमला प्रधान,पूर्व विधायक निर्मल बेसरा,दुर्गविजय सिंह देव,श्रद्धानन्द बेसरा,दीपक पूरी,मनोज साय,प्रणव कुमार,भोला साहू,अमरनाथ बामलिया,दिलेश्वर सिंह,राजमणि प्रधान,हंसारानी,कमला कुमारी, पिंकी प्रसाद,श्रीलाल साहू,सतीश पांडेय,अनूप प्रसाद,कृष्णा ठाकुर,रवि गुप्ता, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झामुमो ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरुद्ध न्याय मार्च निकाला




**जलडेगा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तारी के खिलाफ प्रखंड के पतिअम्बा पंचायत, लमडेगा पंचायत और जलडेगा पंचायत में पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला।मौके पर झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष जुसाफ लुगुन ने कहा कि झारखंड राज्य एवं देश की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य बहुत ही गंभीर है उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की सरकार द्वारा झारखंड प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री को केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए बेवजह प्रताड़ित कर रही है।मुख्य वजह भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के सामने पूर्व मुख्यमंत्री का न झुकना, उसका विरोध करना एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास के एजेंडा को लागू करने का ईमानदार प्रयास भारतीय जनता पार्टी को नहीं पच रहा है।जलडेगा प्रखंड जिला परिषद रोजालिया शांता कांडुलना ने कहा झामुमो सिमडेगा ने निर्णय लिया है कि माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के गिरफ्त से बाहर आने तक आम जनों के बीच हम जागरूकता फैलाते रहेंगे।न्याय मार्च में मुख्य रूप से झामुमो जलडेगा प्रखण्ड अध्यक्ष जुसाफ लुगुन, उप अध्यक्ष अजीत किड़ो, रियाज अहमद, कोषाध्यक्ष विजय बागे, जिला परिषद सदस्य जलडेगा रोजालिया शांता कांडुलना, तीनों पंचायत जलडेगा, पतिअम्बा और लमडेगा के पंचायत अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### घुटबहार में बाइक से गिरकर दो लोग गंभीर रूप से घायल

**ठेठइटांगर।** प्रखंड के घुटबाहर पंचायत अंतर्गत लड़ाई बांध के पास अनियंत्रित होकर एक बाईक मे दो लोग ओड़िशा जाने के क्रम में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को दी। वे तत्काल वहां पहुंचे एवं 108 एंबुलेंस को फोन के माध्यम से तुरंत घटना स्तर पर बुला कर सदर अस्पताल सिमडेगा भिजवाया, घायल व्यक्ति में सलगाबहार ओडिशा निवासी सुशील डांग एवं कुवारमुण्डा निवासी अनूप सुरीन दोनों अपने मामा के पास मेहमान आए थे एवं लौटने के क्रम में घटना घटी, घायलो का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

## एक नजर

### गांडेय पुलिस ने सड़क किनारे बेहोश महिला को अस्पताल पहुंचाया



**गिरिडीह।** जिले की गांडेय पुलिस ने मानवता का परिचय दिया है। सड़क किनारे बेहोश पड़ी एक महिला को पुलिस द्वारा अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह से गांडेय के महोदामोड़ स्थित जय मां तारा इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सामने 35 वर्षीय आदिवासी महिला बेहोशी की हालात में सड़क किनारे गिरी हुई थी । स्थानीय दुकानदार ने उसे जगाने का कई बार प्रयास किया. लेकिन महिला लगभग संध्या चार बजे तक जस की तस सड़क के किनारे बेहोशी की हालात में पड़ी रही। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राजू मंडल की नजर महिला पर पड़ी और उन्होंने तुरंत गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह को सूचना दी। सूचना पाते ही वे तुरंत अपने पुलिस जीप के साथ पुलिस जवान बीरबल सिंह और दो अन्य जवान के साथ पहुंचे और महिला को पुलिस द्वारा अपने वाहन से सीएचसी गांडेय ले जाया गया। जहां महिला इलाजरत है। खबर लिखे जाने तक महिला कुछ नहीं बता पा रही थी।

### अवैध कोयला लदे वाहन को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र के ससारखो पंचायत के तिरंगा मोड़ बासोकांडो से रविवार की रात्रि अवैध कोयला लदा एक चार चक्का वाहन को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि अवैध कोयला कारोबार का खेल रात के अंधेरे में जोर शोर से तस्कर उत्तराखंड के रास्ते गिरिडीह, कोडरमा तिलैया, नवादा बिहार तक जाता है और इस धंधे में शामिल लोग गाढ़ी कमाई करते हैं। वहीं बताया जाता है कि रविवार की देर रात्रि कुछ युवकों को सुचना मिली थी कि बासोकान्डो के रास्ते गिरिडीह कोयला लदा वाहन जाने वाला है। युवकों ने वाहन को पकड लिया जिसका विरोध कुछ लोग करने लगे वहीं वाहन में सवार चार लोग विरोध होता देख भाग खड़े हुए जिस पर युवकों ने वाहन को छोड़ दिया जिसे तिरंगा चौक के पास पुनः पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### पूर्वी बलगो में कव्वाली का आयोजन

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड में पूर्वी बलगो गाँव मे 17वा उर्स मजारे पाक का आयोजन किया गया।।इस कार्यक्रम का उद्घघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बलगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पंचायत समिति अली असगर, संजय राय,राजकुमार वर्मा, मास्टर मुस्तकीम अन्सारी,गफूर मिया,समेत सैकड़ों की संख्या में उद्घघाटन समरोह में लोग मौजूद रहे।। इस कार्यक्रम का शुरूआत फातिहा पढ़कर किया गया।।आये हुए जनप्रतिनिधियों को इस कमेटी के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।। बता दे कि हर साल की तरह इस साल भी 17वा उर्स मजारे का आयोजन किया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने धनबाद के तीन स्टेशनों के विकास कार्यों का किया ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** धनबाद के भाटडीह, खानुडीह और महूदा में विकसित भारत का विकसित रेल 2047 योजना के तहत वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 12:30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से देशभर के 554 रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण और 15 सौ रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और उद्घाटन किया। खानुडीह स्टेशन पर मौजूद मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक की धर्मपत्नी सावित्री देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज रेलवे के द्वारा बड़ी सौगात देशवासियों को दिया है। खानुडीह स्टेशन में लंबे समय से यात्री शेड, अंडर पास की मांग लोग कर रहे थे। महुदा रेलवे स्टेशन पर उपस्थित सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज सबसे बड़ी विकास योजना का शिलान्यास व उद्घाटन किया है। पहली बार एक साथ 554 रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण और 15 सौ रोड ओवर ब्रिज और अंडर पास का का शिलान्यास और उद्घाटन हुआ है।

झरिया स्थित पाथरडीह भाटडीह बस्ती के समीप रोड रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने फीता काटकर किया। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से आज देश विकाश की राह पर आगे बढ़ रहा है। आज 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं भूमिपूजन के साथ 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का भी शिलान्यास किया जा रहा है, जो देश के लिए गर्व की बात है।



## गिरिडीह में पांच रेल सुविधाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गिरिडीह जिले के सरिया स्थित हजारीबाग रोड और जगदीशपुर महेशमुंडा रेलवे स्टेशन के समीप लगभग 75 करोड़ की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज निर्माण के साथ कोडरमा संसदीय क्षेत्र में कुल पांच रेलवे सुविधाओं का भी शिलान्यास किया। इसमें दो रेलवे ओवरब्रिज और तीन अंडरपास का निर्माण शामिल है। मौके पर सरिया बाजार में आयोजित समारोह में केन्द्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बगोदर विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो और रेलवे के कई अधिकारी शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए कोडरमा सांसद, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरिया रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का जो वादा उन्होंने इलाके की जनता से किया था वो अब साकार होने जा रहा। इधर, बेंगाबाद प्रखंड के जगदीशपुर महेशमुंडा में होने वाले रेलवे ओवरब्रिज उद्घाटन के मौके पर गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, रेलवे के अरशद नियाज, मुखिया अनिता देवी, सीआईटीजी मधुपुर शिवसेन्दु सेन गुप्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## तिसरी में मनरेगा मजदूर एकता संघ कमिटी का गठन, उपेंद्र साव चुने गए अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना ब्लॉक परिसर में सोमवार को मनरेगा मजदूर एकता संघ कमिटी का गठन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी मनरेगा मजदूर उपस्थित थे। सभी ने सर्वसम्मति से कमिटी का अध्यक्ष उपेंद्र साव,सचिव राजू मंडल, सोनू यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, धोबी रविदास,इम्तियाज अंसारी वहीं सोशल मिडिया प्रभारी आलोक यादव व नितेश यादव को चुना गया। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष उपेंद्र साव ने कहा कि कमेटी बनाने का मुख्य उद्देश्य मनरेगा मजदूरों के ऊपर हो रहा है। इसके खिलाफ मनरेगा मजदूर एकता संघ के बैनर तले अपने हक की लड़ाई लड़ी जाएगी।बताया गया कि सबसे पहले पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया और प्रत्येक पंचायत से तीन लोगो का चयन करके 15 पंचायतों से 45 लोगो का टीम बनाया गया। फिर पंचायत स्तरीय कमेटी के द्वारा ही प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। मौके पर विकास यादव, दीपक यादव, पिंटू यादव, शंकर यादव, लालू यादव, बाबूलाल यादव, प्रदीप यादव, प्रकाश यादव, उदय यादव, अजय तुरी, किशोरी राउत, मनोहर यादव रणधीर राम , अनंत साव, मो मोबिन आदि उपस्थित थे।

## हत्याकांड का गिरिडीह पुलिस ने किया खुलासा पति-पत्नी ने मिलकर घटना को दिया था अंजाम



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिला के डुमरी थाना अंतर्गत जामताड़ा के समीप बीते 23 फरवरी को मिला अधेड़ की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है और इस हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। मृतक की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के बिरेनगड्डा के रहने वाले 45 वर्षीय मंजय शर्मा के रूप में की गई है. वहीं इस हत्याकांड के मुख्य दो आरोपी पति पत्नी को पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इस हत्याकांड का खुलासा किया। जिसके बाद कांड में संलिप्त पति पत्नी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि छेड़छाड़ से तंग आकर पति पत्नी ने मिलकर मंजय शर्मा की हत्या कर दी थी। गिरफ्तार आरोपी खेमलाल महतो और इसकी पत्नी अंजु देवी ने पुलिस को बताया कि मृतक अकेले में अंजु देवी के साथ छेड़छाड़ कर परेशान करता था। इसी बात से तंग आकर पति पत्नी ने मृतक के हत्या की प्लानिंग की और उसे अपने घर बुलाकर कुल्हाड़ी, रॉड से वार करके मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पति पत्नी ने मिलकर मृतक के शव को प्लास्टिक के बैग में भर कर एक चार पहिया वाहन के माध्यम से डुमरी के जामताड़ा के पास ले जा कर झाड़ियों में फेंक दिया था।

## घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड अंतर्गत खेशनरो निवासी जयप्रकाश यादव पिता भोला यादव के घर में रविवार की रात्रि लगभग 11 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से नगदी समेत घर में रखा सामग्री भी जलकर राख हो गया। इस संबंध में गृहस्वामी ने बीडीओ व सीओ को आवेदन देकर मुआवजा देने की अपील की है। घर मे आग लगने की सूचना मिलते ही भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढ़स बंधाया एवं सरकार से मुआवजा देने की मांग की।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तिसरी मुख्यालय में निकाली न्याय पदयात्रा

### कार्यक्रम में पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी व जयप्रकाश वर्मा भी हुए शामिल





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी न्याय पदयात्रा कार्यक्रम के तहत सोमवार को तिसरी मुख्यालय में यह यात्रा निकाली गई। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल व 20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद मुन्नीबुद्दीन के नेतृत्व में न्याय पदयात्रा निकाला गया। जबकि इस दौरान मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी व गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा उपस्थित रहे। यह यात्रा तिसरी गिरजा मैदान से निकलकर चौक होते हुए गांवा रोड से वापस तिसरी चौक होते हुए बाजार मोड से तिसरी प्रखंड मुख्यालय में आकर सभा में बदल गई। वहीं सभा को सम्बोधित करते हुए जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी निर्दोष हैं। उन्होंने ईडी को भी बताया कि मेरे नाम से कोई जमीन हो या ईडी दावा कर रही है वह जमीन निकल जाती है तो हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे और झारखंड से बाहर चले जायेंगे। आने वाले लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार सभी केंद्रीय एजेंसियां सीबीआई, ईडी सभी का दुरुपयोग कर रही है। हमारे भोले मुख्यमंत्री को जिनकी लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी, उन्हें भाजपा ने ईडी के सहारे फंसाने का काम किया है।

इधर मुख्य अतिथि निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि झारखंड में ईडी के द्वारा जो अन्याय किया गया है यह इतिहास में पहली बार है। जब किसी जनता द्वारा चुना गए मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई हो वह भी बगैर किसी सबूत का। जिस जमीन का दावा कर रही है वह जमीन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वह हमारा है ही नही। उनकी लोकप्रियता से भाजपा घबरा गई है आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को एक सीट भी नहीं मिलने वाली है।

## प्रेरणा शाखा ने अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क भोजन का किया वितरण





**गिरिडीह।** मारवाड़ी युवा मंच गिरिडीह की प्रेरणा शाखा के द्वारा हर माह की तरह इस माह भी अन्नपूर्णा रसोई का प्रोजेक्ट बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास कराया गया। रविवार को हुए अन्नपूर्णा कार्यक्रम के माध्यम से करीब 200 लोगों के बीच निःशुल्क भोजन का वितरण किया गया। इस अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट का स्पोंसर स्व0 वीरेंद्र कुमार सिंह व स्व0 गायत्री प्रसाद सिन्हा की पुण्यतिथि में उनके परिजनों के द्वारा कराया गया। मौके पर मौजूद प्रेरणा शाखा की अध्यक्षा रिया अग्रवाल ने गिरिडीह वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग किसी विशेष तिथि या अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में अन्नपूर्ण प्रोजेक्ट का हिस्सा बनते हुए गरीबो को निःशुल्क भोजन करा सकते है।

### रंग-बिरंगी रोशनी से सजीं इबादतगाहें, सिर पर टोपी व साफ सुथरे लिबास में इबादत को पहुंचे लोग

# धनबाद में पूरी रात चला इबादत और तिलावतों का दौर



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** रंग-बिरंगी रोशनी में सजी इबादतगाहें, जगमग करते कब्रिस्तान, सिर पर टोपी, साफ सुथरे लिबास में इबादत को तैयार लोग, तो कहीं घरों से निकलती तिलावतों की आवाजें, तो कहीं मस्जिदों के अंदर सजदे में झुके सिर। यह नजारा रविवार की रात धनबाद कोयलांचल के मुस्लिम बहुल इलाकों में देखा गया। मौका था इबादत, रहमत और माफी की रात शब-ए-बारात का। इस्लाम के 8वें महीने शाबान के 15वीं तारीख की रात मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष भी पूरे अकीदत के साथ मनाया गया।

जिले के वासेपुर, पांडरपाला, भूली, टिकियापाड़ा, नया बाजार, पुराना बाजार, कतरास, बाघमारा, झरिया, गोविंदपुर, सिंदरी, डिगवाडीह, बरारी, जामाडोबा सहित धनबाद के मुस्लिम बहुल इलाकों में पूरी रात मस्जिदें गुलजार रहीं। लोग इबादत में जुटे रहे। सभी ने इबादत के बाद रब से अपनी गुनाहों की माफी मांगी।

अहले सुबह फज्र के नमाज के बाद मस्जिदों में सामूहिक रूप से विशेष दुआ कर देश की तरक्की और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। शब-ए-बारात के दौरान पूरी रात कब्रिस्तानों में लोग अपने पूर्वजों की कब्र पर पहुंच फातिहा पढ़ते दिखे। इस रात के लिये कब्रिस्तान कमेटी की ओर से विशेष तैयारी की गई थी। जिले के सभी कब्रिस्तानों में लाइट, पानी, चाय इत्यादि की खास व्यवस्था की गई थी, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन कब्रिस्तानों में कमेटी के लोग पूरी रात सजग दिखे।

## न्यूज बॉक्स

### केंवटाटांड़ में वाहन की चपेट में आने से नाना व दो नतिनी घायल



**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के केंवटाटांड़ में सोमवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार नाना और उनकी दो नतिनी घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई,जिसके बाद 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ.महेश्वरम, डॉ. जैनेंद्र और स्वास्थ्य कर्मी चंदन व अनूप ने उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गावां निवासी प्रकाश लाल बरनवाल अपनी दो नतिनी शिवानी कुमारी और सोनम कुमारी के साथ बाइक से गांवा से देवघर के लिए निकले थे इसी क्रम में तिसरी के केंवटाटांड के पास अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों व्यक्ति सड़क पर ही गिर पड़े। हालांकि मौके का फायदा उठाकर उक्त वाहन फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने पर तिसरी पुलिस भी मौके पर पहुंचकर पड़ताल में जुट गई है।

### पीरटांड़ में शिवरात्रि पूजा समिति का हुआ गठन, केशव पाठक चुने गए अध्यक्ष



**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड के खुखरा स्थित प्राचीन शिवमंदिर में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शिव शक्ति समिति (चेथरुडीह), खुखरा की बैठक सुखदेव प्रसाद वर्णवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पूजन पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। और हर वर्ष की भांति महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से लगातार चौथी बार अध्यक्ष केशव पाठक को चुना गया। जबकि सचिव मुकेश मंडल, कोषाध्यक्ष दिनेश मंडल, उपाध्यक्ष धनन्जय मंडल, उपसचिव नितीश मंडल को बनाया गया। मौके पर उपस्थित सदस्य अरुण मंडल, सीताराम मंडल, शिवकुमार मंडल, गणेश मंडल, दुलारचंद मंडल, शिवशंकर मंडल, गोविंद रॉय, रोहित मंडल , शिवकुमार मंडल, कामदेव मिश्र सहित कई लोग उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी**

**भारतीय वन (बिहार संशोधन 1990) अधिनियम 1927 की धारा 52 (4) के तहत सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भिन्न-भिन्न वन अपराध के क्रम में निम्नलिखित जप्त वन पदार्थों के विरूद्ध भारतीय वन (बिहार संशोधन 1989) अधिनियम 1927 की धारा 52 (3) के तहत प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है। जप्त सम्पदा के स्वामी/दावाकर्त्ता को समाचार पत्र द्वारा नोटिस के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु एक अवसर दिया जा रहा है।

| क्रं0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 | प्रक्षेत्र | वन वाद सं0/थाना काण्ड सं0 | जप्त वन सम्पदा | आयतन (घनमीटर में) | जप्ती तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 47/23 | गिरगा | F-25/21 | साल चौखट-16 | 0.2860 | 02-08-21 |
| 2 | 31/23 | गिरगा | F-33/21 | साल बोटा-32 | 2.237 | 11-10-21 |
| 3 | 30/23 | तमाड़ | C-2969/21 | अकेशिया पोल-5 | - | 31-05-21 |
| 4 | 34/23 | गिरगा | F-37/21 | साल बोटा-15 | 1.3094 | 18-11-21 |
| 5 | 39/23 | जरिया | F-43/21 | साल बोटा-12 | 0.71 | 08-12-21 |
| | | | | आम बोटा-4 | | |
| | | | | साल खूंटा-8 | | |
| | | | | आम खूंटा-1 | | |
| 6 | 41/23 | गिरगा | F-42/21 | साल बोटा-61 | 5.295 | 01-12-21 |
| 7 | 33/23 | जरिया | F-23/22 | गम्हार-101 | 5.4619 | |
| | | | | सागवान-4 | | |
| 8 | 35/23 | खूँटी | F-31/22 | साल बोटा-28 | 1.7741 | 28-07-22 |
| 9 | 32/23 | गिरगा | F-34/22 | साल बोटा-18 | 1.7016 | |
| 10 | 51/23 | खूँटी | F-46/22 | सागवान चिरान-7 | 0.041 | 06-12-22 |
| 11 | 52/23 | जरिया | F-54/22 | साल बल्ली-4 | - | 18-12-22 |
| 12 | 36/23 | जरिया | F-53/22 | साल बल्ली-12 | - | 18-12-22 |
| 13 | 49/23 | जरिया | F-47/22 | साल बल्ली-7 | - | 06-12-22 |
| 14 | 50/23 | खूँटी | F-3/23 | साल बोटा-41 | 2.535 | 07-01-23 |
| 15 | 48/23 | खूँटी | F-18/23 | साल बोटा-43 | 2.183 | 08-03-23 |
| 16 | 37/23 | खूँटी | F-25/23 | साल बोटा-221 | 18.84 | 11-05-23 |
| 17 | 40/23 | जरिया | F-31/23 | साल बोटा-41 | 2.8148 | 06-06-23 |
| 18 | 53/23 | गिरगा | F-29/23 | साल बोटा-48 | 5.046 | 03-06-23 |
| 19 | 29/23 | गिरगा | F-30/21 | गम्हार चिरान-11 | 0.0908 | 23-09-21 |
| 20 | 38/23 | गिरगा | F-27/23 | साल चिरान-20 | 0.344 | 18-05-23 |
| 21 | 42/23 | गिरगा | F-28/22 | साल बोटा-49 | 2.146 | 23-06-22 |
| 22 | 43/23 | गिरगा | F-33/22 | साल बोटा-30 | 2.082 | 18-08-22 |
| 23 | 44/23 | बुण्डू | C-4854/22 | पीपल बोटा-30 | 2.5235 | 26-04-22 |
| 24 | 46/23 | खूँटी | F-24/22 | साल बोटा-12 | 1.2259 | 06-06-22 |
| 25 | 56/23 | तमाड़ | C-3234/22 | जामुन बोटा-21 | 2.9153 | 04-03-22 |
| 26 | 55/23 | जरिया | F-22/22 | गम्हार बोटा-146 | 9.5574 | 03-06-22 |
| | | | | तुंत बोटा-6 | | |
| | | | | बल्ली-21 | - | |
| 27 | 54/23 | गिरगा | F-13/22 | साल कचरा-49 | - | 20-03-22 |
| 28 | 03/21 | जरिया | F-36/20 | साल बल्ली-2 | - | 03-12-20 |
| 29 | 21/20 | गिरगा | F-11/20 | साल बोटा-102 | 7.93 | 26-05-20 |
| 30 | 22/20 | गिरगा | F-14/20 | साल बोटा-83 | 8.927 | 30-05-20 |
| | | | | साल बोटा-116 | 10.39 | 29-05-20 |
| 31 | 25/20 | गिरगा | F-13/20 | साल बोटा-201 | 17.76 | 28-05-20 |
| 32 | 07/21 | गिरगा | F-40/20 | साल बोटा-29 | 3.004 | 06-12-20 |
| 33 | 04/21 | खूँटी | F-32/20 | साल बोटा-20 | 3.1926 | 29-09-20 |
| 34 | 18/20 | जरिया | F-07/20 | सुखआ बल्ली-10 | - | 03-04-20 |
| 35 | 18/16 | तमाड़ | C-2816/16 | अकेशिया पोल-106 | - | 01-11-16 |
| 36 | 34/20 | जरिया | F-23/20 | साल बल्ली-19 | - | 06-08-20 |
| 37 | 11/20 | तमाड़ | F-05/20 | सीघा बोटा-38 | 2.1809 | 02-03-20 |
| 38 | 07/23 | जरिया | F-50/22 | साल बोटा-8 | 0.4921 | 11-12-22 |
| 39 | 08/23 | बुण्डू | C-10645/22 | सीधा बोटा-13 | 1.474 | 30-11-22 |
| | | | | आसन बोटा-3 | | |
| | | | | करम बोटा-4 | | |
| 40 | 06/23 | जरिया | F-45/22 | साल चिरान-42 | 0.1793 | 25-11-22 |
| 41 | 12/23 | जरिया | F-44/20 | जलावन-45 बोझा | - | 23-11-22 |
| 42 | 09/23 | गिरगा | F-37/22 | साल बोटा-16 | 1.6767 | 13-09-22 |
| 43 | 04/23 | बुण्डू | C-6226/22 | शीरीष बोटा-34 | 3.518 | 10-07-22 |
| 44 | 01/23 | खूँटी | F-05/22 | साल बोटा-22 | 1.1901 | 15-01-22 |
| 45 | 05/23 | गिरगा | F-02/22 | साल बोटा-2 | 0.6144 | 29-12-21 |
| 46 | 10/23 | तमाड़ | F-40/21 | साल बल्ली-24 | - | 11-11-21 |
| 47 | 03/22 | गिरगा | F-31/21 | साल बोटा-12 | 2.222 | 01-10-21 |
| 48 | 07/22 | तमाड़ | F-29/21 | साल बल्ली-1 | - | 14-09-21 |
| 49 | 28/21 | तमाड़ | C-5590/21 | अकेशिया पोल-5 | - | 22-07-21 |
| 50 | 26/21 | जरिया | F-20/21 | साल बल्ली-4 | - | 11-05-21 |
| 51 | 27/21 | जरिया | F-19/21 | साल बल्ली-2 | - | 10-05-21 |
| 52 | 17/21 | गिरगा | F-07/21 | साल बोटा-35 | 3.189 | 15-02-21 |
| 53 | 23/21 | गिरगा | F-11/21 | साल बोटा-40 | 6.1564 | 14-03-21 |
| 54 | 02/23 | गिरगा | F-01/21 | साल कचरा-120 | - | 07-01-21 |
| 55 | 34/21 | तमाड़ | F-48/20 | साल बल्ली-4 | - | 22-12-20 |
| 56 | 13/21 | बुण्डू | C-7754/20 | विविध बोटा-21 | 1.2027 | 08-12.20 |

इन सूचना के माध्यम से किसी भी व्यक्ति जिसका संबंध उक्त वन सम्पदा से हो तथा जो इस पर दावा करना चाहते हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे सूचना प्रकाशन की तिथि के 15 दिनों के अन्दर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर कारण पृच्छा दाखिल करें, एवं अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर जप्त लकड़ियों के मालिक/दावाकर्त्ता स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कारण पृच्छा/पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उक्त वाद को निष्पादित कर दिया जाएगा एवं तत्पश्चात् उनका दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/-
प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी

PR 320371 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

## पल्टू चाचा के बाद अब पल्टू आम आदमी

कभी कांग्रेसी मुख्यमंत्री को जेल भेजने और किसी भी हाल में कांग्रेस से समझौता नहीं करने की कसमें खाने वाले स्वघोषित सबसे ईमानदार आम आदमी केजरीवाल अब सोशल मीडिया में सबसे बड़े पल्टू राम के नाम से चर्चित हो गए हैं। इंडी गठबंधन के दो घटक दलों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी मगर पंजाब में दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। यह कुछ उसी तरह है जैसे बंगाल और त्रिपुरा में तो कांग्रेस और वामपंथी दल साथ-साथ चुनाव लड़ते हैं मगर केरल में एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोंकते हैं। देखा जाये तो ऐसे गठबंधन किसी विचारधारा के मेल के चलते नहीं बल्कि सत्ता हासिल करने के खेल के चलते बनते हैं। इसलिए जनता को सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि जो एक राज्य में एक दूसरे के खिलाफ हैं उनका दूसरे राज्य में एक मंच पर दिखना धोखे के समान है। जो एक राज्य में एक दूसरे की नीतियों के आलोचक हैं वह दूसरे राज्य में मिलकर कभी जनता का भला नहीं कर सकते। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन का ऐलान करने के लिए जो प्रेस कांफ्रेंस हो रही थी उसका दोनों ही पार्टियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लाइव प्रसारण भी नहीं किया जबकि दोनों ही पार्टियां हर छोटी-बड़ी प्रेस कांफ्रेंस का लाइव प्रसारण लिंक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करती हैं।कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना भारतीय राजनीति का एक बड़ा और महत्वपूर्ण घटनाक्रम है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। आम आदमी पार्टी गुजरात विधानसभा चुनाव परिणाम से पहले तक एक क्षेत्रीय दल थी। इस लिहाज से देखें तो यह एकमात्र ऐसा क्षेत्रीय दल है जिसने कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को सर्वाधिक राजनीतिक नुकसान पहुँचाया। लेकिन कांग्रेस की मजबूरी देखिये कि उसने उसी आम आदमी पार्टी के साथ समझौता कर लिया।इस गठबंधन से अरविंद केजरीवाल की राजनीति और नीयत पर भी सवाल उठे हैं। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़कर पहली जीत हासिल की थी। लेकिन पहली बार में ही जब उन्हें सरकार बनाने में सहयोग की जरूरत पड़ी तो कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली थी। बाद में जब 49 दिनों की सरकार चलाकर केजरीवाल ने इस्तीफा दिया था तब जनता से माफी मांगते हुए कहा था कि मैंने गलती की और अब आगे कभी कांग्रेस का समर्थन नहीं लूंगा। लेकिन अब केजरीवाल कांग्रेस के साथ फिर चले गये। इस लिहाज से देखें तो नीतीश कुमार नहीं बल्कि केजरीवाल भारतीय राजनीति के सबसे बड़े पलटूराम हैं। हम आपको याद दिला दें कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के दौरान केजरीवाल रोजाना कांग्रेस और भाजपा के तमाम नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र जारी किया करते थे और उन्हें जेल भेजने की मांग किया करते थे लेकिन समय बदला और भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ने वाले केजरीवाल, उनकी सरकार और आम आदमी पार्टी के कई नेता खुद भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में आ गये और उन नेताओं तथा दलों के साथ गठबंधन करने लग गये जिन्हें कल तक वह सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी बताया करते थे।बहरहाल अलग तरह की राजनीति करने के नाम पर केजरीवाल ने जनता को धोखा दिया क्योंकि वह उन्हीं के जैसे बन गये जिनको बदलने के लिए वह राजनीति में आये थे। जहां तक कांग्रेस की बात है तो उसके लिए यही कहा जा सकता है कि जिस सबसे नये राष्ट्रीय दल (आप) ने कांग्रेस से दिल्ली और पंजाब की सत्ता छीनी उसी के सामने देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल ने घुटने टेक दिये।

इन दिनों

# अमूल : भारत की डेयरी क्रांति की यात्रा



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में गुजरात कोऑप मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेते हुए कहा, '50 साल पहले गुजरात के गांवों ने सामूहिक रूप से जो पौधा लगाया था, वह अब बरगद का भव्य पेड़ बन गया है। आज इस विशाल बरगद के पेड़ की शाखाएं देश-विदेश तक फैल गयीं हैं।' जीसीएमएमएफ एक सहकारी दिग्गज कंपनी है, जो प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड- अमूल की मालिक है। भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति से एक साल पहले, गुजरात के मध्य क्षेत्र में, एक क्रांति का जन्म हुआ, जो पोल्सन डेयरी की अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ एक छोटे विरोध के रूप में शुरू हुई और एक विशाल आंदोलन में बदल गई, जिसने भारत के डेयरी परिदृश्य को नया स्वरुप प्रदान किया। कैरा (अब खेड़ा) जिले के किसानों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में एक सहकारी समिति- कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड का गठन किया। अमूल मॉडल का पालन करने के मूल उद्देश्य के साथ, 1965 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की स्थापना की गई थी, जिसके बाद 1973 में डॉ. वर्गीज कुरियन उर्फ मिल्क मैन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में जीसीएमएमएफ का गठन हुआ। जीसीएमएमएफ, किसानों को लाभकारी रिटर्न और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने के मिशन के साथ गुजरात की डेयरी सहकारी समितियों के अग्रणी संगठन के रूप में उभरा। गुजरात में शुरू हुआ सहकारी आंदोलन न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए एक मॉडल बन गया। 1970 में, इस सहकारी समिति ने 'श्वेत क्रांति' का नेतृत्व किया, जिसने अंततः भारत को दुनिया में दूध के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में स्थापित कर दिया। देश का महिला-कार्यबल 10 ट्रिलियन रुपये के कारोबार के साथ भारत के डेयरी क्षेत्र की अभूतपूर्व वृद्धि के पीछे की प्रेरक शक्ति है। आज अमूल को जो उल्लेखनीय सफलता मिली है, उसका श्रेय काफी हद तक महिला कार्यबल की भागीदारी को जाता है। अमूल, आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा है। दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में अमूल के उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। 18,000 से अधिक दुग्ध सहकारी समितियों और 36,000 किसानों के विशाल नेटवर्क के समर्थन से, अमूल प्रतिदिन 3.5 करोड़ लीटर से अधिक दूध का प्रसंस्करण करता है। इस मॉडल के मूल में त्रिस्तरीय सहकारी संरचना है। ग्राम-स्तरीय डेयरी समितियां स्थानीय किसानों से दूध एकत्र करती हैं। बदले में, ये समितियां जिला-स्तरीय दुग्ध संघों को दूध की आपूर्ति करती हैं। अंत में, राज्य-स्तरीय दुग्ध संघ आपूर्ति को समेकित करते हैं और इसे विभिन्न बाजारों में वितरित करते हैं। किसानों को उनके दूध के लिए उचित मूल्य की पेशकश की जाती है और उपभोक्ताओं को ताजा व मिलावट-रहित उत्पाद प्राप्त होते हैं। संचालन को विकेंद्रीकृत करके और स्थानीय समुदायों को शामिल करके, अमूल न केवल एक स्थिर आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। आज, अमूल भारत का सबसे बड़ा एफएमसीजी ब्रांड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, इसका वार्षिक बिक्री कारोबार 72,000 करोड़ रुपये का रहा है। यूनाइटेड किंगडम स्थित ब्रांड फाइनेंस ने अपनी 'ब्रांड फाइनेंस फूड एंड ड्रिंक्स रिपोर्ट 2023' में अमूल को न केवल वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया है, बल्कि इसे अमेरिकी चॉकलेट ब्रांड हर्षे के बाद दुनिया भर में दूसरा सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड भी माना है। अमूल की विपणन संबंधी रणनीति के केन्द्र में एक ऐसा बहुआयामी दृष्टिकोण है, जहां 'अमूल गर्ल' एक एकीकृत करने वाले सूत्र के रूप में कार्य करती है। अपनी उत्पाद श्रृंखला में एक सुसंगत नामकरण का उपयोग करके, अमूल ने विपणन से जुड़े प्रयासों को सरल बनाया है और लागत प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया है। अमूल की संचार रणनीति भी बेहद महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 1966 में सिल्वेस्टर दाकुन्हा द्वारा प्रस्तुत, अमूल मोपेट के मजाकिया एवं आत्मीय लगने वाले विज्ञापन कई पीढ़ियों को लुभा चुके हैं और सबसे लंबे समय तक चलने वाले अभियान के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बना चुके हैं। 'बटर गर्ल' की इतनी सराहना की गई है कि एक ब्रिटिश कंपनी ने 2019 में एक मक्खन लॉन्च किया और इसका नाम 'अटरली बटरली' रखा। राजनीति से लेकर पॉप संस्कृति तक हर चीज पर टिप्पणी करते 'अमूल गर्ल' के मजाकिया बिलबोर्ड और प्रिंट विज्ञापन, इस ब्रांड को सार्वजानिक चचाओं की सुर्खियों में बनाये रखने में सफल रहे हैं। अब जबकि जीसीएमएमएफ अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है, यह न केवल इस संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि उन लाखों डेयरी किसानों के लिए भी एक सफलता है जिनके जीवन में बेहतर बदलाव आया है। अमूल की यात्रा वास्तव में सहकारी समितियों और सरकार के बीच समन्वय का एक बढ़िया उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि जब विभिन्न समुदायों के लोग एक साझे उद्देश्य के लिए एकजुट होते हैं तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। सरकार पशुपालन से संबंधित बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में रिकॉर्ड स्तर पर निवेश कर रही है। इस उद्देश्य के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का विशेष कोष स्थापित किया गया है। आज अमूल ब्रांड केवल एक उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक आंदोलन भी है। यह एक तरह से किसानों की आर्थिक आजादी का प्रतीक है। इसने किसानों को सपने देखने, आशावादी बने रहने और जीने का हौसला दिया है।

**भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति से एक साल पहले, गुजरात के मध्य क्षेत्र में, एक क्रांति का जन्म हुआ, जो पोल्सन डेयरी की अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ एक छोटे विरोध के रूप में शुरू हुई और एक विशाल आंदोलन में बदल गई, जिसने भारत के डेयरी परिदृश्य को नया स्वरुप प्रदान किया। कैरा (अब खेड़ा) जिले के किसानों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में एक सहकारी समिति- कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड का गठन किया।**

## आपकी बात

### आलेख से मिली जानकारी



देवेश कु. घोष

'सवाल मातृभाषा का' शीर्षक आलेख से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं । भाषा की अस्मिता पर लड़ते हुए शहीद हुए पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) के छात्रों को नमन। ढाका विश्वविद्यालय के भाषाई आंदोलन को यूनेस्को ने स्वीकृति प्रदान कर इस तिथि को विश्व मातृभाषा दिवस घोषित किया। संवेदनशील विश्व संगठन को साधुवाद! छोटानागपुर की आठ जनजातीय भाषाओं में ज्यादातर भाषाओं को उचित स्थान और सम्मान नहीं मिलना चिंतनीय है। आदिवासी संस्कृति के पक्षधर और विद्वानों का इसकी सुधि ले कर विरासत के प्रति कर्तव्य का निर्वहन करना प्रशंसनीय होगा। हिन्दी, अङ्ग्रेजी भाषा का प्रयोग दैनिक जीवन में संप्रेषण और व्यवसाय के लिए आवश्यक है परंतु निजी क्षणों में निजी लोगों के साथ गैर अङ्ग्रेजी या गैर हिन्दी भाषा का व्यवहार भाषाई संस्कृति को अवनति से बचा सकता है। आर के सिन्हा जी के आलेख 'पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस' को गंभीरता से पढ़ना आरंभ किया परंतु समझ नहीं पाया कि लेखक भारत को किस बात के लिए सावधान करना चाहते हैं। इशारों ही इशारों में यदि कुछ कहना चाहा है तो कई अर्थ सामने आ रहे हैं। आलेख का निष्कर्ष नहीं मिल पाया।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

### जुमलों का शोर कब तक चलेगा ?

झारखंड बने 24 साल हो गए पर अभी भी विकास कम और जुमलेबाजी ज्यादा हो रही है । अभी एक जुमला चल रहा है जो प्रमुखता से पूरे झारखंड मेन होर्डिंग और सोशल मीडिया में प्रचारित हो रहा है की झारखंड झुकेगा नहीं लड़ेगा! क्यों भाई ? झुकने की जरूरत किसे और क्यों है ? सीना तान कर चलो पर काम ऐसा साफ सुथरा करो कि कोई पकड़ न पाए । अगर यहाँ पेपर आउट होगा गाय पर लेख लिख कर कोई डिप्टी कलेक्टर बनेगा और जमीन का घोटाला करेगा तो कानून अपना काम क्यों नहीं करेगा ? एनोस एक्का का जब्त आलीशान भवन ईडी का ऑफिस बनकर एक मिसाल बना हुआ है। हरीनारायन राय को लोग भूले नहीं होंगे । मजेदार बात यह है कि लोग रिश्वत लेते पकड़े जाते हैं फिर भी वापस काम में लग जाते है और जब तक नौकरी में रहते हैं कोई उन्हें कुछ नहीं कहता । रिटायर होने के बाद उनकी कार्रवाई उनकी पूरे जीवन काल तक चलती रहती है । ऐसा पूर्व में होता रहा है और अनेकों लोग झारखंड को चरागाह समझते रहे । अभी भी जीतने घटले सामने आ रहे हैं उसके अधिक आने बाकी हैं जैसा लगता है । पशु पालन घोटाला से जुड़े लोग भी आज जाति धर्म के नाम पर राजनीति चमकाना चाहते हैं । कब तक हम इनके झांसे में आएंगे । आइए एक साफ सुथरा राज्य बनाएं जो अच्छे कामों के लिए जाना जाए ।

**- सुनिधि राय, डोरंडा रांची**

शिक्षा-जगत

# भारत सरकार का कक्षा वन एडमिशन 2024-25 एज लिमिट पर बड़ा फैसला



किशन भावनानी


***वैश्विक*** स्तर पर दुनियां का हर देश भारत के हर क्षेत्र की नीतियों पर नजर लगाये बैठा है तथा समय पड़ने पर अनेक देश इन नीतियों का अनुसरण अपने देश में भी करते रहते हैं। भारत में जब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनाई गई तो अनेक ऐसे नियम विनियम उनमें दर्शाये गये जिनके दूरगामी प्रभाव सकारात्मक भाव में दिखाई देंगे, जब इस नीति से पोषित होकर बच्चे अपना करियर बनायेंगे तो उनकी योग्यता की ताकत दुनियां देखेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्कूलों में प्रथम वर्ष कक्षा वन में दाखिले की उम्र 6 वर्ष से अधिक होने की बात कही गई है और अनुरुप नियम व कानून अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 के प्रावधानों के अनुरूप भी हैं। इसलिए ही केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी अर्चना शर्मा अवस्थी के नाम से 15 फरवरी 2024 को सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी चिट्ठी में कहा गया है कि इसे व्यक्तिगत तौर पर देखा जाय और सुनिश्चित कराया जाय तथा इस संबंध में नोटिफिकेशन या दिशानिर्देशों को भी जारी किया जा सकता है। चूंकि यह भारत सरकार का कक्षा एक एडमिशन 2024 एज लिमिट पर बड़ा फैसला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संपूर्ण भारत में स्कूलों में 2024-25 से कक्षा वन में दाखिले की उम्र सीमा 6 प्लस का निर्णय सराहनीय कदम है। साथियों बात अगर हम संपूर्ण भारत मेंकक्षा वन में समान एज लिमिट की जरूरत की करें तो,भारत के अलग-अलग राज्यों के स्कूलों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आयु योग्यता अलग-अलग हैं। असम, गुजरात, पुडुचेरी, तेलंगाना राजस्थान लद्दाख, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, गोवा, झारखंड, कर्नाटक और केरल में 5 साल की आयु वाले बच्चों को भी कक्षा 1 में प्रवेश दिया जाता है। केवल उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में दाखिले के लिए न्यूनतम आयु 6 साल है। सरकार ने प्रवेश प्रक्रिया में एकरूपता लाने के लिए ये निर्देश दिये हैं। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित करने का नियम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पेश किये गए बदलाव का हिस्सा है।

**साथियों बात अगर हम संपूर्ण भारत में कक्षा वन में समान एज लिमिट की जरूरत की करें तो,भारत के अलग-अलग राज्यों के स्कूलों में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आयु योग्यता अलग-अलग हैं।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# परीक्षाओं का मौसम है, पढ़ने के साथ खेलकूद भी जरूरी



योगेश कुमार गोयल

***दसवीं*** तथा 12वीं कक्षा की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। यही वह समय होता है, जब विद्यार्थियों की सालभर की पढ़ाई का मूल्यांकन होना होता है। इसी परीक्षा की बदौलत उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आधार मिलता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि एकाग्रचित्त होकर इन परीक्षाओं की तैयारी की जाए। कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। ऐसे में परीक्षा को लेकर उनका चिंतित और तनावग्रस्त होना स्वाभाविक ही है। किन्तु परीक्षा के दिनों में जरूरत से ज्यादा तनावग्रस्त रहना निश्चित रूप से हानिकारक साबित होता है। तनावग्रस्त रहने के कारण लाख कोशिश के बाद भी पढ़ाई में मन नहीं लग सकता। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि वे शुरू से ही पढ़ाई के प्रति रुचि बनाये रखें। अपना लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि ऐसी परिस्थितियां ही उत्पन्न न होने पाएं, जिनके कारण परीक्षा को हौवा मानकर उन्हें तनावग्रस्त रहना पड़े। कुछ छात्र वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में रात-दिन इस कदर जुट जाते हैं कि उन्हें अपने खाने-पीने की भी सुध नहीं रहती। कुछ मामलों में तो स्थिति यह हो जाती है कि खानपान के मामले में निरंतर लापरवाही बरतने के कारण छात्रों का स्वास्थ्य गिरता जाता है, जिसका सीधा-सीधा प्रभाव उनकी स्मरण शक्ति पर पड़ता है और नतीजा, परीक्षा की भरपूर तैयारी के बावजूद उन्हें आशातीत सफलता नहीं मिल पाती। एक छात्र के साथ भी पिछले साल 12वीं की परीक्षा में यही हुआ। वह अपनी कक्षा का होनहार छात्र था और जी-जान से परीक्षा की तैयारी में जुटा था। पढ़ाई में वह इस कदर मग्न था कि उसे अपने खाने-पीने का भी ध्यान न रहता। परिणामस्वरूप उसका स्वास्थ्य गिरता गया और परीक्षा के दिनों में वह बीमार पड़ गया। बीमारी की हालत में ही उसे परीक्षा देनी पड़ी। जब वह परीक्षा देने बैठा, तब शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता की दशा में वह याद किये गये प्रश्नों के उत्तर भी भूल गया।

**कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते।**



## बोधि वृक्ष

### गढ़वा जिले का श्रीबंशीधर मंदिर

लेकिन कोविड-19 को लेकर पिछले वर्ष से मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का बड़ा आयोजन नहीं हो पा रहा है। इसके कारण श्री कृष्ण भक्तों में मायूसी भी है। कोविड-19 के कारण मंदिर के पुजारियों व श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों द्वारा ही भव्य तरीके से कृष्ण जन्मोत्सव पिछले वर्ष से मनाया जा रहा है। आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में प्रवेश वर्जित है। आम श्रद्धालु गेट के बाहर से ही भगवान श्रीकृष्ण व माता राधिका का दर्शन कर रहे हैं। यहां प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने में एक माह तक आकर्षक एवं विशाल मेला लगता है।



**यह है इस मंदिर का इतिहास**

मंदिर के प्रस्तर लेख और पुजारी स्वर्गीय रिद्धेश्वर तिवारी के द्वारा मंदिर के गुंबद पर लिखित इतिहास के अनुसार संवत 1885 में श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त नगर गढ़ के महाराज स्वर्गीय भवानी सिंह की विधवा रानी शिवमणि देवी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन थीं। मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण ने रानी के स्वप्न में आकर दर्शन दिये तथा रानी के आग्रह पर नगर उंटारी लाने की अनुमति दी। रात में देखे स्वप्न के अनुसार रानी अपने लाव लश्कर के साथ करीब 20 किलोमीटर पश्चिम सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के दुद्धी थाना क्षेत्र के शिवपहरी नामक पहाड़ी पर पहुंची और स्वयं फावड़ा चलाकर खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### फोटोग्राफी के लिए प्रमुख ऐप्स

जब भी आप ऑनलाइन कैब सेवा का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको सेवा प्रदाता द्वारा दिये गये किराये के अनुसार ही भुगतान करना पड़ता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि सेवा प्रदाता किराया बढ़ा देता है, जिससे उपयोगकर्ता को अत्यधिक नुकसान होता है। इस स्थिति में आपको शिकायत दर्ज करने का अधिकार होता है और आप इसे समाधान के लिए आगे बढ़ा सकते हैं। पहले चरण में, यदि आपको लगता है कि आपके साथ किराया बढ़ाया गया है, तो आपको ठीक से बिल की समीक्षा करनी चाहिए। कभी-कभी यह एक साधारण गलती भी हो सकती है। यदि आपको लगता है कि वहाँ कोई त्रुटि है, तो आपको सेवा प्रदाता से संपर्क करके समस्या का समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। आप ऑनलाइन एप्लिकेशन के माध्यम से या उनके टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अगर आपकी समस्या को हल नहीं किया जाता है, तो आप अपनी शिकायत को उच्चतम अधिकारियों तक ले जा सकते हैं। आप अपनी शिकायत को ऑनलाइन उपलब्ध शिकायत प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, आप नगर या जिले की परिवहन अथॉरिटी को भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यहां तक कि आप न्यायालय में भी याचिका दाखिल कर सकते हैं। ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाताओं को उनके उपयोगकर्ताओं के साथ निष्ठुरता नहीं दिखानी चाहिए।



**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अग्निपथ योजना से बढ़ रही है सेना में महिलाओं की भागीदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
सेना के सशक्तिकरण के लिए सरकार की तरफ से चलाई गई अग्निपथ योजना का नतीजा है कि सेना में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है। वहीं दूसरी तरफ सेना में महिला अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर भी सरकार लगातार काम कर रहा है। सेना के तीनों अंगों की बात करें तो इसमें महिला अधिकारियों की संख्या भारतीय नौसेना में 704, भारतीय वायु सेना में 1607 और आर्मी में 6807 है। सरकार ने इसके साथ ही आर्टिलरी इकाइयों के साथ-साथ रिमाउंट और पशु चिकित्सा कोर में भी महिला अधिकारियों को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही हर वर्ष महिला सेना कैडेटों के लिए 20 अतिरिक्त पद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी( पुणे) के लिए मंजूरी प्रदान की गई है। आर्मी मेडिकल कोर, डेंटल कोर के साथ ही मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय सेना में 1733 महिला अधिकारी है। जबकि आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 1212, डेंटल कॉर्प्स में 168 और नर्सिंग सेवा में 3841 महिलाएं तैनात हैं।



## कांग्रेस का वादा, सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना होगी खत्म

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को वादा किया है कि सरकार में आने पर सेना में भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया लागू की जाएगी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर योजना को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की थी। कांग्रेस नेता सचिन पायलट और रणदीप हुड्डा ने पार्टी मुख्यालय में इस संबंध में पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सेना में अपना भविष्य देखने वाले युवाओं के साथ खड़ी है। सचिन पायलट ने कहा कि अग्निपथ योजना का कांग्रेस पार्टी ने शुरुआत से ही विरोध किया है। ये सेना के साथ खिलवाड़ है।



नॉर्वे के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

## जेपी नड्डा ने 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को भाजपा विस्तार कार्यालय से 'संकल्प पत्र सुझाव अभियान' की शुरूआत की और 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वीडियो रथ पूरे देश में यात्रा करेगा और 15 मार्च तक प्राप्त एक करोड़ से अधिक सुझाव पत्रों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। जनता से मिले सुझावों को भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी।

इस मौके पर नड्डा ने कहा कि देश के लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों को भी हम अपने साथ समावेश करेंगे। जनता-जनार्दन के आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। इसके अतिरिक्त नमो एप में भी इसके लिए एक अलग सेक्शन है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी इन वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर तरीके से जनता जनार्दन की आकांक्षाएं हम तक पहुंचें और मोदी के नेतृत्व 2024 से अगले 5 वर्षों में उन्हें हम पूरा करेंगे और अमृतकाल में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की तरफ लंबी छलांग लगाने की ओर हम अग्रसर होंगे, ये हमारा संकल्प है। उन्होंने आह्वान किया कि विकसित भारत-मोदी की गारंटी के तहत लोग फोन नम्बर 9090902024 पर मिस्ड कॉल कर सकते हैं, अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

# देश को 'ग्लोबल एक्सपोर्ट हब' में बदल देंगे

## पीएम ने कहा, देश में स्थिर सरकार का असर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में भी नजर आया

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में स्थिर और दूरदर्शी सरकार होने का लाभ स्पष्ट तौर पर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में नजर आ रहा है। पिछले 10 साल में यह सात लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा क्षेत्र विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभों गरीब, युवा, किसान और महिला सभी से जुड़ा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हम भारत को 'ग्लोबल एक्सपोर्ट हब' में बदल देंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए परिदृश्य पर यह बड़ी बात नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन करते हुए कही। 'भारत टेक्स 2024' देश में आयोजित होने वाले वस्त्र क्षेत्र से जुड़े वैश्विक स्तर के अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। यह चार दिवसीय आयोजन उद्घाटन के साथ भारत मंडपम और यशोभूमि में शुरू हो गया। इस अवसर पर 3 हजार से अधिक प्रदर्शक, 100 देशों के लगभग 3 हजार खरीदार और लगभग 40 हजार व्यापार आगंतुक एक साथ आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोजन को वैल्यू-चेन और टेक्सटाइल इको सिस्टम से जुड़े लोगों के लिए एक साझा मंच पर एक साथ आने का एक शानदार अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण में टेक्सटाइल सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के लिए विस्तृत दायरे में काम रही है। इसमें परंपरा, तकनीक, योग्यता और प्रशिक्षण (ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, टेलेंट और ट्रेनिंग) पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार टेक्सटाइल वैल्यू चेन के सभी पहलुओं को पांच एफ के सूत्र से से जोड़ रही है। फाइव यानी एफ फार्म, फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फरिन (खेत, धागा, फैक्ट्री, पहनावा और विदेश)। सरकार के लगातार प्रयासों से भारत के कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार के प्रयास से खादी को विकास और रोजगार दोनों मिले हैं। भारत दुनिया में कपास, पटसन और सिल्क के बड़े उत्पादकों में से एक है। लाखों किसान इस काम में जुटे हैं। लाखों कपास किसानों को सरकार मदद कर रही है। उनसे लाखों क्विंटल खादी खरीद रही है।




सरकार की ओर से लांच कस्तूरी कपास भारत की अपनी पहचान बनाने की ओर एक बड़ा कदम होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन में कम से कम दखल दिए जाने पर विश्वास रखती है। सरकार केवल यह सुनिश्चित कर रही है कि गरीबों की जरूरत पूरी होनी चाहिए। अगले पांच वर्ष में भी इसी दिशा में प्रयास जारी रहेगा। इस आयोजन में 65 से अधिक ज्ञान सत्र होंगे। दुनिया के 100 से अधिक पैनलिस्ट इस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें स्थिरता और चक्रीयता पर समर्पित मंडप, एक इंडी हाट, भारतीय वस्त्र विरासत, स्थिरता एवं वैश्विक डिजाइन जैसे विविध विषयों पर फैशन प्रस्तुतियों के साथ-साथ संवादात्मक (इंटरैक्टिव) फैब्रिक परीक्षण क्षेत्र और उत्पादों के प्रदर्शन का भी समावेश होगा। यह आयोजन वस्त्र क्षेत्र से जुड़े छात्रों, बुनकरों, कारीगरों और वस्त्र क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के अलावा नीति-निर्माताओं एवं वैश्विक स्तर के सीईओ की भागीदारी है।

इस आयोजन के दौरान 50 से अधिक घोषणापत्र और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इससे वस्त्र क्षेत्र में निवेश एवं व्यापार को और अधिक बढ़ावा मिलेगा तथा निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत और 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## प्रधानमंत्री आज से केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27-28 फरवरी को तीन राज्यों केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 27 को केरल और 28 को तमिलनाडु और महाराष्ट्र में होंगे। प्रधानमंत्री 27 फरवरी को सुबह करीब केरल के तिरुवनंतपुरम में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) का दौरा करेंगे। उसी दिन शाम को तमिलनाडु के मदुरै में 'क्रिएटिंग द फ्यूचर - डिजिटल मोबिलिटी फॉर ऑटोमोटिव एमएसएमई उद्यमियों' कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 28 फरवरी को तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

# सालभर से जेल में बंद हैं मनीष सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट ने भी नहीं दी जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
पूरे एक साल से मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत नही दी है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को पूरा एक साल हो गया है। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी के दिन ही सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें ईडी ने अपने गिरफ्त में ले लिया। कुछ दिन रिमांड पर बिताने के बाद तिहाड़ भेजे गए सिसोदिया तब से जेल में ही हैं। आप के अधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से मनीष सिसोदिया की तारीफ में कई पोस्ट किये गये। दिल्ली में शिक्षा के लिए उनके कामकाज को क्रांतिकारी बताया गया। एक पोस्ट में लिखा गया, जिस मनीष सिसोदिया जी ने गरीब बच्चों के सपनों को एक नई उड़ान दी। बीजेपी सरकार उन्हें 1 साल से जेल में रखकर इसकी सजा दे रही है।



## उत्तर प्रदेश के बिजनौर में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ



बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना थाना क्षेत्र के स्याहलीपुर गांव के पास जंगल में तेंदुआ देखे जाने पर दहशत फैल गई थी. जिसके बाद क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया था। सोमवार को एक तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ मादा है। उसकी उम्र करीब 4-5 वर्ष है। तेंदुए को क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान कार्यालय में रखा गया है। चिकित्सक परीक्षण के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वैभव गहलोत ने छोड़ा आरसीए अध्यक्ष का पद

**जयपुर।** अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत ने सोमवार को आरसीए के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। ऐसे में अब सत्ता के साथ गहलोत परिवार आरसीए से भी बाहर हो गया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी शेयर की और कहा, साल 2019 में मैंने आरसीए का अध्यक्ष चुने जाने के बाद काम करना शुरू किया। मेरा उद्देश्य राजस्थान में क्रिकेट को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक युवाओं को इस खेल से जोड़ना था। उन्होंने लिखा सीपी जोशी के बाद मुझे इस पद पर काम करने का मौका मिला। उन्होंने हमेशा प्रोटेक्टर के रूप में कार्य किया और हमारा मार्गदर्शन किया। अपने पूरे कार्यकाल में मैंने क्रिकेट की बेहतरी और आरसीए का नाम ऊंचा करने का प्रयास किया, इसीलिए मुझे दूसरी बार आरसीए का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

# आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से किशोरियों में पोषण संबंधी सुधार

**आयुष मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
आयुष और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से किशोरियों में पोषण सुधार के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह मिशन उत्कर्ष के तहत पांच राज्यों के पांच जिलों में आयुर्वेद का उपयोग करने वाली किशोरियों के बीच एनीमिया नियंत्रण के लिए एक संयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है। सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि दोनों मंत्रालयों को 'एनीमिया मुक्त भारत' बनाने के लिए अपने हाथों में कमान लेनी होगी। दोनों मंत्रालयों के बीच इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समझौता किया गया है। आज का दिन मानव जाति के कल्याण के लिए समर्पित है। आयुष मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने लगभग 94 प्रतिशत पोषण सुधार के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना पांच जिलों के लगभग 10,000 आंगनबाड़ी केंद्रों को कवर करेगी। पांच जिलों में जिला प्रशासनिक अधिकारी, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने की सुविधा देनी है। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने विचार साझा करते हुए आयुष के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।

## शाह और भाजपा ने पुण्यतिथि पर वीर सावरकर को किया नमन

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महान क्रांतिदूत वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए नमन किया है। शाह और भाजपा ने अपने एक्स हैंडल आज सुबह वीर सावरकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को अपने विचार और दृढ़ संकल्प से मजबूती देने वाले वीर सावरकर जी को पुण्यतिथि पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सावरकर जी के जीवन का हर क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। देश को स्वतंत्र कराने की उनकी अटल आकांक्षा को कालापानी की यातनाएं भी डिगा नहीं पाई। उन्होंने लिखा अस्पृश्यता को देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा मानने वाले सावरकर जी ने अपने अविरल संघर्ष, ओजस्वी वाणी




और कालजयी विचारों से जन-जन को स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वभाषा, स्वभूषा व स्वदेश के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले स्वातंत्र्यवीर का त्याग और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों को ध्रुव तारे के समान दिशा दिखाती रहेगी।

भारतीय जनता पार्टी ने भी एक्स हैंडल पर लिखा मां भारती के वीर सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी नेता, ओजस्वी वक्ता व समर्पित समाज सुधारक विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

# राष्ट्र और हिन्दू के हित में काम करने वाली सरकार ही चुनी जाएगी : आलोक कुमार

## कारसेवकपुरम में हुई बैठक, राम मंदिर से रामराज की तरफ कार्य करेगी विहिप

**एजेंसी। अयोध्या।**
विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल की बैठक कारसेवकपुरम में चल रही है। सोमवार को मन्दिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार बताया कि रामनगरी में पहली बार विहिप की बैठक चल रही है।

कार्यकारी अध्यक्ष ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हो रही है,देश में आने वाले चुनाव पर विश्व हिनपरिषद के कार्यकर्ता काम करेंगे और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे इसके अलावा शत प्रतिशत वोट के लिए विहिप आवाहन करेगी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे। जाति धर्म के आधार पर



वोट न करने के लिए अपील किया जाएगा, राष्ट्र और हिंदू के हित में काम करने वाली सरकार चुनी जाएगी। केवल राष्ट्रहित में ही मतदान करने के लिए विहिप आवाहन करेगी।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के साथ राम मंदिर निर्माण का अभियान विहिप का पूरा हुआ। राम मंदिर में पूजा, दान और मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार नहीं है। विहिप राम मंदिर से रामराज की तरफ काम कार्य करेगी। विश्व हिंदू परिषद अच्छे समाज के लिए आवश्यक 6 चीजों पर अब विहिप के कार्यकर्ता काम करेंगे।रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार रामराज्य की परिकल्पना के जरूरी लिए है। विश्व हिंदू परिषद समाज में ऊंच नीच को भी खत्म करने के लिए काम करेगी, समरस समाज अच्छा कुटुंब हो इसका प्रयास होगा। लिव इन रिलेशनशिप पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि विवाह और पारिवारिक व्यवस्था को नष्ट करने वाला लिव इन रिलेशनशिप है। सभी धर्म की महिलाओं के लिए, उनके गरिमा और उनके बराबरी के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए विहिप कार्य करेगी।

आतंकवाद के खिलाफ समाज में करेंगी जनजागरण, जिहाद नक्सलवाद के प्रति जन जागृति चलाएगी। हमारा फोकस समाज और व्यक्ति के निर्माण पर होगा। उन्होंने काशी, मथुरा पर कहा कि काशी, मथुरा पर मुकदमा चल रहा है। तर्क और तथ्य दोनों हमारे पक्ष में, कानून पर हमें विश्वास है।

## संक्षिप्त खबरें

### गढ़चिरौली में छह लाख की इनामी नक्सली महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में छह लाख रुपये इनामी नक्सली महिला राजेश्वरी उर्फ कमला पडगा गोटा (30) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सली महिला चार पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों में शामिल थी। पुलिस गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र सरकार ने राजेश्वरी उर्फ कमला पडगा गोटा की गिरफ्तारी के लिए छह लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। राजेश्वरी वर्ष 2006 में वह चेतना नाट्यमंच में सदस्य के रूप में शामिल हुई थी और माओवादी आंदोलन में सक्रिय हो गई। वर्ष 2010-11 में उसे चेतना नाटक मंच में डिप्टी कमांडर के पद पर पदोन्नत किया गया था। वर्ष 2016 में फरसेगढ़ दल में स्थानांतरित होकर वर्ष 2019 तक सदस्य के रूप में कार्य किया। वर्ष 2019 में उसे बीजापुर (छत्तीसगढ़) के एक वन क्षेत्र में पुलिस दल के साथ मुठभेड़ के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा प्रमुख अन्नामलाई के खिलाफ कार्यवाही पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अंतरिम आदेश में तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। अन्नामलाई ने अक्टूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में दावा किया था कि एक ईसाई एनजीओ ने सबसे पहले दिवाली के दौरान पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के लिए केस दायर किया था। यह देखते हुए कि प्रथम दृष्टया वैमनस्य फैलाने वाले भाषण का कोई मामला नहीं बनता है, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष लंबित आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश दिया।

### रास चुनाव से पहले विधायकों को रिजॉर्ट भेजने पर कांग्रेस की आलोचना

**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा ने 27 फरवरी को चार सीटों के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले विधायकों को एक रिजॉर्ट में स्थानांतरित करने की योजना को लेकर कांग्रेस की आलोचना की है। कर्नाटक भाजपा ने सोशल मीडिया पर लिखा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार भोग में डूबी हुई है, जो घोर झूठ के माध्यम से सत्ता में आई है। यह राज्य के करदाताओं के पैसे का आनंद लेने में लगी हुई है और फिर से रिजॉर्ट की राजनीति पर वापस आ गई है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में लोग अपने बच्चों को स्कूल से निकालकर दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस मौज-मस्ती के लिए विधायकों को रिजॉर्ट में ले जा रही है। भाजपा ने कहा, एटीएम सरकार राज्य का विकास करने या लोगों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सत्ता में नहीं आई है। कांग्रेस सरकार विदेश यात्राएं, तेलंगाना राज्य चुनाव के दौरान यात्राएं, हाईकमान से मिलने के लिए नई दिल्ली की यात्राएं कर रही है और कन्नड़ लोगों के पैसे से रिजॉर्ट टूरिज्म कर उन्हें दिवालिया बना रही है।


### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में आंध्र प्रदेश के तीन लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे शहर में सोमवार को नेशनल हाइवे पर टायर फटने के चलते एक टेंपो पलट गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। घायल लोगों का इलाज हुबली शहर के किम्स अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, घायलों में से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने कहा कि घायल आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के सिंगरायनहल्ली के रहने वाले हैं। यह घटना दावणगेरे के बाहरी इलाके में पंजाबी ढाबा के पास बेंगलुरु-पुणे नेशनल हाइवे 48 पर हुई। पीड़ित कर्नाटक के हावेरी जिले से ब्याडगी मिर्च ले जा रहे थे। मृतकों और घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आंध्र में खड़े ट्रक से टकराई बस, चार की मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में सोमवार सुबह एक बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना प्रथीपाडु मंडल में पदलम्मा मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। पुलिस के अनुसार, एक ट्रक जो ओडिशा से बापटला की ओर जा रहा था, उसका टायर पंचर हो गया था और चालक ने वाहन को सड़क के किनारे रोक दिया था। इस दौरान विशाखापत्तनम से राजामहेंद्रवरम जा रही आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की एक बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। पंचर ठीक कर रहे तीन लोगों और एक पैदल यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी और राजामहेंद्रवरम पहुंच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संजय सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज किए जाने के विरोध में आप नेता और दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए जमानत याचिका को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती देने वाली सिंह द्वारा दायर एक अन्य याचिका के साथ टैग करने का निर्देश दिया। इस बीच आप नेता संजय सिंह के पक्ष में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ में शामिल दीपांकर दत्ता को अवगत कराया कि लंबित याचिका पर सुनवाई आगामी 5 मार्च को होगी। ऐसे में दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए।

### मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने तीन दिनों में 4 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने तीन दिनों के भीतर नौ अलग-अलग मामलों में 4.06 करोड़ रुपये का 7.57 किलोग्राम से अधिक सोना और एक आईफोन जब्त किया है। बरामद किया गया सोना यात्रियों के पहने हुए कपड़ों, शरीर पर और उनके हैंडबैग में छुपाया था। कस्टम सूत्रों के अनुसार उनकी टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कर रही है। पिछले तीन दिनों में अलग-अलग नौ मामलों में कस्टम की टीम ने विभिन्न देशों से आए यात्रियों की तलाशी ली। इन सभी ने क्रॉकरी के बॉक्स, पहने हुए कपड़े, हैंड बैग के फ्रेम में सोना छुपाया था, जिसे बहुत तकनीकी तरीके से तलाशी लेकर पकड़ लिया गया है। इन मामलों में हैंडलर से असली सोना तस्कर के जानकारी हासिल की जा रही है।

### सरकार की सख्ती के बाद मनोज जारांगे ने खत्म की भूख हड़ताल

**मुंबई।** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विरोध में बयानबाजी करने के बाद सख्त हुई पुलिस ने सोमवार को मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल के विरुद्ध सात नए मामले दर्ज किए हैं। इसी बीच मनोज जारांगे पाटिल ने आज पिछले कई दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म कर दी है। अगले दो दिन के बाद वे आंदोलन की दिशा तय करेंगे। मनोज जारांगे ने रविवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विरुद्ध विवादित बयानबाजी की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि मनोज जारांगे मराठा समाज के हित के लिए जब तक काम कर रहे थे, सरकार ने उनकी हर मांग को माना है लेकिन मनोज जारांगे की मांग हर बार बदल रही है और अब वे राजनीतिक बयानबाजी करने लगे हैं। इसलिए अब कानून अपना काम करेगा।

# भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया

■ गिल-रोहित का अर्धशतक ■ ध्रुव जुरेल ने भी खेली आकर्षक पारी ■ भारत ने 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला में ली 3-1 की अजेय बढ़त

**रांची टेस्ट**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (नाबाद 52) के बेहतरीन अर्धशतक व ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) की शानदार पारी की बदौलत भारत ने यहां खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। दोनों टीमों को बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। ध्रुव जुरेल (पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39) को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए, जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 307 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 46 रनों की बढ़त हासिल हुई। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में केवल 145 रनों पर सिमट गई और भारत के सामने जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य रखा।

रांची की एक मुश्किल पिच पर 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जयसवाल ने सधी और अच्छी शुरूआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को जो रूट ने तोड़ा, रूट ने जयसवाल को एंडरसन के हाथों कैच कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद रोहित ने अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह अपनी पारी को ज्यादा दूर तक नहीं ले जा सके और 99 रनों के कुल योग पर 55 रन बनाकर टॉम हार्टले का शिकार बने।

रोहित के आउट होने के बाद रजत पाटीदार (00) बिना खाता खोले शोएब बसीर की गेंद पर ओली पोप के हाथों कैच आउट हुए। बसीर ने इसके बाद रवींद्र जडेजा (04) और सरफराज खान (00) के पवेलियन भेज भारत को मुसीबत में डाल दिया। हालांकि इसके बाद गिल और जुरेल ने छठे विकेट के लिए 72 रनों की शानदार साझेदारी कर भारत को 5 विकेट से जीत दिला दी। गिल ने 124 गेंदों पर 52 रनों की नाबाद मैराथन पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 2 छक्के लगाये। वहीं, जुरेल 77 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 39 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की तरफ से दूसरी पारी में शोएब बसीर ने 2 व टॉम हार्टले और जो रूट ने 1-1 विकेट लिया।

**इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रनों पर सिमटी, अश्विन ने झटके 5 विकेट :** इसके पहले रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी के आगे दूसरी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिये और पूरी टीम केवल 145 रनों पर सिमट गई और भारत को 192 रनों का लक्ष्य मिला।

दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 60 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 30 और बेन फोक्स ने 17 रन बनाए। अश्विन ने 5 और कुलदीप ने 4 विकेट लिए, एक विकेट रवींद्र जडेजा को मिला।

**भारत ने पहली पारी में 307 रन बनाए, जुरेल शतक से चूके, कुलदीप यादव ने 28 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली :** इससे पहले भारत ने यशस्वी जयसवाल और ध्रुव जुरेल के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 307 रन बनाए। यशस्वी ने 73 रन बनाए, जबकि जुरेल मात्र 10 रनों से अपना शतक चूक गए और 90 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों के अलावा शुभमन गिल ने भी 38 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन सबसे अच्छी पारी कुलदीप यादव ने खेली, एक समय केवल 177 रनों पर 7 विकेट खो चुकी भारतीय टीम को कुलदीप ने जुरेल के साथ मिलकर संकट से निकाला। कुलदीप और जुरेल ने आठवें विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। कुलदीप ने 28 रन बनाए और 131 गेंदों का सामना किया, इस दौरान उन्होंने केवल 2 चौके लगाए। इंग्लैंड के लिए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 5 और टॉम हार्टले ने तीन विकेट लिए, जबकि जेम्स एंडरसन को दो विकेट मिले।

**इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 353 रन, रूट का शतक :** इससे पहले जो रूट के बेहतरीन नाबाद शतक और ऑली रॉबिन्सन के अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए। रूट 122 रन बनाकर नाबाद रहे, वहीं ऑली रॉबिन्सन ने 58 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने 4, आकाश दीप ने 3, मोहम्मद सिराज ने 2 और रविचंद्रन अश्विन ने 1 विकेट लिया।

## विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला जीत के बाद की भारतीय टीम की सराहना



**एजेंसी। नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने झारखंड के रांची में जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में सोमवार को इंग्लैंड पर श्रृंखला जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के लचीलेपन, धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना की। ध्रुव जुरेल और शुभमन गिल ने नाबाद 72 रन की साझेदारी करके भारत को चौथे टेस्ट में पांच विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। कोहली ने जीत के बाद भारतीय टीम की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा हमारी युवा टीम द्वारा अभूतपूर्व श्रृंखला जीत। टीम ने धैर्य, दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने भी पूरी टीम और उनके सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की और बधाई दी।

शाह ने एक्स पर लिखा रांची में चौथे टेस्ट में टीम इंडिया की शानदार जीत, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज पक्की। हमारे गेंदबाजों ने अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाया।

## पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट

# श्यामलाल कॉलेज ने जीता खिताब



**एजेंसी। नई दिल्ली।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 3-1 से हराकर 10वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के खिताब पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। श्याम लाल कॉलेज की तरफ से आशीष शहरावत ने दो और प्रवीण मुंडा ने 1 गोल किया। खालसा कॉलेज के लिए एक मात्र गोल मोहित ने किया।

खिताबी मुकाबले में एसएनएस हॉकी मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्यामलाल कॉलेज के प्रवीण मुंडा को मिला। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्यामलाल कॉलेज के ललित कुमार वर्मा को मिला।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व हॉकी ओलंपियन, अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचंद थे, अध्यक्षता कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की चेयरपर्सन सविता गुप्ता ने किया। मेंबर गवर्निंग बॉडी डॉ पीके मिश्रा और कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर रबि नारायण कर ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

# बेहद कठिन मुकाबले में सीरीज जीतकर खुश हूं : रोहित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में 5 विकेट से मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह बेहद कठिन मुकाबले में सीरीज जीतकर खुश हैं।

रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (नाबाद 52) के बेहतरीन अर्धशतक व ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) की शानदार पारी की बदौलत भारत ने यहां खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ध्रुव जुरेल (पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39) को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारत की यह घरेलू जमीन पर लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीत थी।

रोहित ने मैच खत्म होने के बाद कहा यह एक बहुत कठिन संघर्ष वाली श्रृंखला रही है, इसलिए इसके सही पक्ष पर आना बहुत अच्छा लगता है। हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियाँ आईं लेकिन हमने जवाब दिया और धैर्य से काम लिया। युवा खिलाड़ी, घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब-क्रिकेट में बड़े होने पर यहां आना और टिके रहना चाहते हैं। यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मुझे जो प्रतिक्रियाएं मिलीं वे उत्साहजनक हैं।

रोहित ने जुरेल की भी प्रशंसा की, जिन्होंने अपने दूसरे ही टेस्ट मैच में बल्ले से जबरदस्त संयम दिखाया। उन्होंने कहा, हमें उन्हें वह माहौल देना होगा जिसमें वे रहना चाहते हैं, हम उनसे सिर्फ बात नहीं कर सकते, वे बहुत स्पष्ट हैं कि वे क्या करना चाहते हैं। जुरेल ने धैर्य, संयम और विकेट के चारों ओर शॉट्स दिखाए। उनकी पहली पारी में 90 रन महत्वपूर्ण थे और दूसरी पारी में भी गिल के साथ उन्होंने महत्वपूर्ण पारी खेली। रोहित ने स्वीकार किया कि श्रृंखला में पहली पसंद के कई खिलाड़ियों को मिस करना भारत के लिए आदर्श नहीं था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में जुरेल, गिल और यशस्वी जयसवाल जैसे युवाओं के आगे बढ़ने पर खुशी हुई।

उन्होंने कहा यह हमेशा सुखद नहीं होता जब आपको प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खलती है, लेकिन एक समूह के रूप में हम कुछ नहीं कर सकते। उनकी जगह भरना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने वास्तव में अच्छी प्रतिक्रिया दी। जब आप इस तरह की छाप छोड़ते हैं, तो आप लंबे करियर के लिए खुद को अच्छी स्थिति में रखते हैं। इससे उन्हें प्रेरणा मिलेगी। हम हर टेस्ट में यह सोचकर आते हैं कि हम जीतना चाहते हैं, यह एक शानदार श्रृंखला है, हम पांचवें (7 मार्च को धर्मशाला में) मैच में जाना चाहते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोनों टीमों के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा।

# तीन दिनों से प्रयास कर रहे दिव्यांग गौरव से मिले गावस्कर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** तीन दिनों से प्रयास कर रहे दिव्यांग गौरव मित्तल को क्रिकेट जगत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर से मिलने में सोमवार को सफलता मिली। जेसीए कंट्री क्रिकेट क्लब के सदस्य अर्से आलम के सहयोग से उन्हें यह सौभाग्य मिला।

गौरव पिछले दो दिनों से रोजाना टेस्ट मैच देखने स्टेडियम पहुंच रहा था लेकिन उसका मुख्य उद्देश्य था किसी तरह वह देश के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर से मिल सके।

दो दिनों के प्रयास के बाद आज तीसरे दिन भी एक बार फिर गौरव व्हीलचेयर से ही गावस्कर को देखते ही हाथ उठाकर आवाज लगाई। श्री आलम ने गावस्कर से इस दिव्यांग युवक से मिल लेने का आग्रह किया।

गावस्कर ने भी अपने इस युवा शुभचिंतक को निराश नहीं करना चाहा और वे व्हील चेयर में बैठे गौरव के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। गावस्कर को अपने पास देख दिव्यांग गौरव की आंखें भर आई। गावस्कर ने उसकी पीठ थपथपाई और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर गावस्कर के साथ कमेंटेटर वीर दास गुप्ता भी उपस्थित थे।



# डीवाई पाटिल टी20 कप के माध्यम से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं हार्दिक पंड्या




**एजेंसी। नवी मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या आज से नवी मुंबई में शुरू होने वाले डीवाई पाटिल टी20 कप के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। पंड्या रिलायंस 1 टीम की कप्तानी कर रहे हैं जो भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के खिलाफ प्रतियोगिता के शुरूआती मैच से अपना अभियान शुरू करेगी।

19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लगने के बाद से पंड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर थे। कुछ ही समय बाद, उन्हें विश्व कप से बाहर कर दिया गया और लंबे समय तक रिकवरी प्लस रिहैब पर रखा गया।

दिसंबर 2023 में उन्हें गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में शामिल कर लिया गया और वह 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 से पहले पांच बार के चैंपियनशिप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह टीम के कप्तान बन गए। डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में, पंड्या रिलायंस 1 टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, पीयूष चावला, आकाश मधवाल और विष्णु विनोद जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

बीपीसीएल टीम में संदीप शर्मा, राहुल त्रिपाठी, अनुकूल रॉय, श्रेयस गोपाल और रमनदीप सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

ईशान किशन, जो व्यक्तिगत कारणों से पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे से हटने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं, के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है, हालांकि इसकी पुष्टि होना अभी बाकी है।

## सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित



**एजेंसी। नई दिल्ली।** मुख्य कोच बीबी थॉमस मुत्ताथ ने सोमवार को 1 से 10 मार्च तक नेपाल के ललितपुर में होने वाली आगामी सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयन ट्रायल में चुने जाने के बाद संभावित खिलाड़ी गोवा में प्रशिक्षण ले रहे थे, जिसमें से अंतिम 23 खिलाड़ियों का चयन किया गया। टीम मंगलवार 27 फरवरी को नेपाल के लिए प्रस्थान करेगी। यह पहली बार है जब टूर्नामेंट अंडर-16 के लिए आयोजित किया जा रहा है।

सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:

**गोलकीपर :** कोन्जेंगबाम तम्फसाना देवी, मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी।

**डिफेंडर्स :** अमृता घोष, बोनिफिला शुल्लई, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, गौरी, रियाना लिज जैकब, रूपाश्री मुंडा, सारंगथेम अलीना देवी।

**मिडफील्डर :** अनीता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अनविता रघुरामन, एच याशिका, लोंगजाम नीरा चानू, रितु बड़ाईक, श्वेता रानी, थांडा मोनी बास्की।

**फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

# कालीकट हीरोज ने कोलकाता थंडरबोल्ट्स को 3-0 से हराया

**रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन-3**



**एजेंसी। चेन्नई।** कालीकट हीरोज ने रविवार रात यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गये ए 23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन के 15वें मुकाबले में कोलकाता थंडरबोल्ट्स को 3-0 (16-14, 15-8, 15-5) से हराकर अपनी दमदार जीत दर्ज कर ली। जेरोम विनित को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

ओनुर कुकुर के बेहतरीन खेल के सहारे कोलकाता थंडरबोल्ट्स ने मुकाबले में अपनी शानदार शुरूआत की, लेकिन जेरोम की खतरनाक सर्व ने थंडरबोल्ट्स के लिए कड़ी चुनौती पेश की। इसके बाद चिराग यादव और लुइज पेरोटो के अटैकिंग खेल ने कालीकट हीरोज के लिए वापसी करने में मदद की। लेकिन विनीत कुमार ने स्पाइक्स की बदौलत अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा। यहां से ऐसा लग रहा था कि कोलकाता की टीम पहला सेट अपने नाम कर लेगी, लेकिन अश्वल राय की सुपर सर्विस ने कोलकाता थंडरबोल्ट्स को मुकाबले में आगे कर दिया। हालांकि तभी कालीकट हीरोज की टीम ने सुपर प्वाइंट जीतकर मैच में अपनी बढ़त कायम कर ली।

कालीकट हीरोज और कोलकाता थंडरबोल्ट्स के बीच दूसरा सेट विनित बनाम विनीत हो गया क्योंकि इस सेट में दोनों टीमों की ओर से उनका बेस्ट अटैकिंग खेल देखने को मिला।

चिराग ने सर्विस लाइन से अपने आक्रामक खेल के सहारे मुकाबले को कालीकट हीरोज के कब्जे में कर दिया। इसी बीच, मिडिल ब्लॉकर्स विकास मान और डेनियल मोटाजेदी ने कोलकाता थंडरबोल्ट्स के अटैक को रोकने के लिए डिफेंस में बेहतरीन खेल दिखाया। उक्रा की बेहतरीन पास के दम पर कालीकट हीरोज की टीम ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और कालीकट ने अपनी बढ़त को कायम रखते हुए दूसरा सेट भी अपने नाम कर लिया।

## खबरें व्यापार जगत की

### मोदी सरकार की नीतियों का नतीजा आर्थिक मोर्चे पर चीन को करारा झटका



**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत को घेरने की कोशिश में जुटे चीन को मोदी सरकार करारा जवाब देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती है। साल 2014 में देश की कमान संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार कूटनीतिक और सैन्य मोर्चे पर चीन की हर चुनौती का बखूबी जवाब देती आई है। मोदी सरकार ने चीन की हर चाल को नाकाम करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए हैं। फिर चाहे वो एलएसी यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा के उल्लंघन का मसला हो या फिर आर्थिक मोर्चे पर चीन की चालबाजी की बात हो या तकनीकी क्षेत्र की। हमेशा ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने ड्रैगन को उसी की भाषा में जवाब दिया है।

भारत और चीन के रिश्तों में तल्खी उस वक्त ज्यादा बढ़ गई, जब एलएसी पर चीनी सैनिक और भारतीय सैनिक के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इसमें भारत के 20 सैनिक शहीद हो गए थे। हालांकि भारतीय सैनिकों ने भी चीन को काफी नुकसान पहुंचाया था और उसके 40 से ज्यादा सैनिक हताहत भी हुए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों में लगातार खटास देखने को मिली है।

इससे भी बड़ा झटका चीन को मोदी सरकार ने बीते कुछ दिनों में दिया है। जब भारत सरकार ने चीन के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए यहां काम कर रही 17 चीनी कंपनियों को बैन कर दिया। इतना ही नहीं नरेंद्र मोदी सरकार ने इन कंपनियों को टेंडर प्रक्रियाओं में भाग लेने से बैन कर दिया। जिनमें एक्सपी-पेन, लेनोवो, हाईविजन हिकविजन, लावा, दहुआ, ओटोमेट, जोलो, एयरप्रो, ग्रैंडस्ट्रीम, वाई-टेक, रियलटाइम, मैक्सहब, डोमिनोज, रेपुटर और टायरो जैसी बड़ी कंपनियां शामिल थी।

### गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 353 अंक फिसला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 352.66 अंक यानी 0.48 फीसदी की गिरावट के साथ 72,790.13 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का (निफ्टी) भी 90.65 अंक यानी 0.41 फीसदी फिसलकर 22,122.05 के स्तर पर बंद हुआ है। शेयर बाजार में आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 शेयरों में गिरावट रही है जबकि सिर्फ 4 शेयरों में तेजी रही। कारोबार के दौरान आज ऑनलाइन पेमेंट मंच पेटीएम के शेयर में 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एशियन पेंट्स के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज हुई है। आज के कारोबार में टॉप गेनर्स में एलएंडटी, पावरग्रिड, एचयूएल और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं जबकि टॉप लूजर्स में एशियन पेंट, टाटा स्टील, टाइटन और टीसीएस प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक्स 15 अंकों की गिरावट के साथ 73,142 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 4 अंक की गिरावट के साथ 22,212 के स्तर पर बंद हुआ था।

### सरकार ने आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू उत्पादकों को ब्याज मुक्त ऋण को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में तंबाकू की खेती करने वाले किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू उत्पादकों को ब्याज मुक्त ऋण को मंजूरी दे दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू उत्पादकों की कठिनाइयों को देखते हुए भारत सरकार ने तंबाकू बोर्ड के उत्पादक कल्याण कोष निधि से प्रत्येक उत्पादक सदस्यों के लिए 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत किया है। यह ब्याज मुक्त ऋण उनके लिए है, जिनकी फसलें मिचौंग चक्रवात की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। मंत्रालय के मुताबिक यह केवल आंध्र प्रदेश फसल सीजन 2023-24 के लिए एकमुश्त ब्याज मुक्त ऋण है। यह ब्याज मुक्त ऋण राशि 2023-24 आंध्र प्रदेश फसल सीजन की संबंधित तंबाकू उत्पादकों की नीलामी बिक्री आय से वसूल की जाएगी। अभी कर्नाटक में एफसीवी तंबाकू की नीलामी चल रही है। अब तक बोर्ड द्वारा कर्नाटक में अपने ई-नीलामी प्लेटफार्मों के माध्यम से लगभग 85.12 मिलियन किलोग्राम एफसीवी तंबाकू का विपणन किया जा चुका है। तंबाकू उत्पादकों को मिलने वाली औसत कीमत में 12.49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह पिछले वर्ष के 228.01 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर चालू वर्ष में 256.48 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उल्लेखनीय है कि फ्लू क्यूर्ड वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू का उत्पादन भारत में मुख्य रूप से दो राज्यों, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में किया जाता है। वर्तमान में आंध्र प्रदेश में फसल का मौसम चल रहा है, जिसमें 42,915 एफसीवी तंबाकू उत्पादक हैं। इसकी कर्नाटक में नीलामी चल रही है, जिसमें 39,552 एफसीवी तंबाकू उत्पादक हैं।

### ऑयल इंडिया लिमिटेड संयुक्त अरब अमीरात में वैश्विक भागीदार रोड शो आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे युवा महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने अपने पहले वैश्विक भागीदार रोड शो कॉनफ्लुएंस : व्हेयर एनर्जी एंड अपॉर्च्युनिटी कन्वर्ज की घोषणा की है, जो 28 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होने वाला है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि यह आयोजन, जिसमें ऊर्जा सेवा उद्योग से 50 से अधिक अग्रणी कंपनियों को आकर्षित करने की उम्मीद है, आक्रामक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए ओआईएल की प्रतिबद्धता का संकेत देता है। इसमें कहा गया है कि ओआईएल ने महत्वाकांक्षी उत्पादन लक्ष्यों पर अपनी नजरें रखी हैं : 2025-26 तक 4 एमएमटी तेल और 5 बीसीएम गैस वार्षिक उत्पादन। इसमें कहा गया है 2030 तक 12 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व उत्पन्न करने के लक्ष्य के साथ कंपनी ने विभिन्न गतिविधियों में 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है, जिसका मकसद है अन्वेषण प्रयासों, क्षेत्र के विकास को बढ़ाना और उत्पादन में तेजी लाना। इसमें कहा गया है कि ओआईएल अपतटीय भारतीय क्षेत्रों में आक्रामक रूप से विस्तार करने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया है, रोड शो की मेजबानी ओआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, निदेशक, संचालन और ओआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। यह आयोजन आगामी एक से पांच वर्षों के लिए ओआईएल की विस्तृत खरीद रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा, जो भागीदारों को शामिल होने, विचार करने और भागीदार ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। इसमें कहा गया है कि यह आयोजन ऊर्जा उद्योग में नए व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए अपने भागीदारों के साथ मजबूत संबंध बनाने पर ओआईएल के फोकस को उजागर करता है। बयान में कहा गया है इस आयोजन का फोकस नवाचार, स्थिरता और रणनीतिक गठजोड़ पर होगा, जिसमें ओआईएल का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से नए उद्योग मानक स्थापित करना है।

## एक नजर

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने भी बांधी समा

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोमवार को हैदरनगर में वीडियो कांफ्रेसिंग कार्यक्रम को लेकर रेलवे की ओर विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को शामिल किया। इस दौरान हैदरनगर प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बहेरा से सटे ही नवनिर्मित रेलवे अंडरपास का उदघाटन भी प्रधानमंत्री ने किया। इससे पूर्व रेल अधिकारियों के दिशा निर्देश के तहत प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय, सहायक शिक्षक संजय राम व कुसुम देवी ने वर्ग चार व पांच के स्कूली बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल कराया। चित्रकला, निबंध प्रतियेगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नौ बच्चों को मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) सुरजीत सिंह ने सम्मान पत्र बच्चों को प्रदान कर मिठाईयां खिलाई। उत्कृष्ट बच्चों में रुपेश कुमार, अभिषेक, राहुल, बालबीर कुमार, चंदन शर्मा आदि शामिल हैं।

### आनंदमार्ग की महिला पुरोहितों ने कराया अंतरजातीय विवाह

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में रविवार को एक विवाह हुआ, जो कई मामलों में अनूठा प्रयास कहा जा सकता है। पहली बात कि अंतरजातीय विवाह था, तो दूसरी बात कि बिना तिलक-दहेज लिए विवाह हुआ, जबकि तीसरी महत्वपूर्ण बात यह रही कि यह विवाह आनंदमार्ग की महिला पुरोहितों ने संपन्न कराया। स्थानीय आनंदमार्ग प्रचारक संघ के आरएम मैरिज फॉर्म की ओर से रविवार रात मेदिनीनगर के नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति में लेस्लीगंज के राजहारा निवासी रामस्वरूप सिंह व अनीता की सुपुत्री डॉ. मधुमिता सिंह का विवाह बिहार के गया निवासी कैशलेंद्र कुमार के पुत्र लोकेश कुमार देव से आनंदमार्ग पद्धति से संपन्न हुआ। वर पक्ष से पुरोहित अचार्य ब्रजगोपालानंद अवधूत व वधू पक्ष से महिला पुरोहिता ब्रह्मचारिणी मंद्रिता आचार्य ने किया विवाह सम्पन्न कराया।

### पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमी ही निकला प्रेमिका का हत्यारा

**पलामू।** पाटन प्रखंड के किसैनी गांव के विनोद भुइया की 18 साल की बेटी रेशमी कुमारी का शव पेड़ से झूलता हुआ मिला था. पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. पुलिस प्रेमी अवरिंद भुइयां को गिरफ्तार कर लिया जबकि हत्याकांड में शामिल अन्य 6 अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. पुलिस ने बताया कि प्रेमी के परिजनों ने मिलकर युवती की हत्या कर दी. पाटन के थाना प्रभारी लाल जी ने मामले को लेकर टीम गठित की थी. पुलिस ने बताया कि हत्याकांड में दुपट्टे का प्रयोग किया गया था. जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है. मृतका की मां रूणा देवी ने पाटन थाना में आवेदन देकर बताया था कि उसकी बेटी का अरविंद भुइयां के साथ दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था. अरविंद भुइया का विवाह दूसरे जगह तय होने लगा तो उसकी बेटी ने विवाह का दबाव बनाया. इसके बाद पेड़ से उसकी बेटी का शव झूलते हुए मिला था।

## पीएम ने 41 हजार करोड़ से 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# रेलवे के विकास से देश के विकास को मिलेगी गति

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य सहित अन्य योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इससे पूर्व सांसद विष्णु दयाल राम ने पंडाल में उपस्थित लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौतरफा विकास के तहत 1500 रोड ओवर ब्रिज / अंडरपास का शिलान्यास व उदघाटन करने के बाद राष्ट्र को समर्पित किया है। इस कार्यक्रम में हैदरनगर स्टेशन का पुनर्विकास भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत योजना में हैदरनगर व मोहम्मदगंज स्टेशन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कुल 41 हजार करोड़ की लागत से एक साथ पूरे देश भर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवर ब्रिज तथा आरयूबी / एलएचएस का लोकार्पण करने का ऐतिहासिक कार्य होने से देश के विकास को गति मिलेगी। इस कड़ी में पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल से 33 स्टेशनों के पुनर्विकास व 72 आरओबी, अंडरपास निर्माण को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में वरीय मंडल अभियंता (सिग्नल) प्रदीप कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. अजय जायसवाल, पंसस शैलू जायसवाल, मुखिया संतोष कुमार सिंह मौजूद थे। इस कार्यक्रम में स्थानीय माता देवरानी पब्लिक स्कूल सहित पांच स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति आधारित गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध



**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोमवार को हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान हैदरनगर प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बहेरा से सटे नवनिर्मित रेलवे अंडरपास का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन भी किया। इससे पूर्व रेल अधिकारियों के दिशा-निर्देश के तहत प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय, सहायक शिक्षक संजय राम व कुसुम देवी ने वर्ग चार व पांच के स्कूली बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल कराया। चित्रकला, निबंध प्रतियेगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नौ बच्चों को मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) सुरजीत सिंह ने बच्चों को सम्मान पत्र प्रदान किया। उत्कृष्ट बच्चों में रुपेश कुमार, अभिषेक, राहुल, सागर, अनिका कुमारी, अंजली, प्रिया, बालबीर कुमार, चंदन शर्मा आदि शामिल हैं।

**13 करोड़ से बदलेगी हैदरनगर की सूरत :** सांसद ने बताया कि इस दौरान 13 करोड़ रुपये की लागत से हैदरनगर स्टेशन की सूरत बदली जायेगी। जिसमें सामान्य व दिव्यांग जनों के लिये फुट ओवर ब्रिज, रोशनी, पानी, प्रतीक्षालय की बेहतर सुविधा बहाल की जायेगी। साथ ही प्लेटफार्म पर ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान की सूचना डिस्पले पर दी जायेगी। इस दौरान पीएम के लाइव कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी।

### मोहम्मदगंज में यात्री सुविधा पर खर्च होंगे 13 करोड़

**मोहम्मदगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग से 12.95 करोड़ की लागत से प्रस्तावित पुनर्विकास कार्य की योजनाओं का शिलान्यास किया। प्रस्तावित योजनाओं मे स्टेशन के डाउन प्लेटफॉर्म के जीर्णोद्धार के साथ उसकी लंबाई बढ़ाने, फुट ओवर ब्रिज,प्लेटफॉर्म पर स्क्रीन डिस्प्ले बोर्ड, वातानुकूलित वेटिंग हॉल, वाहन पार्किंग,पार्क सहित सभी प्लेटफॉर्म पर व्यवस्थित यात्री शेड व अन्य जरूरी यात्री सुविधायें बहाल की जायेंगी। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डा. कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत को विश्व गुरु बनाने में भारतीय रेल की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे के विकास और यात्री सुविधाओं में विस्तार के साथ ही माल ढोलाई की दिशा में पहले की अपेक्षा में चार गुना वृद्धि हुई है। युवा समाजसेवी जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास और बदलाव देखने को मिला है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सांसद वीडी राम के कार्यकाल में देश के अन्य क्षेत्रों के साथ ही इस रेलखंड में विकास के अतुलनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने गरीब रथ एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग की। मौके पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य के अलावा भाषण, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। नोडल पदाधिकारी इंदु प्रकाश के साथ महेन्द्र प्रसाद सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह,मुखिया कमला देवी और पंसस ममता देवी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। संचालन विनोद कुमार ने किया। आयोजन में टीआई अंबरीष भारतीय,स्टेशन अधीक्षक संजय कुमार, एसएम सुधीर कुमार मंगलम, मनोज कुमार, सुबोध कुमार भारती, विश्व भारती, इंद्रजीत कुमार, ज्वाला प्रकाश, वेलफेयर ऑफिसर डीके सिन्हा उपस्थित थे।

### बक्सी उच्च विद्यालय के समीप बने अंडरपास का उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** शहर के बक्सी उच्च विद्यालय के पीछे बने अंडरपास का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक मंडल विद्युत अभियंता अमन कुमार ने व संचालन योगेंद्र कुमार सिंह ने किया। रेलवे के अधिकारियों ने निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि नगर पंचायत प्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व शहर के कन्या मवि,रेड रोज पब्लिक स्कूल ,लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल की छात्राओं ने गणेश वंदना




पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। वाराणसी से आये गायक पांडेय जी की टीम द्वारा भजन की प्रस्तुति की गयी। मौके पर संजीव पांडेय, राजेश पांडेय,संजीव कुमार,स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार, टीटीई आशीष कुमार, संतोष शर्मा, अनूप सिंह, अर्जुन प्रसाद गुप्ता,उमा देवी, नौलेश कुमार, अविनाश कुमार,रवि कुमार, संजित कुमार, राजीव रंजन सिंह, नरेश कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की कोषांग के पदाधिकारियों के साथ बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक में कोषांगवार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए और सभी पदाधिकारियों को इलेक्शन मोड में रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है। ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपनी देख-रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग को मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण को लेकर तिथि निर्धारण करने,कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने,लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने,पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने,दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने,वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग,स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन, सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक,सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये। उन्होंने इलेक्शन के सफल संचालन हेतु

### नवनियुक्त थाना प्रभारी निर्मल उरांव से की मुलाकत

**मनातू / पलामू ।** भारतीय जनता पार्टी के कई जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी से मुलाकात की और शुभकामनाएं दी इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रतिनिधि विगु साव, उप प्रमुख पति अयोध्या प्रसाद, मंडल उपाध्यक्ष हरेंद्र पासवान, लक्ष्मण साव,मीडिया प्रभारी अंतू यादव, शत्रुघ्न साहू, जितेश्वर यादव,आदि मौजूद रहे।थाना प्रभारी से मुलाकात करने के बाद सांसद प्रतिनिधि विगु साहू ने कहा कि हाल ही में निर्मल उरांव की तैनाती मनातू थाना में थाना प्रभारी के रूप में हुई है।उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी से मुलाकात के दौरान उन्होंने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए अपनी पार्टी की तरफ से हर संभव सहयोग पुलिस विभाग को देने की बात कही। उप प्रमुख पति अयोध्या प्रसाद ने कहा की पुलिस विभाग और समाज के सभी वर्ग के लोग एकजुट होकर काम करे तो समाज को नई दिशा दी जा सकती है।

## विधायक ने तीन योजनाओं का किया ऑनलाइन शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

प्रतिनिधि हरिहरगंज। क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सोमवार को हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड में तीन योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया. पिपरा प्रखंड के भीतिहा गांव में सामुदायिक भवन तथा दलपतपुर में नाली निर्माण कार्य योजना का कार्यस्थल पर मौजूद एनसीपी के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया. वहीं विधायक कोटे से हरिहरगंज शहरी क्षेत्र अंतर्गत वैद्य विगहा रोड़ से रौशन सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास कार्यस्थल पर मौजूद एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह ने नारियल फोड़कर किया. इस दौरान अपने ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि जाति , धर्म से ऊपर उठकर पूरे विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे कृत संकल्पित हैं. इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, शिक्षक सुरेश कुमार सिंह, भोला सिंह, समाजसेवी जानू चौधरी, राजू शर्मा, लखन सिंह, सुदामा ठाकुर, विकास सिंह, सुदर्शन सिंह, अखिलेश यादव, सचिन यादव, कैलाश यादव, अमलेश यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारतीय संविधान देश की एकता और अखंडता की गारंटी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 35वीं कड़ी मेंभारत में एकता व अखंडता समसामयिक परिप्रेक्ष्य पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक आचार्य रामनरेश प्रजापति एवं ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने की। परिचर्चा का विषय प्रवेश प्रेम प्रकाश ने कराया। उन्होंने कहा कि भारत बहु सांस्कृतिक देश होने के बावजूद भारत में एकता व अखंडता का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसी एकता और अखंडता के बल पर हमने आजादी हासिल की है। हमारे संत कवियों व प्रगतिशील कवियों ने एकता और अखंडता के महत्व की चर्चा करते हुए धर्म व राजनीति के स्वरूपों को अपने साहित्य में प्रतिबिंबित किया है। वर्तमान भारत में एकता व अखंडता खतरे में है। भेदभाव चरम पर है। इसके कई



कारण है। एक तो सरकार की नीतियां दूसरे धार्मिक मान्यताओं का राजनीतिक लाभ के लिए विश्लेषण के साथ संविधान का छेड़छाड़ उन कारणों में शामिल है। चर्चा के दौरान जातीय भेदभाव, धार्मिक भेदभाव और समान नागरिक संहिता का मसाला भी एकता व अखंडता के लिए बाधक तत्वों के रूप में उभर कर सामने आया। परिचर्चा के प्रारंभ में गोविंद प्रसाद ने एक गीत मेरा खून काला और ना तेरा खून सफेद /यह कैसा है मतभेद प्रस्तुत करते हुए अपने विचारों को रखा। उन्होंने कहा कि संविधान हमारी एकता अखंडता को मजबूत करने का काम करता है लेकिन संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। इसके बाद इप्टा के रंगकर्मियों ने शशि पांडे के नेतृत्व में एकता सामानता शांति के लिए गीत प्रस्तुत किया। अपने गीत के माध्यम से एकता व अखंडता के लिए बाजार, धर्म और सरकार की हिंसक नीतियों को खतरनाक बताते हुए आपसी भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता नहीं रहने के कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती रही है।

## राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में एक दिवसीय बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू ।** पलामू जिला राष्ट्रीय जनता दल द्वारा जिला कार्यालय में एक दिवसीय बैठक किया गया । बैठक की अध्यक्षता सम्मानित जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं संचालन अनुसूचित जाति प्रकोष्ट के सम्मानित जिला अध्यक्ष राजू भुइयां के द्वारा किया गया । इस बैठक में पार्टी द्वारा रविवार को आयोजित जन विश्वास यात्रा महारैली कार्यक्रम में पटना में शामील होने पर चर्चा किया गया ।इस बैठक में जिला अध्यक्ष श्री मोहन विश्वकर्मा जी ने सभी साथियों को आह्वान करते हुये कहा कि महारैली में देश के युवाओं के आईकान सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सह बिहार के प्रतिपक्ष के नेता माननीय तेजस्वी प्रसाद यादव जी के भाषण को सुनने के लिये और उनके हौसले को बढ़ाने के लिये तथा अगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मजबूति प्रदान करने के लिये पलामू से हजारों- हजार की तादाद में चलें। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष जनाब सैयद समी अहमद साहब, प्रदेश उपाध्यक्ष सह विद्वान अधिवक्ता धीरेन्द्र कुमार सिंह , प्रकोष्ट प्रदेश अध्यक्ष धनन्जय पासवान, महिला प्रकोष्ट के प्रदेश सचिव रूबी देवी, सदर प्रखंड अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट श्रीमती पुष्पा सिंह, रिता देवी, प्रखंड अध्यक्ष छत्तरपुर संतोष कुमार यादव, सत्यनारायन यादव, महेन्द्र यादव , उपेन्द्र कुमार मेहता, सत्येन्द्र यादव , नन्दु सिंह,मो० तौकिर आलम, मोहन यादव, मो० तनवीर आलम, उपेन्द्र चौधरी, मो० हदीश अंसारी, नगर अध्यक्ष फैयाज खान साहब, मंदीप कुमार यादव, इस्माइल अंसारी, विश्वास सिंह, सहीत सैकडो कार्यकताओं हिस्सा लिये ।

### कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी हुए शामिल

## मां शबरी की हुई पूजा, शिक्षा पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

भगवान श्री राम की अनन्य भक्त मां शबरी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित यज्ञ मैदान में बने चबुतरा के पास मूर्ति स्थापित कर मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 76 वर्षा बाद भी समानवादी शिक्षा देश में आज तक लागू नहीं हुई है, इसके कारण आज भी जज का बेटा जज, कलेक्टर का बेटा कलेक्टर और मजदूर का बेटा मजदूर बन रहा है। समानवादी शिक्षा व्यवस्था लागू न होने के कारण ही आज भुइयां समाज का साक्षरता दर न्यूनतम स्तर पर है। इसके कारण देश में जातिवाद, आरक्षण और उच्च नीच की भावना उत्पन्न हो रही है। आगे कहा कि समाज के लोगों को राजनीतिक में भी आगे आने



की आवश्यकता है तभी हम अपने हिस्से का अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। यदि बिहार आगामी चुनाव में हमारी पार्टी को 20 से अधिक सीटे आती है तो हम बिहार में शराबबंदी कानून को निरस्त करेंगे, क्योंकि बिहार में शराब माफिया मलामाल हो रहे हैं और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का आर्थिक दोहन हो रहा है। क्योंकि बिहार के पड़ोसी राज्यों में शराबबंदी कानून लागू नहीं है। साथ ही कहा कि यदि जनहित के लिए सौ बार भी पलटी मारने की आवश्यकता पड़े तो पलटी मारा जा सकता है। पलटी मारकर नीतीश कुमार ने जनहित का कार्य किया है। वहीं झारखंड में चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि लोगों का उत्साह देखते हुए मैं एक टीम भेजूंगा जो रिपोर्ट आएगी उसके बाद फैसला लूंगा। कार्यक्रम में बंगाल टाइगर सिंटू भुइयां, हम प्रवक्ता नारायण दास, नेमन भारती, उमेश योगियारा मुखिया भारती, आशीष भारती, कुन्दा प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी, जयराम भारती, संजय भुइयाँ, कुन्दा मुखिया मनोज साहू, नवादा मुखिया भरत यादव, बौधाडीह मुखिया अनिता देवी समेत हजारों समाज के लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा योजना के तहत हुआ पंचायत सभा का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 में मोहम्मदगंज ग्राम पंचायत में किए गए कार्यो का सामाजिक अंकेक्षण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन सोमवार को सामुदायिक भवन में किया गया। सोशल ऑडिटर टीम द्वारा स्थल जांच के बाद मनरेगा योजना के मद से हुए कार्यों का ब्यौरा को ग्रामसभा में प्रस्तुत किया। इस योजना के संचालन के लिए ग्रामीण जनता ने सर्वसम्मति से सिद्धार्थ कुमार को अध्यक्ष पद के लिए नामित किया।सिद्धार्थ कुमार ने मनरेगा योजना में हुए अनियमितता को सामाजिक अंकेक्षण पुस्तिका में अंकित किया।इन्होंने बताया की 4 कुआं का कार्य प्राक्कलन आधारित न होना, बिल वाउचर नहीं लगा होना, प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभुक को प्राक्कलन से कम मजदूरी भुगतान कर पोर्टल बंद कर देना, 42 योजनाओं में कार्य की मापी पुस्तिका में दर्ज की गई राशि से कम भुगतान होना, सादे कागज पर लाभुक का हस्ताक्षर लगा होना, अधूरे योजना अभिलेख में मुखिया,पंचायत सेवक और रोजगार सेवक का हस्ताक्षर होना, 27 दीदी बड़ी

### पेज एक के शेष

#### हंगामे व बायकाट के बीच...

सीबीआई जांच कराये। इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नौजवानों की जिंदगी से कोई खिलवाड़ नहीं होगा। एसआईटी का गठन किया गया है। अगर एसआईटी जांच सफल नहीं होती है तो आगे की कार्रवाई की जायेगी। भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि एसआईटी के बड़े लोगों तक पहुंचने से पहले मामले को दबा दिया जायेगा। इस मामले में विधानसभा के कर्मचारी भी संलिप्त है। सरकार अपने लोगों को बचाने के लिए सीबीआई जांच से भाग रही है। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि जल्द से जल्द परीक्षा ली जानी चाहिए। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके पहले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर भी जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आप के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी के समक्ष सोमवार को भी पेश नहीं हुए। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सातवीं बार समन भेजकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। आम आदमी पार्टी ने इस समन पर भी सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर नहीं जाएंगे। पार्टी ने कहा कि चूंकि अभी मामला अदालत में लंबित है। इसकी सुनवाई 16 मार्च को होनी है। ईडी समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करे।

### इनेलो हरियाणा प्रमुख हत्याकांड में सात पर एफआईआर दर्ज



**चंडीगढ़।** आईएनएलडी के हरियाणा अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके अलावा, एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, इसमें वारदात से ठीक पहले हुंडई आई 10 में हमलावर दिखाई दे रहे हैं।

### भारतवंशी प्रो. अशोक वीरराघवन को टेक्सास में सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान



**टेक्सास।** टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने भारतवंशी कंप्यूटर इंजीनियर प्रो. अशोक वीरराघवन को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'एडिथ और पीटर ओ'डॉनेल' पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह टेक्सास में शोधकर्ताओं के लिए सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कारों में से एक है। प्रो. वीरराघवन राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आरब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियर हैं। राइस यूनिवर्सिटी के मुखपत्र 'द राइस थ्रेसर' ने यह जानकारी दी। 'द राइस थ्रेसर' ने कहा कि प्रो. वीरराघवन को 'क्रांतिकारी इमेजिंग तकनीक' के लिए 2024 एडिथ और पीटर ओ'डॉनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# चांदी जैसा रंग... की रूमानियत बिखेरने वाले पंकज ने कहा गुडबॉय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास के निधन का जानकारी देते हुए उनकी बेटी नायाब उधास ने अपने पोस्ट में लिखा कि वो लंबे समय से बीमार थे। वह 72 साल के थे। अस्सी के दशक में उनके गजल लोगों की जुबान पर थे। 'रिश्ता तेरा मेरा', 'न कजरे की धार', 'चांदी जैसा रंग है तेरा', 'मत कर इतना गुरूर', 'जीए तो जीए कैसे' और 'आदमी खिलौना है' जैसे सुपरहिट गाने देने वाले पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। सात साल की उम्र से ही पंकज उधास संगीत की दुनिया में जुड़ गए थे। उनके गाने के टैलेंट को उनके भाई मनहर उधास ने पहचाना था। वह बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर हैं। 'तेरा नाम लिया', 'तू मेरा हीरो है', 'हम तुम्हें चाहते हैं ऐसे'





समेत कई सुपरहिट गाने में उनकी आवाज सुनने को मिलती है। वह उन्हें अपने कार्यक्रम में ले जाते थे। पंकज उधास ने अपने भाई के साथ पहली बार कार्यक्रम में गाना गाया था, जिसमें उन्हें इनाम के तौर पर 51 रुपए दिए गए थे। इस कार्यक्रम में उन्होंने 'ऐ वतन के लोगों' गाना गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इसके बाद पंकज ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह गायिकी और गजल की दुनिया में आगे बढ़ते चले गए। उन्हें 2006 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। जब पंकज उधास को पद्मश्री मिलने की घोषणा हुई तो उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं थी। जब उन्हें उनके दोस्त ने बधाई दी, तो उन्होंने अपने दोस्त से पूछा कि किस बात की बधाई? इस पर उनके दोस्त ने बताया कि आपको पद्मश्री से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। यह खबर सुनने के बाद पंकज काफी खुश हुए थे।

### पंकज उधास की फरीदा से शादी

पंकज ने 11 फरवरी 1982 को फरीदा से शादी की थी। उनके पड़ोसी ने पंकज की मुलाकात फरीदा से करवाई थी। फरीदा को देखते ही वे उनको दिल दे बैठे थे। उस वक्त पंकज ग्रेजुएशन कर रहे थे और फरीदा एयर होस्टेस थीं। दोनों में दोस्ती हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों शादी करना चाहते थे। जहां एक तरफ पंकज का परिवार शादी के लिए राजी था, लेकिन फरीदा के परिवार वालों को इस रिश्ते का ऐतराज था। वो दूसरे धर्म में अपनी लड़की की शादी नहीं कराना चाहते थे। लेकिन पंकज ने हार नहीं मानी और वह फरीदा के पिता से अपने रिश्ते की बात करने चले गए। फरीदा के पिता रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर थे, लेकिन उन्होंने अपनी बातों से उनका दिल जीत लिया। फरीदा के पिता दोनों की शादी के लिए मान गए, जिसके बाद दोनों की शादी हुई। दोनों की दो बेटियां नायाब और रेवा हैं।

# पीएम ने बिहार को दी कई सौगात

■ कार्यक्रम में पटना से शामिल हुए नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किए गए रेलवे से संबंधित योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में पटना से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रिमोट के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये की लागत से देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों का तथा 1,500 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। रेलवे परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बिहार को कई सौगातें दी। कार्यक्रम में बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों बरौनी, सीवान, मुंगेर, थावे, अररिया कोर्ट, शिवनारायणपुर, दौरम मधेपुरा, डेहरी ऑन सोन, गुरारू, काढ़ागोला रोड, चौसा, लहेरियासराय, बांका, सिमरी बख्तियारपुर, सुपौल, नवादा, रक्सौल, मोतीपुर, लखीसराय, मशरख, रफीगंज, मैरवा, पीरो, बिक्रमगंज, लाभा, जनकपुर रोड, चकिया, नवीनगर रोड, घोड़ासहन, सालमारी, एकमा एवं शाहपुर पटोरी का पुनर्विकास कार्य एवं 68 रोड ओवरब्रिज, अंडरपास के निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। रेलवे योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्य की शुरूआत होने से पहले दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जयंत कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे की परियोजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अशोक चौधरी भी मौजूद रहे।






### प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से देशभर में रेलवे का हुआ कायाकल्प : नित्यानंद राय

**समस्तीपुर।** पीएम ने रविवार को 41 हजार करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में नित्यानन्द राय ने कहा कि पीएम के प्रयास से देशभर में रेलवे का कायाकल्प हुआ है। राय ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र उजियारपुर के अंतर्गत भी चार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इसमें दलसिंहसराय शहर के 32 नम्बर रेलवे गुमटी पर 47 करोड़ 31 लाख की लागत से बनने वाला ओवरब्रिज भी शामिल है। उन्होंने अपने लोस क्षेत्र की जनता की तरफ से मोदी को साधुवाद देते हुए कहा कि इन रेल परियोजनाओं को पूरा होने से रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### मध्य प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास, मोदी ने किया शिलान्यास

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 554 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की शुरूआत की। इनमें मध्यप्रदेश के 33 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वर्चुअली जुड़े और भारतीय रेलवे के 41 हजार करोड़ रुपये की इन रेल परियोजनाओं का रिमोट के जरिए लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड़ ओवर ब्रिजों, अंडरपास का लोकार्पण-शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और पूरे करने के लिए दिनरात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। दशकों तक रेलवे को स्वार्थ भरी राजनीति का शिकार होना पड़ा, लेकिन अब भारतीय रेलवे देशवासियों की यात्रा में आसानी कर रही है। आज रेलवे इज ऑफ ट्रैवलिंग का हिस्सा बन गई है।

### गाजियाबाद के कड़कड़ मॉडल अंडरपास का शिलान्यास

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में रेलवे ने जनवरी 2019 में ही अपने ब्रॉड गेज ट्रैक नेटवर्क पर सभी मानवरहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म कर दिया है। अब ओवरब्रिज या अंडरपास के माध्यम से मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को भी हटाने पर जोर दिया जा रहा है। डॉ. वीके सिंह सोमवार को गाजियाबाद के ग्राम कड़कड़ मॉडल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

तृणमूल कांग्रेस पर भाजपा हमलावर, कहा

# 'बम, विस्फोट, बलात्कारी बचाओ' की है सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने संदेशखाली मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार 'मां, माटी, मानुष' की सरकार नहीं बल्कि वह अब 'बम, विस्फोट, बलात्कारी बचाओ' की सरकार है। यह सरकार पीड़ितों पर उंगली उठाने से तनिक भी नहीं हिचकिचाती। आरोपित शाहजहां शेख को सजा की बजाय राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा संरक्षण और सुरक्षा दी जाती है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को वहां के हाई कोर्ट की तरफ से सख्त टिप्पणी करते हुए फटकार लगाई गई है। यह बम, विस्फोट, बलात्कारी बचाओ की सरकार है। यहां हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए शाहजहां को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है लेकिन राज्य सरकार उसे बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शाहजहां शेख व्यवस्थित तरीके से शारीरिक शोषण का संस्थागत नेटवर्क चलाते हैं, जिसमें कम उम्र की अनुसूचित जाति की महिलाएं हैं। इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता पीड़ित महिलाओं पर ही ओछी टिप्पणियां कर रहे हैं। वो पीड़ित महिलाओं को आरएसएस की एजेंट बता रहे हैं। राज्य सरकार का यह तानाशाही और तालिबानी रवैया पीड़ित महिलाओं को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है।

### संदेशखाली हिंसा मामले में अजीत मैति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने संदेशखाली हिंसा मामले में संलिप्त टीएमसी नेता अजीत मैति को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, मैति को रविवार को ही हिरासत में ले लिया गया था, लेकिन पुलिस ने उसे स्थानीय महिलाओं के आक्रोश से बचाने के लिए सुरक्षित रखा था। दरअसल, उस पर स्थानीय लोगों ने जबरन जमीन हथियाने का आरोप लगाया था। इस आरोप को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उससे पूरी रात पूछताछ की। अब उसे सोमवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उसकी हिरासत की मांग कर सकती है।

## रूस के आक्रमण के बाद से 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए : जेलेंस्की

**एजेंसी। कीव**

राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि दो साल पहले रूस के आक्रमण करने के बाद से लगभग 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। राष्ट्रपति ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। बीबीसी ने जेलेंस्की के हवाले से कहा, इस युद्ध में 31 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि वह घायलों की संख्या नहीं बताएंगे, क्योंकि इससे रूसी सैन्य योजना को मदद मिलेगी। युद्ध में व्यापक नुकसान के बारे में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के क्षेत्रों में हजारों नागरिक मारे गए, लेकिन सही संख्या अज्ञात है।



बीबीसी ने उनके हवाले से कहा, मुझे नहीं पता कि उनमें से कितने मरे, कितने मारे गए, कितनों की हत्या की गई, यातनाएं दी गईं, कितनों को निर्वासित किया गया। अमेरिकी अधिकारियों पिछले साल अगस्त में मारे गए यूक्रेनी सैनिकों की संख्या 70 हजार बताई थी।

### मरियम नवाज पाक की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा ने सोमवार को पीएमएल-एन की मरियम नवाज को प्रांत और पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में चुना। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई। मरियम ने स्पष्ट किया, यह स्वाभाविक है कि जब लोग मेरी तरह उत्पीड़न का शिकार होते हैं, तो वे नफरत पालते हैं। मैं आज कहना चाहती हूं कि मैं बदला लेना नहीं चाहती, न ही मेरे मन में किसी के लिए नफरत है।

## 'लीकेज-घोटालों को रोकने से रेलवे के विस्तार को मिली दोगुनी गति'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। लीकेज और घोटालों को रोकने को अपनी सरकार की उपलब्धि के तौर पर गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजटीय आवंटन अधिक होने पर भी लीकेज से विकास बाधित होता है। 2014 से पहले की तुलना में नई रेलवे लाइनें बिछाने की गति दोगुनी हो गई है। युवाओं को आधुनिक परियोजनाओं का शीर्ष लाभार्थी मानते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनके लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। ह्यविकसित भारत युवा आकांक्षाओं का भारत है। वे युवाओं से कहना चाहते हैं, उनकी आकांक्षाएं ही मेरा संकल्प हैं! मेरे संकल्प के साथ आपके सपने और कड़ी मेहनत ही 'विकसित भारत' की गारंटी है। आधुनिक ढांचागत सुविधाओं को निवेश के लिए जरूरी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में हजारों स्टेशनों के आधुनिक होने पर भारतीय रेल की क्षमता बढ़ेगी और निवेश की एक बहुत बड़ी क्रांति आएगी। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को नये भारत की कार्यशैली का प्रतीक बताया और कहा कि अब भारत अभूतपूर्व स्तर पर अभूतपूर्व गति से काम कर रहा है। छोटी-छोटी आकांक्षाओं से अलग होकर आज का भारत बड़े सपने देखने और उन सपनों को जल्द से जल्द साकार करने की ओर बढ़ चुका है।



लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज का 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह

# डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए : राष्ट्रपति मुर्मू

### राष्ट्रीय मानव दूध बैंक व स्तनपान परामर्श केंद्र की स्थापना की गई है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नई दिल्ली में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) के 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान सिर्फ इलाज तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी जी ने भी चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है। इसलिए डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं बल्कि 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और क्लस्टर्ड रेगुलर इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट (सीआरआईएसपीआर) जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेगी और वन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। एलएचएमसी को अंग प्रत्यारोपण पुनर्प्राप्ति केंद्र के रूप में पंजीकृत किया गया है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध की समस्या को हल करने के लिए व्यापक एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया गया है और अन्य संस्थानों के सहयोग से आईड्रोन पहल के तहत ब्लड बैग डिलीवरी पर भी काम कर रही है। नॉर्वे सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय मानव दूध बैंक और स्तनपान परामर्श केंद्र 'वात्सल्य - मातृ अमृत कोष' की स्थापना की गई है। इस मौके पर राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि यह केंद्र स्तनपान के बारे में जागरूकता पैदा करने और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मददगार साबित होगा।




फिल्म जगत

## 'महारानी 3' में मेरा किरदार शांत लेकिन चुनौतीपूर्ण : अनुजा साठे

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनुजा साठे स्ट्रीमिंग राजनीतिक ड्रामा शो 'महारानी' के अपकमिंग तीसरे सीजन की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। एक्ट्रेस ने शेयर किया है कि शो में कीर्ति सिंह का उनका किरदार चुनौतीपूर्ण है। एक्ट्रेस ने कहा कि शुरूआत में उनके लिए बिहारी लहजा बोलना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन उनके डायलेक्ट कोच ने उन्हें भाषा की बारीकियों और उच्चारण में मदद की। इस पर विस्तार से बताते हुए, अनुजा ने कहा, "कीर्ति का किरदार शांत लेकिन संतुलित व्यक्ति के जैसा है, जबकि मैं व्यक्तिगत रूप से एक ऐसी व्यक्ति हूं जो सीधी-सादी है और अपने मन की बात खुलकर कहना पसंद करती है। यह काफी विरोधाभासी किरदार रहा है, मुझे खुशी है कि मैंने इस चुनौती को चुना। सुभाष सर के मार्गदर्शन से, मैं कीर्ति के किरदार को जीवंत बनाने में कामयाब रही। हालांकि, मैं अपने डायलेक्ट कोच को भी श्रेय देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे बिहारी लहजा सीखने में मदद की, जो शुरू में मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था।" एक्ट्रेस ने आगे कहा, "कीर्ति की यात्रा के बारे में दिलचस्प बात यह है कि वह अच्छे और बुरे के बीच की रेखा को कैसे पार करती है। न तो वह नायक है और न ही खलनायक, वह दोनों का मिश्रण है, जो उसके किरदार को और भी ज्यादा आकर्षक बनाता है। कीर्ति की कहानी को जीवंत करना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा है, और मैं हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

